हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान अहमदाबाद में क्रैश
दोपहर 1.38 पर किया था टेक ऑफ, 1.40 बजे एयरपोर्ट के पास मेघाणी नगर के एक बहुमंजिला मेडिकल हॉस्टल पर जा गिरा, विमान में 242 यात्री सवार थे

पायलट को 8200 घंटे और को पायलट को 1100 घंटे विमान **उड़ाने का अनुभव था**

## गृह मंत्री शाह-विमान में सवा लाख लीटर ईंधन था, बचाव का मौका नहीं मिला



विमान हादसे के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटनास्थल का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में पहुंच कर घायलों और एअर इंडिया विमान हादसे में एकमात्र जीवित शख्स से भी मुलाकात की। इसके बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू और गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल और तमाम शीर्ष ▸▸ शेष पेज 5 पर

# 2 मिनट में ही 241 यात्रियों की जिंदगी खत्म

एक यात्री जिंदा बचा, यह ब्रिटिश मूल का रमेश कुमार, विमान में पूर्व सीएम विजय रुपाणी भी सवार थे, बेटी व पत्नी से मिलने जा रहे थे गिटविक, उनका भी निधन






जिस हॉस्टल में विमान घुसा, वहां करीब 60 रेजिडेंट डॉक्टर मेस में खाना खा रहे थे, इनमें 8 की मौत, 20 घायल

### विमान में कितने यात्री सवार थे?


| 169 | 53 | 01 | 07 |
|---|---|---|---|
| भारतीय यात्री | ब्रिटिश नागरिक | कनाडाई नागरिक | पुर्तगाल के नागरिक |

पायलट व को-पायलट को मिलाकर क्रू मेंबर - 12

अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर ने की पुष्टि, मृतकों के रिश्तेदारों का लिया जाएगा डीएनए सैंपल

अहमदाबाद से अगले आदेश तक सारी उड़ानें रद्द, भोपाल अहमदाबाद उड़ान भी की गई रद्द

एयर इंडिया मृतक के परिजनों को देगा **1-1 करोड़ रुपए** मुआवजा राशि, मेडिकल हॉस्टल का कराएगा निर्माण



विमान का अगला हिस्सा (नोज) हॉस्टल की छत वाले अगले हिस्से में फंसा

◂ पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- यह हृदयविदारक, इसके लिए शब्द नहीं

◂ ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर व लंदन के मेयर ने भी जताई शोक संवेदना

◂ खबर मिलते ही पीएम मोदी व गृहमंत्री अमित शाह करते रहे मॉनिटरिंग

◂ उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू को तत्काल अहमदाबाद पहुंचाया गया

◂ 4 टीमें एनडीआरएफ की भेजी गईं, करीब 250 लोग राहत-बचाव कार्य में लगे

## जिंदा बचे यात्री रमेश विश्वास ने कहा-ये करिश्मे से कम नहीं

अहमदाबाद प्लेन हादसे में एक व्यक्ति जिंदा बचा है। जो अस्पताल में भर्ती है। घायल यात्री रमेश विश्वास कुमार का वीडियो सामने आया है। वह घटनास्थल



से खुद बाहर निकलते हुए नजर आ रहे हैं। रमेश ने बताया कि मैं प्लेन की 11ए पर बैठे थे। विश्वास ने कहा कि प्लेन फट गया, मेरा बचना करिश्मे से कम नहीं। उनके चेहरे पर जख्म हैं और वो लंगड़ाते हुए चलते नजर आए। रमेश ने बताया कि टेकऑफ के 30 सेकेंड बाद ही प्लेन जबरदस्त आवाज के साथ क्रैश हो गया। मुझे होश आया तो मेरे अगल-बगल लाशें ही लाशें थी। प्लेन के टुकड़े चारों तरफ बिखरे हुए थे। मुझे किसी ने उठाया और एम्बुलेंस में डाल दिया। मेरा भाई भी मेरे साथ प्लेन में सफर कर रहा था। प्लीज उसे ढूंढने में मेरी मदद कीजिए।

## डीजीसीए ने बताया पायलट ने मे-डे की कॉल की थी

डीजीसीए ने बताया कि विमान को कैप्टन सुमित सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे। डीजीसीए ने बताया कि विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट ने एटीसी को मेडे की कॉल की थी, लेकिन जब एटीसी ने एयरक्राफ्ट से संपर्क साधने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला। विमान उड़ान भरते ही एयरपोर्ट परिसर के बाहर गिर गया, जिसके बाद धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दिया।



**हेल्पलाइन नंबर**

एयर इंडिया ने हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 जारी किया

नागरिक उड्डयन मंत्रालय में एक परिचालन नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिया गया है। जिसका नंबर: 011-24610843। 9650391859 है

## धमाके की आवाज के साथ हॉस्टल धुआं-धुआं

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

यहां गुरुवार दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर बड़ा विमान हादसा हुआ है। सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एसवीपीआईए) से एयर इंडिया का बोइंग विमान (एआई -171) टेक ऑफ करने के 2 मिनट के भीतर ही अहमदाबाद के मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वह वहां बने एक मेडिकल हॉस्टल में जा घुसा। विमान में 242 यात्री सवार थे।

विमान अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रहा था। अब तक 241 यात्रियों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। एक यात्री जिंदा बचा है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह विमान 11 साल पुराना था। इसके पायलट सुमित सभरवाल को 8200 घंटे उड़ान का अनुभव था। को-पायलट क्लाइव सुंदर को 1100 घंटे विमान उड़ाने का अनुभव था। विमान ने 1 बजकर 38 मिनट पर टेक ऑफ किया था। करीब 625 फीट की ऊंचाई पर जाते ही वह नीचे की तरफ आ गया और मेघाणी नगर में बने एक


विजय रूपाणी

मेडिकल हॉस्टल में जा घुसा। उस वक्त हॉस्टल की मेस में मेडिकल छात्र व रेजिडेंट डॉक्टर खाना खा रहे थे। तेज धमाके की आवाज के साथ ही इमारत धुआं-धुआं हो गई। तीन डॉक्टरों की मौके पर ही मौत हो गई। 20 से ज्यादा घायल हो गए। इनके लिए तो जैसे आसमान से ही मौत आई थी। हादसा के बाद तत्काल राहत व बचाव के काम शुरु हो गए थे। इसकी निगरानी खुद पीएम मोदी व गृहमंत्री अमित शाह कर रहे थे। तत्काल ही नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू भी मौके पर जा पहुंचे। सीएम भूपेंद्र पटेल ने अपनी टीम के साथ वहां आपात व्यवस्थाओं को संभाला। अब हताहत हुए यात्रियों की पहचान करने के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल में यात्रियों के परिजनों के डीएनए सैंपल लेने की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव धनंजय द्विवेदी ने बताया कि पीड़ितों की पहचान के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज के कसोटी भवन में यह विशेष व्यवस्था की गई है। आपातकालीन जानकारी और परिजनों की सहायता के लिए अस्पताल प्रशासन ने दो हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। विमान के बीजे मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर्स हॉस्टल पर गिरने से भारी नुकसान हुआ है। गौर हो कि अहमदाबाद का इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का 8वां सबसे व्यस्त विमानक्षेत्र है। यहां से रोजाना औसत 250 विमान उड़ान भरी जाती हैं। एयरपोर्ट अहमदाबाद रेलवे स्टेशन से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर पड़ता है।

## पीएम मोदी आज जाएंगे अहमदाबाद

प्रधानमंत्री मोदी ने घटना पर एक्स पर दुख जताते हुए लिखा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं। सभी लोग प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।



पीएम मोदी ने नागरिक उड्डयन मंत्री से बात की और विमान हादसे की जानकारी ली। पीएम मोदी ने नागरिक उड्डयन मंत्री से कहा है कि वे सभी आवश्यक सहायता तत्काल उपलब्ध कराएं और स्थिति के बारे में नियमित रूप से अपडेट रहें। सभी संबंधित एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और समन्वित प्रयास जारी हैं। पीएम मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद जा सकते हैं।



### *डीजीसीए व एएआई के शीर्ष अधिकारी संपर्क में*

*नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने विमान हादसे पर कहा कि अहमदाबाद विमान हादसे की खबर से दुखी और हैरान हूं। हम अलर्ट पर हैं और मैं निजी तौर पर हालात की समीक्षा कर रहा हूं। सभी उड्डयन आपात एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समन्वय तरीके से और तेजी से कार्रवाई करें। बचाव टीमों को भी मौके पर भेजा गया है और चिकित्सा सुविधाओं को भी अलर्ट किया गया है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं विमान में सवार लोगों और उनके परिजनों के प्रति हैं। राम मोहन नायडू ने बताया कि वे डीजीसीए, एएआई के शीर्ष अधिकारियों के संपर्क में हैं।*

### *रेलवे ने दो शहरों के लिए शुरू की स्पेशल ट्रेनें*

*अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे के बाद भारतीय रेलवे ने एयरपोर्ट पर फंसे यात्रियों को निकालने के लिए स्पेशल एसी ट्रेन चलाई। ये ट्रेनें मुंबई और दिल्ली के लिए चलाई जाएंगी। एक ट्रेन रात 11.30 बजे अहमदाबाद से दिल्ली के लिए रवाना की गई। जबकि दूसरी ट्रेन रात 12 बजे अहमदाबाद से मुंबई के लिए चलाई गई।*

एक्स पर दिए बयान में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने अत्यंत दुख के साथ प्रकट की अपनी संवेदनाएं

# *दिल दहलाने वाले हैं विमान हादसे के दृश्य, यात्रियों व उनके परिजनों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं: कीर स्टार्मर*

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस दुर्घटना को लेकर जताया दुख

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

गुजरात के अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे को लेकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने गुरुवार को अत्यंत दुख के साथ अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। उन्होंने एक्स पोस्ट में दिए एक बयान में कहा कि कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन जा रहे विमान के भारतीय शहर अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने के दृश्य बेहद खौफनाक हैं। जैसे-जैसे तस्वीर साफ हो रही है। मुझे उसके बारे में पल-पल की जानकारी दी जा रही है। इस बेहद पीड़ादायक समय में मेरी संवेदनाएं विमान में सवार यात्रियों और उनके ▸▸ शेष पेज 5 पर

### पीएम मोदी, जयशंकर ने प्रकट की संवेदनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं, जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक्स पोस्ट में विमान दुर्घटना को लेकर कहा कि इसके बारे में जानकर गहरा आघात पहुंचा। हमारी प्रार्थनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं।





### कनाडा के पीएम ने जताया दुख

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने एक्स पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर से स्तब्ध हूं। जिसमें कुल 242 यात्री सवार थे। इनमें एक कनाडाई नागरिक भी शामिल है। विमान में सवार सभी लोगों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा के परिवहन अधिकारी अपने समकक्षों के साथ निकट संपर्क में हैं और इस त्रासदी पर प्रतिक्रिया के संबंध में मुझे नियमित रूप से जानकारी मिल रही है। कनाडा के नई दिल्ली स्थित उच्चायोग ने भी घटना को लेकर दुख जताया है।

### राहत अभियान में जुटी भारतीय सेना

इन सबके बीच राहत और बचाव अभियान (एचएडीआर) में स्थानीय प्रशासन को मदद पहुंचाने के लिए भारतीय सेना भी आगे आई है। उसके दल में कुल 130 सैन्यकर्मी शामिल हैं। सेना के अस्पताल को स्टैंडबाय पर रखा गया है। इसके अलावा सेना की प्रतिक्रिया में उसका इंजीनियरिंग दस्ता, जिसमें मलबा हटाने के लिए जेसीबी मशीन, मेडिकल टीमें (डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ के साथ), तुरंत कार्यवाही टीमें (क्यूआरटी), आग बुझाने वाली संपत्तियां और अनुभवी स्टाफ शामिल है। पुर्तगाल में भारतीय दूतावास ने एक्स पोस्ट में इस दुखद हादसे को लेकर दुख जताते हुए कहा कि हम इससे जुड़े हुए पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। तत्काल सहायता के लिए आपातकालीन नंबर-+351911991939 जारी किया गया है। विमान में पुर्तगाल के 7 लोग सवार थे। जिनके प्रति हम अपनी गहन संवेदनाएं जताते हैं।

## सफाई कर्मियों को तुरंत नियमित करने की मांग

नई दिल्ली। राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद (दिल्ली) यूनियन की मांग है कि दिल्ली नगर निगम में कार्यरत सभी सफाई कर्मियों को तुरंत नियमित किया जाए और उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें मेडिकल की सुविधा सेवारत में भी दी जाए और सेवानिवृत्त होने के बाद भी। यूनियन के अध्यक्ष दलीप कुमार बरवाला ने निगम प्रशासन से निवेदन किया है कि इस मामले में निगम की तरफ से सभी अस्पताल को यह सख्त निर्देश होना चाहिए कि किसी भी सफाई कर्मचारी को वह वापस ना करें। पता लगने पर सभी अस्पतालों को सफाई कर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर भर्ती करना चाहिए। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम के 12 जोनों और मुख्यालय में लगभग 70 हजार सफाई कर्मचारी अपनी लगन मेहनत और निष्ठा से दिल्ली को अपनी सेहत की भी परवाह ना करते हुए दिन-रात चमकाने में लगे रहते हैं लेकिन उनकी जायज तर्क संगत और संवैधानिक आवाज को सुनने वाला इस देश में कोई नहीं है।

यूनियन के अध्यक्ष दलीप कुमार कि इन सफाई कर्मियों में से अधिकतर आज भी अस्थाई और दैनिक वेतन पर काम कर रहे हैं। अनेक सफाई कर्मचारी तो 50 साल से ऊपर की उम्र पूरी कर चुके हैं।

### एक नाबालिग सहित तीन लोग गिरफ्तार

# उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में एक युवक की उसके दो रिश्तेदारों और एक नाबालिग ने कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जहीर अब्बास (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया है। वारदात को पुराने झगड़े के चलते अंजाम दिया गया।

पुलिस के अनुसार अब्बास का अपने रिश्तेदार कासिम (47) के साथ विवाद था। यह वारदात बुधवार रात करीब 10 बजकर 39 मिनट पर हुई। घटना के संबंध में सीलमपुर थाने को पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। इसके बाद पुलिस की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने से पहले ही जहीर के परिवार के सदस्य उसे अस्पताल ले जा चुके थे। अब्बास को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक सीट कवर सिलने वाली एक फैक्टरी में काम करता था। उसके पिता भी इसी व्यवसाय से जुड़े हुए है।

बुधवार रात कासिम ने अपने बेटे आसिफ और एक अन्य नाबालिग के साथ मिलकर अब्बास पर धारदार हथियार से हमला किया। अपराध एवं फोरेंसिक टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों की पहचान कासिम, उसके बेटे आसिफ (20) और 13 वर्षीय एक किशोर के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि कासिम, उसके बेटे आसिफ (20) को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि 13 वर्षीय एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। अपराध में प्रयुक्त धारदार हथियार बरामद करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## दिल्ली सरकार से निगम को नहीं मिली 820 करोड़ की राशि

नई दिल्ली। करीब एक सप्ताह पहले दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम को 870 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान करने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया था जिसमें वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए बेसिक टैक्स असाइनमेंट की पहली किस्त के तहत दिल्ली नगर निगम को दिल्ली सरकार से 820 करोड़ रुपये प्राप्त होने की बात कही गई थी। लेकिन यह राशि बृहस्पतिवार तक निगम को नहीं मिली है और निगम प्रशासन भी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। इसके चलते निगम कर्मचारियों में रोष है। निगम के शिक्षकों का कहना है कि अब केवल मई माह की सैलरी बकाया है और 18 हजार निगम शिक्षक के लगभग 2 से 5 लाख रुपए निगम पर बकाया है। निगम कर्मियों का यह भी कहना है कि दिल्ली में दिल्ली सरकार को 100 दिन पूरे हो चुके हैं और इस कार्यकाल में केवल दिखावा ही किया जा रहा है, जमीनी स्तर पर निगम कर्मियों को उनका हक नहीं दिया जा रहा है।

## नांगलोई में हाईटेंशन तारों की चपेट में आकर दो बच्चे झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नांगलोई इलाके में दो बच्चे हाईटेंशन तारों के संपर्क में आकर झुलस गये। दोनों को फिलहाल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हालत अभी स्थिरत बताई जा र ही है।

दमकल विभाग ने गुरुवार को जानकारी दी कि एक घर में आग लगने की घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। बिजली के तार के संपर्क में आने से दो नाबालिग लड़कों को करंट लगा और वह झुलस गए। बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे नांगलोई की सैनिक कॉलोनी में यह घटना घटी। डीएफएस के मुताबिक, आग की सूचना मिलने के बाद तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। डीएफएस के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों द्वारा दोनों बच्चों को अस्पताल पहुंचाया जा चुका था। इस दौरान घर में आग भी लग गई थी। दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। रात करीब साढ़े नौ बजे तक गाड़ियां वापस केंद्र पर लौट आईं। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि बिजली के तार के संपर्क में आने से झुलसे बच्चों के नाम सूर्यांश (10) और रितिक (9) हैं। सूर्यांश 35 और रितिक 19 फीसदी झुलसा है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 (2)(ii)Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अमिर पुत्रः मो. सईद, पताः** तीसरी मंजिल, गली नं. 8, चौहान बंगर, दिल्ली, **FIR No. 27964/2022, U/s 379/411 IPC,** थानाः रूप नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमिर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमिर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 27964/2022, U/s 379/411 IPC,** थानाः रूप नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अमिर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ0 राज कुमार सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05 (सैंट्रल)
कमरा नं. 241, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7488/N/2025 (Court Matter)


# स्वरूप नगर मर्डर केस में पांच आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ पैसों के लेनदेन के विवाद में की गई थी हत्या

स्वरूप नगर इलाके में बुधवार को सामने आये हत्या केस को पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर सुलझा लिया है। इस सिलसिले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम मनीष उर्फ बाबा, मोहम्मद साहिल, अर्जुन, पवन, और सनी बताये गये हैं। हत्या पैसों के लेनदेन के विवाद में की गई थी।

डीसीपी आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट हरेश्वर वी. स्वामी के अनुसार 11 जून को थाना स्वरूप नगर में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि बालाजी प्रॉपर्टी, 10 किल्ला, 35 फुटा रोड, गायत्री गौशाला, नंगली के सामने एक अज्ञात नग्न पुरुष का शव पड़ा है। घटनास्थल पर पहुंचने पर देखा कि मृतक का गला काटा गया था। उसके सिर, गर्दन, हाथ और पीठ पर भी कई चोटों के निशान थे। प्रारंभिक निरीक्षण से पता चला कि शव को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फेंका गया था। हत्या कहीं और की गई थी। बाद में मृतक की पहचान सोनू उर्फ समीर खान (25) पुत्र शान मोहम्मद, निवासी जी नंबर 8, सावन पार्क के रूप में हुई। कई जांच टीमें गठित की गई। स्वरूप नगर निवासी एक प्रत्यक्षदर्शी का पता चला। उससे पूछताछ की गई जिसमें बताया कि मंगलवार की शाम को जब वह सोनू के साथ भलस्वा डेयरी में एक दोस्त के घर पर था तो साहिल और मनीष उर्फ बाबा सहित पांच लोगों ने जो उसके परिचित थे उनका अपहरण कर लिया। उन्हें शिव मंदिर रोड, स्वरूप नगर, पीएनबी बैंक के पास मनीष (महक टेंट हाउस) के कार्यालय में ले गए। वहां पैसे के विवाद को लेकर मृतक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। जब चश्मदीद गवाह ने विरोध किया, तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई और यह आश्वासन देकर छोड़ने के लिए मजबूर किया गया कि ऋण की राशि वसूल होने के बाद मृतक को बिना किसी नुकसान के छोड़ दिया जाएगा। उसके बाद मनीष अपने कर्मचारियों के साथ सोनू को एक्सेंट कार में अपने गोदाम, 10 किल्ला, गायत्री गोशाला के पास ले गया। रात करीब 12 बजे गवाह को साहिल का फोन आया जिसमें बताया गया कि मृतक को छोड़ दिया गया है, लेकिन वह घर नहीं लौटा। सीडीआर विश्लेषण, सीसीटीवी विश्लेषण और अन्य तकनीकी निगरानी के आधार पर टीम इस मामले में सभी पांच आरोपियों को पकड़ लिया। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल कार के अलावा एक स्विफ्ट कार व एक मोटर साइकिल भी बरामद हुई।

## चीटिंग केस में फरार आरोपी झारखंड से पकड़ा

नई दिल्ली। धोखाधड़ी के मामले में घोषित अपराधी को साउथ एवेन्यू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अप्रैल 2024 से फरार था। इसका नाम अमर रविदास (32) बताया गया है। डीसीपी देवेश कुमार महला ने बताया कि आरोपी 2018 में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में आरोपी था। आरोपी कानूनी कार्यवाही से बचता रहा जिसके बाद 24 अप्रैल 2024 को पटियाला हाउस कोर्ट द्वारा उसे भगौड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया था। हाल ही में पुलिस को इसके झारखंड के धनबाद में होने का पता चला। टीम ने वहां पहुंचकर जाल बिछाया और धनबाद की स्थानीय पुलिस की सहायता से अमर रविदास को गिरफ्तार कर लिया।


## महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक

(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

### शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु प्रवेश सूचना

(विज्ञा. सं. पीआर-04 ऑफ 2025)

शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों/ संस्थानों/ केन्द्रों, म.द. विश्वविद्यालय, रोहतक और एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम द्वारा संचालित किए जा रहे एनईपी-2020 के तहत 2-वर्षीय पीजी डिग्री प्रोग्राम्स (भारतीय और विदेशी नागरिकों के लिए), एलएल.बी. (ऑनर्स) 3-वर्षीय, बी.पी.एड. और एम्प्लॉयबिलिटी एनहैंसमेंट सर्टिफिकेट कोर्सेज, पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम्स और 2-वर्षीय डीटीआईएसएल (केवल बधिर उम्मीदवारों हेतु) और डीआईएसएलआई (केवल सुनने वाले उम्मीदवारों हेतु) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन प्रपत्र जमा हेतु पोर्टल का खुलना | : 12.06.2025 |
| पीजी प्रोग्राम्स हेतु आवेदन प्रपत्र जमा हेतु अन्तिम तिथि | : 26.06.2025 |
| विदेशी नागरिकों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा हेतु अन्तिम तिथि | : 03.07.2025 |
| एम्प्लॉयबिलिटी एनहैंसमेंट सर्टिफिकेट कोर्सेज और डिप्लोमा / पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम्स के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा हेतु अन्तिम तिथि | : 12.07.2025 |

पात्रता शर्तों, सीटों की संख्या, शुल्क और अन्य विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध 2025-26 की विवरणिका ध्यानपूर्वक पढ़ें।

अद्यतन/परिवर्तन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

संवाद-1235/11/156/2026/35570/सी/88/7 दि. 12.06.25 रजिस्ट्रार


# बवाना में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

■ 15 दिनों से जारी किसान सम्मेलन हुआ सम्पन्न

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत बृहस्पतिवार को दिल्ली देहात के बवाना विधानसभा के नांगल ठाकरान एवं बाजितपुर गांव में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। बता दें कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार, विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 का क्रियान्वयन 29 मई से 12 जून, 2025 तक देशभर में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य देश भर के गांवों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कृषि की नवीनतम तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी को किसानों तक सीधा पहुंचाया गया। किसानों को वैज्ञानिक विधियों से खेती के लिए प्रेरित किया गया ताकि उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके और सतत एवं आत्मनिर्भर कृषि विकास को बढ़ावा मिल सके। आईएआरआई, पूसा, के प्रधान वैज्ञानिक डॉ राम स्वरूप बाना ने जल संरक्षण की तकनीकियों पर विशेष से ध्यान देते हुए विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम के शुरुआत में कृषि विज्ञान केंद्र, दिल्ली के अध्यक्ष डॉ डी के राणा ने सभी वैज्ञानिकों एवं किसानों का स्वागत करते हुए बताया कि तकनीक एवं अनुसंधान को किसानों के खेतों पर पहुंचाने में कृषि विज्ञान केंद्रो का महत्वपूर्ण योगदान है एवं यह खेती व किसानों को समृद्ध करने के लिए 'लैब टू लैंड' विजन के साथ ज्ञान की किरण खेतों तक पहुंच रही है एवं अनुसंधान पर वैज्ञानिक किसानों के साथ सीधा संवाद करके किसानों की समस्याएं दूर की जा रही है।

# ई-रिक्शा से पांच लाख चुराने वाले दो लोग किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तरी जिले की लाहौरी गेट पुलिस ने चोरों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इन्होंने ई-रिक्शा में सवार यात्री के 5 लाख रुपये चुराये थे। चोरी की गई पूरी रकम बरामद कर ली गई। अपराध में इस्तेमाल किया गया ई-रिक्शा भी जब्त किया गया है। दोनों आरोपी गुजरात के रहने वाले हैं और भोले-भाले लोगों को ई-रिक्शा पर सवारी कराने का लालच देकर अपना शिकार बनाते थे। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी अपने पैतृक गांव भाग जाते थे।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किये गये दोनों चोरों के नाम शंकर उर्फ मोहित और महेंद्र परमार है। 9 जून को ई-रिक्शा में यात्रा करते समय एक व्यक्ति के बैग से 5 लाख रुपये चोरी हुये थे। पीड़ित दिनेश कुमार निवासी गांव मवई-शाहगंज, जिला जौनपुर, उत्तर प्रदेश ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह पिछले 15 वर्षों से आजाद मार्केट में एक दुकान पर काम करता है। अपने मालिक के निर्देशानुसार उसने कूचा घासी राम से 5 लाख रुपये नकद कलेक्ट किये और उन्हें एक बैग में रखकर पैदल अपने कार्यस्थल के लिए निकल पड़ा। लगभग सवा चार बजे वह एसपीएम-टी-पॉइंट पर पहुंचा और आजाद मार्केट के लिए एक ई-रिक्शा किराए पर लिया। उस ई-रिक्शा में, दो महिलाएं और एक पुरुष व्यक्ति पहले से ही पीछे और आगे की सीटों पर बैठे थे। जबकि एक अन्य पुरुष व्यक्ति भी चालक के साथ सीट साझा कर रहा था। रास्ते में जब वे नॉवेल्टी सिनेमा के पास पहुंचे तो ड्राइवर के साथ बैठा व्यक्ति उसकी सीट पर आ गया। इसके बाद वे पीली कोठी पहुंचे तो ई-रिक्शा चालक ने आगे जाने से मना कर दिया। इसलिए उसे वहीं उतार दिया गया और वह पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन की ओर लौट आया। जब उसने बैग चेक किया तो उसकी चेन खुली हुई थी और उसमें रकम गायब थी। लगभग 100 सीसीटीवी कैमरों की जांच पुलिस द्वारा की गई। इसके बाद ई-रिक्शा चालक की पहचान की गई। इसके बाद सुल्तानपुरी बी ब्लॉक से शंकर को गिरफ्तार किया गया। बिना नंबर प्लेट के अपराध में इस्तेमाल किए गए ई-रिक्शा को भी उसके घर के पास से बरामद किया। उसने एक महिला सहित अपने सह-आरोपियों के सहयोग से यात्री के बैग से पैसे चोरी करने के वर्तमान अपराध को करने में अपनी भूमिका कबूल की। इसके बाद उसके एक सहयोगी महेंद्र परमार को भी चंदर विहार, मीरा बाग इलाके से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी की गई पूरी रकम बरामद हो गई। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि वे गुजरात के भावनगर जिले के रहने वाले हैं और करीब छह महीने पहले ही कमाई के लिए दिल्ली आए थे। नशे की लत के कारण दोनों आरोपी अपनी कमाई से संतुष्ट नहीं थे, इसलिए वे चोरी और जेबकतरी जैसे अपराध करने लगे। दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने इस वारदात को अपनी सहयोगी (गीता नाम की महिला) के साथ मिलकर अंजाम दिया था। महिला फरार चल रही है। उसे गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 23 जून 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962006314 | कपूर सिंह |
| 085962006363 | विनोद कुमार |
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362002659 | नरेश पाल |
| 093362005344 | सुरेन्द्र सिंह |
| शाखा का नाम : अम्बाला कैंट – गुलाटी मार्केट | |
| 139862001961 | गुरप्रीत सिंह |
| शाखा का नाम : अम्बाला – निकलसन रोड | |
| 635262602480 | गुरजीत सिंह |
| शाखा का नाम : असंध | |
| 215862003606 | संजु सिंह |
| शाखा का नाम : बालसमंद | |
| 661262602097 | अजय अजय |
| शाखा का नाम : बरवाला, हरियाणा | |
| 359062001636 | सत्यवान एस |
| 359062002173 | रमन कुमार |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072962003682 | दिनेश कुमार |
| शाखा का नाम : चीका | |
| 086005007004 | कोमल प्रीत कौर |
| शाखा का नाम : धारूहेड़ा | |
| 162962001913 | संजय ना |
| शाखा का नाम : ऐलनाबाद, हरियाणा | |
| 359462002624 | नरेश कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – नीलम बाटा | |
| 661362602579 | रामनिवास रामनिवास |
| 661362602944 | संदीप कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सैनिक कॉलोनी | |
| 235862001208 | कप्तान कप्तान |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर-09 | |
| 531262000035 | नीरज जुयाल |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सैक्टर-79 | |
| 732362000652 | कंचन |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सैक्टर-16 | |
| 008362018741 | सुशील कुमार पांडे |
| 008362018779 | आकाश गुप्ता |
| शाखा का नाम : फतेहाबाद | |
| 093262005208 | कृष्ण कुमार |
| शाखा का नाम : गन्नौर, हरियाणा | |
| 359262001411 | सुदेश सुदेश |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : गुड़गांव – न्यू रेलवे रोड | |
| 424462001004 | रामअवतार शर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – पालम विहार | |
| 245262000841 | रितु राज |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सैक्टर-4 | |
| 244862001315 | सौरभ यादव |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – बादशाहपुर | |
| 085862002458 | सरिता देवी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सैक्टर-14 | |
| 002162032297 | श्वेता जयसवाल |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सैक्टर-31 | |
| 114462002128 | वरुण वर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सोहना | |
| 091162000947 | राजेश कुमार |
| शाखा का नाम : गुरुग्राम – सैक्टर-37डी | |
| 432162001129 | राजेश कुमार यादव |
| शाखा का नाम : इन्द्री, हरियाणा | |
| 359662001670 | कपिल कुमार |
| शाखा का नाम : इसराना | |
| 211762001568 | नवीन |
| 211762001636 | सचिन |
| शाखा का नाम : जाखल, हरियाणा | |
| 356562002192 | सुखविन्दर कौर |
| शाखा का नाम : काखेरी | |
| 456162000138 | सुदेश रानी |
| शाखा का नाम : कालांवाली, हरियाणा | |
| 359862001457 | गुरविंदर सिंह |
| शाखा का नाम : कलायत | |
| 378862001648 | गुरमीत |
| 378862001653 | सोनू सोनू |
| शाखा का नाम : कालका | |
| 086262002668 | पंकज शर्मा |
| शाखा का नाम : करनाल | |
| 017362006642 | पवन कुमार |
| शाखा का नाम : करनाल-सैक्टर-3 | |
| 248062000962 | पवन कुमार |
| शाखा का नाम : कोसली | |
| 451562000117 | बिरमति देवी |
| शाखा का नाम : लाडवा, हरियाणा | |
| 359162001697 | सुखबीर सिंह |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : महम | |
| 382562000669 | मुकेश देवी |
| 382562001430 | सिकंदर सिकंदर |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862006448 | परगट सिंह |
| 197862006525 | आशा रानी |
| शाखा का नाम : मनेठी | |
| 480062000049 | चम्पा चम्पा |
| शाखा का नाम : नारनौल | |
| 159062000955 | आशीष कुमार |
| 159062002664 | मि. विनोद |
| 159062003471 | सुनील कुमार |
| 159062003717 | ललिता |
| शाखा का नाम : पलवल – जी.टी. रोड | |
| 427462001101 | तरूणा तरूणा |
| शाखा का नाम : पंचकूला – अर्बन एस्टेट | |
| 093562001631 | रविन्दर बालसोत्रा |
| शाखा का नाम : रेवाड़ी | |
| 662062600820 | अक्षय कुमार |
| शाखा का नाम : सांपला | |
| 073262001728 | दीपक दीपक |
| शाखा का नाम : टोहाना | |
| 282862004018 | करनैल सिंह ढिल्लों |
| शाखा का नाम : चण्डीगढ़ – सैक्टर-9सी | |
| 001362014450 | शुभम शुभम |
| शाखा का नाम : दिल्ली – पुष्प विहार | |
| 336062001187 | रिषभ त्यागी |
| शाखा का नाम : मुल्लांपुरगरीबादास | |
| 173162000632 | पूजा मलिक |
| 173162000633 | पूजा मलिक |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – साउथ एक्सटेंशन-II | |
| 039662005005 | प्रशांत प्रवीन |
| शाखा का नाम : पांवटा साहिब | |
| 140762000995 | तेज बहादुर सिंह |
| शाखा का नाम : रमन | |
| 397862002164 | हरबंस लाल |
| शाखा का नाम : साहिबाबाद | |
| 025562006310 | योगेश कुमार |
| शाखा का नाम : तलवंडीसाबो | |
| 150762006522 | संदीप सिंह |

दिनांक : 13.06.2025
स्थान : अम्बाला, गुरुग्राम, हिसार, जीन्द, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, कैथल, फरीदाबाद, भिवानी, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, पलवल, महेन्द्रगढ़, यमुनानगर, रेवाड़ी, पानीपत, चरखी दादरी, फतेहाबाद, गुड़गांव

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# सुल्तानपुरी हत्या केस में शामिल दो आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुल्तानपुरी और बाहरी जिले के एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने 24 घंटे के भीतर हत्या का मामला सुलझा लिया है। हत्या के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक आरोपी पहले भी चोरी के एक अन्य मामले में शामिल रहा है। अपराध में इस्तेमाल चाकू जब्त कर लिया गया है। डीसीपी सचिन शर्मा के अनुसार बुधवार को पुलिस स्टेशन सुल्तानपुरी में झुग्गी नंबर ई-6/120 में झगड़े के बारे में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। कॉल को तुरंत एसआई सोमबीर को हैंडओवर की गई। वह तुरंत अन्य स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पता चला कि घायल व्यक्ति को पहले ही पीसीआर वैन द्वारा संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया जा चुका है। अस्पताल पहुंचने पर मुन्ना सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। वह शटरिंग आयरन वर्कर के रूप में काम करता था। मृतक के शरीर पर चाकू के दो घाव थे। प्रारंभिक जांच से पता चला कि मृतक और उसके पड़ोसियों के बीच मामूली कहासुनी हुई थी, जिसके दौरान आरोपियों में से एक ने उसे धारदार हथियार से वार किया। जांच टीम को मुखबिर से पता चला कि दोनों संदिग्ध आरोपी मंगोलपुरी के कतरन मार्केट इलाके में देखे गए हैं। पुलिस ने जाल बिछाया और दोनों को सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। आरोपियों के नाम नरेश और धर्मेंद्र है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में कि.मी. 81.90 पर कलानौर से कैल रोड पर आरओबी के नीचे अण्डरपास का निर्माण। | 10.06.2025 19.06.2025 | 106.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | प्रांतीय मण्डल लोनिवि भ व प शाखा यमुनानगर, निर्वाचन क्षेत्र रादौर (ग्रुप-1) के तहत विभिन्न सड़कों पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण द्वारा सड़कों की मरम्मत। (आईडी 576, 582, 544, 534, और 572 (2025-26)। | 11.06.2025 20.06.2025 | 330.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में (हैड-5054-ग्रुप-2 के तहत) कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मण्डल, लोनिवि भ व प शाखा पलवल में हथीन निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न 4 अदद रोड्स को चौड़ा करने / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत, लिंक रोड से पहाड़पुर कुकरचट्टी (आईडी 3366) आरडी 0.00 से 1.50 कि.मी., अप्रोच रोड से रनसिका (आईडी 3401) आरडी 0.00 से 2.30 कि.मी., लिंक रोड से दुरेंची (आईडी 3410) आरडी 0.00 से 1.40 कि.मी. और अप्रोच रोड से लडमाकी वाया बाबूपुर (आईडी 3400) आईडी 0.00 से 2.60 कि.मी. (जीएसटी के बिना) + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 19.06.2025 | 2379.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में हथीन निर्वाचन क्षेत्र के तहत मंडकोला से हथीन रोड (आईडी 3398) आरडी 0.00 से 11.34 कि.मी. पर 5.50 से 7.00 मी. चौड़ा करने/मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) (हैड-5054-ग्रुप-7 के तहत) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 23.06.2025 | 777.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरुग्राम में आयुक्त कार्यालय का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 17.06.2025 | 19.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव अलीपुर खालसा ब्लॉक घरौंडा, जिला करनाल में महिला मीटिंग हॉल का निर्माण + 2 कार्य। | 11.06.2025 19.06.2025 | 24.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | आयुष विभाग जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, कुरूक्षेत्र | आईवाईडी 2025 के अवसर पर ड्रोन शो के लिए सेवाओं को किराये पर लेने के सम्बन्ध में निविदा। | 08.06.2025 15.06.2025 | ईएमडी 2 लाख | www.kurukshetra.gov.in | 9729133007 daokkr13@gmail.com |
| 8 | आयुष विभाग जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, कुरूक्षेत्र | आईवाईडी 2025 के अवसर पर प्रिंटिंग और ब्रांडिंग के लिए सेवाओं को किराये पर लेने के सम्बन्ध में निविदा। | 10.06.2025 16.06.2025 | ईएमडी 2 लाख | www.kurukshetra.gov.in | 9729133007 daokkr13@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/160/35584/I/88/7 दि. 12.06.25

### नागरिक-कल्याण और बुनियादी ढांचे से जुड़ी मुख्य परियोजनाएं की गई पारित

# एनडीएमसी की ताकत और सफलता की आधारशिला हैं कर्मचारी : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के कर्मचारी ही एनडीएमसी की असली ताकत और सफलता की आधारशिला है और इसके चलते उनके कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एनडीएमसी की दूसरी काउंसिल बैठक में बृहस्पतिवार को एनडीएमसी सदस्य और दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' विजन' से प्रेरणा लेते हुए निर्देश दिया कि 'सभी लंबित पेंशन मामलों का निपटारा 30 जून तक' और 'एमएसीपी मामलों का निपटारा 31 जुलाई तक' किया जाए। साथ ही, 'सेवानिवृत्त कर्मियों के सभी बकाया भुगतान को शीघ्र अति शीघ्र पूरा करने' पर भी बल दिया। एनडीएमसी से मिली जानकारी के अनुसार यह बैठक प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एनडीएमसी क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार, कर्मियों के कल्याण और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई और उन्हें पारित किया गया। बैठक में सांसद बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्र, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल, विधायक एवं एनडीएमसी सदस्य वीरेंद्र सिंह कादियान, पार्षदगण अनिल वाल्मीकि और सरिता तोमर उपस्थित रहे।

प्रवेश वर्मा ने यह भी बताया कि परिषद ने 'पूर्व एनडीएमसी कर्मियों के पति/पत्नी/वार्ड के नाम पर आवंटित टाइप-1 और टाइप-2 क्वार्टरों के नियमितीकरण के लिए एक बार की नीति में विशेष छूट' को मंजूरी दी है। यह छूट 'उन मामलों में भी लागू होगी जहां आवेदन स्वीकार्य प्रतिधारण अवधि के बाद किया गया हो, और 'ऐसे मामलों में अर्जित बकाया राशि माफ की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि इस निर्णय का 'व्यापक प्रचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी पात्र कर्मियों को समान रूप से इसका लाभ मिल सके'।

#### बिजली-पानी के मीटरों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाना चाहिए : बांसुरी

बैठक में सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि 'खराब बिजली और पानी के मीटरों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाना चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से इन आवश्यक सेवाओं को अपग्रेड करने से पारदर्शिता और कार्यक्षमता बढ़ेगी, जिससे सभी नागरिकों को बेहतर और लाभकारी सेवाएं मिलेंगी।

#### पीएम मोदी के संकल्प को करेंगे साकार : चहल

परिषद बैठक के बाद एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने एक प्रेसवार्ता में बताया कि परिषद द्वारा जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, वे सभी नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने और शहर के आधारभूत ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, ताकि राजधानी क्षेत्र को एक स्मार्ट, स्वच्छ और नागरिक अनुकूल मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

## भाजपा सांसद ने मोदी सरकार के कार्यों का रखा लेखा जोखा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र : मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर गिनाई उपलब्धियां

दिल्ली भाजपा महामंत्री एवं सांसद कमलजीत सहरावत ने बृहस्पतिवार को एक प्रेसवार्ता कर मोदी सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल पूरे होने पर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का लेखा जोखा रखा। सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि पिछले 11 साल नए भारत की तस्वीर, वह तस्वीर जिसमें विकास की ओर बढ़ते हुए कदम और समाज कल्याण को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सफर भी हमने देखा। हाई-वे का जाल बिछने से पर्यटन और व्यापार दोनों बढ़े हैं। जम्मू कश्मीर को रेल से जोड़ना अपने आप में ऐतिहासिक है। 142 वंदे भारत ट्रेन, 74 से 162 एयरपोर्ट होना, मेट्रो जो 2014 से पहले सिर्फ 5 शहरों में होती थी और आज 23 मेट्रो शहर है। हमारा डिजिटल सिस्टम पूरे विश्व में एक नंबर पर है। इस मौके पर पश्चिमी दिल्ली जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल बख्शी और नजफगढ़ जिला अध्यक्ष राज शर्मा गौतम, प्रदेश प्रवक्ता डॉ ममता त्यागी, अमरजीत सिंह एवं पंकज सिंह उपस्थित थे।

कमलजीत सहरावत ने कहा कि कोविड के वक्त पूरे विश्व ने भारत का लोहा माना और वैक्सीन जो स्वनिर्मित थी वह सिर्फ हम सभी भारतवासियों को ही नहीं मिली बल्कि विश्व के 100 देशों को वैक्सीन मुफ्त में देकर भारत ने मदद की। इसके साथ ही विकास और विरासत एक साथ चले इसके लिए लगातार मोदी सरकार ने काम किया। वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के लिए आवाज उठाने बाद आज पूरे विश्व में भारत का नाम का डंका बजा हुआ है।

कमलजीत सहरावत ने पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में किए गए कार्यों को ब्यौरा देते हुए कहा कि 500 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा भारत वंदना पार्क काफी आकर्षक बन रहा है मुझे उम्मीद है कि इसे देखने के लिए लोग दूर दूर से आएंगे। यशोभूमि जिसमें विश्व के किसी भी हाई लेवल कार्यक्रम को किया जा सकता है। 26 हजार करोड़ की लागत से बन रहा यशोभूमि का एक पार्ट तैयार हुआ है जहां प्रतिदिन कोई ना कोई अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम होते हैं। उन्होंने कहा कि सेक्टर 19 में बन रहा मल्टी स्पोर्ट्स एरिना एक ऐसा ग्राउंड है जो 40 हजार क्षमता वाला है जहां क्रिकेट एवं फुटबाल दोनों खेल होंगे।

## खबर संक्षेप

### सूरज के कड़े तेवरों के चलते अधिकतम तापमान 45 डिग्री पार

**नई दिल्ली।** गत कई दिनों से भीषण गर्मी की मार झेल रहे दिल्ली वालों की परेशानी गुरुवार को भी कम नहीं हुई। सूरज के कड़े तेवरों के चलते दिल्ली में अधिकतम तापमान 45 डिग्री पार पहुंच गया, लेकिन हीट इंडेक्स के चलते भीषण गर्मी की मार 50 डिग्री सेल्सियस तक महसूस की जा रही है। हीट इंडेक्स का मतलब अधिकतम तापमान व आद्रता का मिश्रण मिलकर गर्मी को और ज्यादा बढ़ा देता है। यही कारण है कि इन दिनों दिल्ली वालों को हीट इंडेक्स के चलते 50 डिग्री तापमान जैसा महसूस हो रहा है। भारतीय प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार को दिल्ली के पीतमपुरा में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ, जो सबसे अधिक रहा। जबकि सफदरजंग वेधशाला जो कि दिल्ली का अधिकृत तापमान माना जाता है में 43.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा जो सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा है। वहीं पालम में 43.9 डिग्री, लोधी रोड़ 42.8 डिग्री, रिज एरिया 44.2 डिग्री, राजघाट 40.8 डिग्री, पूसा 41.9 डिग्री, नजफगढ़ 41 डिग्री और मयूर विहार में 43.1 अधिकतम डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### नवनियुक्त बीएलए के साथ यादव ने की औपचारिक मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय राजीव भवन पहुंचे नवनियुक्त बीएलए-1 व बूथ पदाधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर यादव के अलावा दिल्ली बूथ मैनेजमेंट कमेटी चेयरमैन राजेश गर्ग, पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र नाथ, राजेंद्र तंवर आदि मौजूद थे। इस मौके पर यादव ने सभी नवनियुक्त बीएलए-1 व बूथ अध्यक्षों व अन्य पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर यादव ने संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया। इसके अलावा यादव ने सभी बीएलए को चुनाव संबंधी प्रक्रिया में उनकी अहम भूमिका को लेकर चर्चा की। यादव ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी बीएलए की भूमिका मतदान के समय अहम होती है। बीएलए को अपने क्षेत्र के मतदाताओं के बाद पूरी जानकारी होनी चाहिए। जबकि मतदाताओं को भी मालूम होना चाहिए कि आप कांग्रेस पार्टी के बीएलए हो।

### निगम स्थायी समिति चुनाव

## भाजपा की सत्या शर्मा बनीं अध्यक्ष और सुन्दर उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में पिछले ढाई साल में कोई विकास कार्य नहीं हुआ लेकिन अब विकास की दिशा में सकारात्मक कार्य किये जायेंगे और इसके लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्या शर्मा ने गुरूवार को यह बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि हमारा उद्देश्य है समर्पित भाव से काम करके दिल्ली को साफ सुन्दर और स्वच्छ बनाना है। बता दें कि गुरूवार को दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति का चुनाव संपन्न हुआ। भाजपा की सत्या शर्मा 11 वोटों के साथ स्थायी समिति की अध्यक्ष निर्वाचित हुई। आम आदमी पार्टी के उनके प्रतिद्वंदी प्रवीण कुमार को 7 मत हासिल हुए। वहीं स्थायी समिति के उपाध्यक्ष के पद पर भाजपा के सुन्दर सिंह ने कब्ज़ा किया उन्होंने आप की मोहिनी जीनवाल को हराया। सुन्दर सिंह को 11 और मोहिनी जीनवाल को 7 वोट मिले। स्थायी समिति के सभी 18 सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। वहीं, नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्या शर्मा ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। सभा में सभी ने 2 मिनट का मौन रखा।

#### हम सभी मिलकर विकास के नये आयाम हासिल करेंगे : महापौर

दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने भाजपा के दोनों सदस्यों की जीत पर कहा कि स्थायी बनने के बाद हम सभी मिलकर विकास के नये आयाम हासिल करेंगे। बता दें कि स्थायी समिति के इस महत्वपूर्ण चुनाव में महापौर राजा इक़बाल सिंह ने पीठासीन अधिकारी के तौर पर अध्यक्ष, स्थायी समिति का चुनाव करवाया और चुनाव जीतने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को शुभकामनायें दी।

## डीटीसी बस स्टैंड्स को बनाया जाए यात्रियों के अनुकूल : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा क्षेत्र को लेकर की बैठक

क्षेत्र के सभी बस स्टैंड्स को आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जाए, जिसमें यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था, छांव, पीने के पानी और स्वच्छता जैसी सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित हों। परिवहन व्यवस्था तभी प्रभावी मानी जाएगी जब वह यात्रियों के लिए सुलभ और सुविधाजनक हो। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को उत्तर-पश्चिम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभाओं में चल रहे विकास कार्यों और उनसे संबंधित समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में यह बाते कही। उन्होंने बैठक में दिल्ली परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बस स्टॉप्स की स्थिति का भी जायजा लिया जाए। इस बैठक में संबंधित क्षेत्र के सांसद योगेंद्र चंदोलिया, विधायक कुलवंत राणा, राजकुमार चौहान, अहीर दीपक चौधरी, राज करण खत्री, गजेंद्र दराल, मनोज कुमार शौक़ीन और सभी सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सड़क नेटवर्क, जल आपूर्ति, नालों की सफाई, स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास परियोजनाओं को तय समयसीमा के भीतर, उच्च गुणवत्ता के साथ और प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द इन योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में सड़क, जल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट और नालों की सफाई आदि को लेकर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता और प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। डॉ भीमराव अंबेडकर अस्पताल का नया ब्लॉक जल्द करने के लिए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## झुलसती गर्मी में आगंनबाड़ी केंद्रों में आने को मजबूर हैं प्री-स्कूल के बच्चे

दया राम ⏭ नई दिल्ली



- छत पर लगा हुआ पंखा भी दे रहा है गर्म हवा

दिल्ली में झुलसती और कहर बरपाती गर्मी में आगंनबाड़ी केंद्रों में प्री-स्कूल के बच्चों को बुलाया जा रहा है और इन छोटे-छोटे बच्चों के परिजन भी तेज गर्मी को देखते हुए बच्चों को आगंनबाड़ी केंद्रों में भेजने में आनाकानी करते नजर आ रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छत पर लगा हुआ पंखा भी गर्म हवा दे रहा हैं और गर्मी में पीने के साफ पानी की दिक्कतें भी हो रही है। इसके अलावा जानकारी मिली है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले कुछ बच्चों को उल्टियों व दस्त की भी शिकायतें बताई गई हैं। बता दें कि एक तरफ जहां स्कूल-कॉलेजों में गर्मियों की छुट्टियां जारी है वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित होने वाले दस हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री स्कूल के बच्चे बुलाए जा रहे हैं। छुट्टियों के संबंध में महिला बाल विकास विभाग में विशेष निदेशक डॉ. नवलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में जल्द विचार किया जाएगा। भीषण गर्मी के बीच बृहस्पतिवार को पारा 43 डिग्री पार देखा गया। सुबह 8 बजे से ही धूप की तपिश लोगों को घरों में रहने को बेबस कर रही है। मगर 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के ऊपर ना तो किसी का ध्यान है और ना ही सरकार और प्रशासन को तरस आ रहा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर आंगनबाड़ी कंद्रों की कार्यकर्ताओं ने बताया कि बच्चों के परिजन भी नहीं चाहते हैं कि गर्मी में बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजा जाए लेकिन आंगनबाडी केंद्र से नाम कटने के डर से कुछ परिजन भेजने को मजबूर हैं।

### सीएम ने धर्मशिला अस्पताल में 3डी मैमोग्राफी यूनिट का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार धर्मशिला नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एक अत्याधुनिक 3 डी मैमोग्राफी यूनिट का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह मैमोग्राफी यूनिट विशेष रूप से महिलाओं के लिए स्तन कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान करने की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे समय रहते इलाज संभव हो सकेगा। यह यूनिट पूरी तरह डिजिटल तकनीक से लैस है और नवीनतम स्वास्थ्य उपकरणों के माध्यम से त्वरित और सटीक जांच की सुविधा उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जो जब किसी घर में दस्तक देती है, तो पूरा परिवार मानसिक वेदना से गुजरता है। लेकिन आज जिस तरह चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति हुई है, उससे समय पर पहचान और इलाज संभव हो पाया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में पिछले एक दशक से जो स्थायी नियुक्तियां ठप पड़ी थीं चाहे डॉक्टर हों, नर्स हों या पैरामेडिकल स्टाफ उन्हें भी सक्रिय रूप से पुनः शुरू किया गया है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारी सरकार ने 1300 से ज्यादा नई स्थायी नर्सों की नियुक्ति की है।

### तत्कालीन 'आप' की सरकार में शिक्षा मंत्री सिसोदिया के समय का मामला

# एलजी ने कक्षाओं के निर्माण में अनियमितताओं के आरोपी कार्यकारी अभियंता पर दी कार्रवाई की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सरकार के समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में अनियमितता बरतने के आरोपी पूर्व कार्यकारी अभियंता (पीडब्ल्यूडी) एस.आर. मीना के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को मंजूरी दे दी है। एलजी सक्सेना ने सतर्कता निदेशालय के उस प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जिसमें पूर्व कार्यकारी अभियंता (पीडब्ल्यूडी) एस.आर. मीना के खिलाफ सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965 के नियम -14 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की सिफारिश की गई थी। एसआर मीना फिलहाल अमृतसर में सीपीडब्ल्यूडी में कार्यरत हैं। यह मामला तत्कालीन आम आदमी पार्टी की अरविंद केजरीवाल की सरकार में शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के समय का है। राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि इस मामले में मंजूर फंड को एक स्कूल से दूसरे स्कूल में ट्रांसफर किया गया जिसमें कक्षाओं की जगह हॉल बनाए गए। अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने का यह निर्णय समग्र शिक्षा अभियान के कार्यान्वयन में सामने आई गंभीर अनियमितताओं के बाद



लिया गया है, जो दिल्ली में शैक्षिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्र द्वारा शुरू की गई पहल है। इसके तहत विभिन्न स्कूलों में 226 कक्षाओं के निर्माण के लिए 38.37 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। जानकारी अनुसार मामले की जांच में पीडब्ल्यूडी की ओर से कई खामियां उजागर हुईं थीं, जिनमें त्रिनगर स्कूल में 20 कक्षाओं के निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि को रानी बाग स्कूल में ट्रांसफर करना और आवश्यक मंजूरी के बिना एक बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण करना शामिल है।

एक नागरिक अधिकार समूह सोशल ज्यूरिस्ट बनाम दिल्ली सरकार और अन्य शीर्षक से दायर एक जनहित याचिका के बाद मामले ने तूल पकड़ा था। यह याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय में 11 जून 2019 को दायर की गई थी, जिसमें सरकार को छह नवनिर्मित स्कूल भवनों का कब्जा सौंपने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इसके बाद तत्कालीन मुख्य सचिव ने मामले की जांच की, जिसमें निर्माण के दौरान और फंड प्रबंधन में कई गंभीर खामियां उजागर हुईं। तत्कालीन मुख्य सचिव ने 26 मार्च 2024 को इन आरोपों की गहन जांच के लिए एक समिति का गठन किया। जिसके बाद 9 मई 2024 को समिति की रिपोर्ट से पीडब्ल्यूडी की ओर से कई खामियां सामने आईं। जिसमें त्रिनगर स्कूल में 20 कक्षाओं के निर्माण के लिए, रानी बाग स्कूल में धनराशि का डायवर्सन और आवश्यक मंजूरी के बिना एक बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण करना शामिल है।

## अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करें बिजली कंपनियां : आशीष सूद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बढ़ते हुए बिजली के लोड को देखते हुए दिल्ली की सभी बिजली कंपनियां अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करें। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने बृस्पतिवार को दिल्ली में बिजली की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए बिजली कंपनी और ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक में बिजली कंपनी के अधिकारियों को यह निर्देश दिए और बैठक के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। बैठक में तीनों बिजली कंपनी और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री कहा कि आने वाले दिनों में मौसम की भविष्यवाणी को देखते हुए दिल्ली में बिजली कंपनी अपनी पूरी तैयारी रखें। प्राकृतिक आपदाओं जैसे तेज आंधी, भारी बारिश, पेड़ गिरने तथा कुछ असमान्य कारणों से यदि बिजली कटौती की जाती है तो उसको ठीक करने के लिए समय सीमा को कम करने के भी निर्देश दिए। ताकि उपभोक्ताओं को सुचारू और निर्बाध बिजली देने का प्रयास किया जा सके।

**खबर संक्षेप**

## शेयर मार्केट में निवेश का लालच देकर की ठगी




**फरीदाबाद।** लाखों रूपए ठगी करने के आरोप में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने खाताधारक को गिरफ्तार किया। साइबर थाना बल्लभगढ़ में कृष्णा कॉलोनी फरीदाबाद निवासी ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसे ठगों द्वारा एक टेलिग्राम ग्रुप से जोड़ा गया। शेयर मार्केट से संबंधित जानकारी सांझा की जाती थी। जिस ग्रुप का शिकायतकर्ता ने लगभग एक महिने तक अवलोकन किया।

## युवक की सड़क हादसे में मौत, चार घायल



**गुरुग्राम।** बिलासपुर एरिया में सिधरावली के निकट ट्रक से टकराने पर कार सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसके चार दोस्त घायल हो गए। युवक अपने दोस्तों के साथ कार से दिल्ली घूमने जा रहा था। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के सवाई माधोपुर के कमल सिंह मीना ने कहा कि उनका 24 वर्षीय बेटा सुमित दो दिन पहले अपने दोस्तों से मिलने अलवर गया था।

## पिस्टल सहित एक आरोपी काबू, आठ मामले दर्ज



**गुरुग्राम।** सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच ने हूडा ग्राउंड सेक्टर-5 से एक युवक को पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान झाड़सा गांव निवासी हिमांशु के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ शिवाजी नगर थाना में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी हिमांशु ने पूछताछ में गुरुग्राम में मारपीट करने व जान से मारने का प्रयास करने की एक अन्य वारदात के बारे में बताया। आरोपी पर धमकी देने सहित आठ मामले गुरुग्राम में दर्ज हैं।

**नागरिकों को सुविधा संपन्न बनाने की दिशा में अहम कदम**

# डीसी ने एसडीएम और तहसील कार्यालयों के नवीनीकृत भवनों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

डीसी अजय कुमार ने बादशाहपुर एसडीएम कार्यालय और वजीराबाद स्थित तहसील कार्यालय के नवीनीकृत भवनों का उद्घाटन किया। यह पहल प्रशासनिक सेवाओं को अधिक कुशल, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस मौके पर डीसी ने भवन परिसरों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सुविधाओं के माध्यम से आमजन को त्वरित, सम्मानजनक और प्रभावी सेवाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त कार्यालयों से न केवल कार्यकुशलता बढ़ेगी, बल्कि नागरिकों को भी एक बेहतर वातावरण प्राप्त होगा।

यह कदम प्रशासन को डिजिटल तकनीक से जोड़ने और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने की दिशा में भी कारगर रहेगा। नवसज्जित कार्यालयों में सुलभ प्रवेश द्वार, दिव्यांगजनों हेतु रैंप, बैठने की समुचित



व्यवस्था, नागरिक सुविधा केंद्र, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, और ई-सेवाएं जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यह परिवर्तन केवल भौतिक ढांचे का उन्नयन नहीं, बल्कि एक नागरिक-केन्द्रित प्रशासनिक दृष्टिकोण का परिचायक है। इस कार्य में एलान ग्रुप ने अपने सीएसआर के अंतर्गत सक्रिय सहयोग प्रदान किया। समूह ने भवनों के डिज़ाइन, आंतरिक साज-सज्जा और नागरिक सुविधाओं की स्थापना में तकनीकी व वित्तीय सहायता दी।

### प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे

जिस पर डीसी अजय कुमार ने ऐलान ग्रुप के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में एसीयूटी अधिकारी आदिति सिंघानिया, एसडीएम बादशाहपुर संजीव कुमार, तथा एलान ग्रुप के चीफ बिजनेस एंड होटल डेवलपमेंट ऑफिसर सुमित चौधरी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों पर हुई पत्रकारवार्ता में विधायक शर्मा बोले**

# पीएम मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बल्लभगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के अमृत काल में 11 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है गुरुवार को उसी उद्देश्य से बल्लभगढ़ के रेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी जिला फरीदाबाद महानगर द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक मूलचंद शर्मा रहे। वहीं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर विधायक सतीश फागना, जिला फरीदाबाद महानगर के जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्य वक्ता विधायक मूलचंद शर्मा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अमृत काल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रिकॉर्ड तोड़कर कार्य किए गए।

देश की प्रभुता, अखंडता और सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किए हैं और आज उसी का परिणाम है कि देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के सफल आपरेशन में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और उनके एयरबेस को उसके घर में घुसकर जवाब दिया।



### चंद्रयान सफलता के बाद देश अंतरिक्ष की तरफ आगे बढ़ रहा है

सरकार की हर योजना के केंद्र में जनकल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने के साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर नया आयाम देने की भावना से कार्य कर रही है। युवाओं को रोजगार के साथ-साथ नई शिक्षा नीति देना मोदी सरकार की टेक्नोलॉजी आधारित ई गवर्नेन्स प्रणाली में पारदर्शिता समयबद्धता और जवाब देही को परिभाषा कर रही है, 2024 में चंद्रयान-3 की सफलता के बाद निरंतर देश अंतरिक्ष की तरफ आगे बढ़ रहा है। मोदी सरकार में इंफ्रा निर्माण की रफ्तार को तेज गति थी है चिनाव ब्रिज हाल ही में जिसका उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। इसके अलावा गांव-गांव तक मोदी सरकार में सड़क कनेक्टिविटी को जोड़कर लोगों को बेहतर आवागमन प्रदान करने का काम किया है।

### राम मंदिर अब सपना नहीं बल्कि असलियत है

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से लेकर फसल उत्पादकता में सुधार के लिए 25 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, विश्व स्तरीय काशी, विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल परियोजना और राम मंदिर अब सपना नहीं बल्कि असलियत है नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकसभा और विधानसभाओं महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है।

### 40.71 करोड़ स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी किए

*तीन तलाक खत्म किया गया, मातृ अवकाश 26 सप्ताह किया गया, 10 करोड़ से अधिक महिलाएं 90 लाख स्वयं सहायता समूह से जुड़ी और 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य भी तय किया है। उन्होंने बताया कि असली ताकत देश की युवा शक्ति है सरकार की नई शिक्षा नीति से क्षेत्र में बड़ा बदलाव कर रही है । विधायक मूलचंद शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत लगभग 40. 71 करोड़ स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी किए गए जैसी अन्य योजनाएं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण के लिए चलाई जा रही है। इस मौके पर जिला फरीदाबाद महानगर अध्यक्ष सोहन पाल छोकर, विधायक सतीश फागना, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गोपाल शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष ममता राघव, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय जांगड़ा, मंडल अध्यक्ष विपिन त्यागी, मंडल अध्यक्ष पवन सैनी आदि।*

**अधिकारियों को दिए निर्देश**

## समाधान शिविर में डीसी विक्रम सिंह ने सुनी जनता की समस्याएं



**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार की पहल समाधान शिविर जिला वासियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, जिससे नागरिकों को एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं का समाधान मिल रहा है। सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त विक्रम सिंह ने की। यह शिविर मुख्यमंत्री की जन-सेवा, समर्पण और समाधान की सोच को जमीन पर उतारने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे है। डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इन शिविरों में नागरिकों द्वारा मुख्य रूप से पीपीपी आईडी में इनकम में त्रुटि तथा मेंबर जोड़ने से सम्बंधित, राशन कार्ड, अवैध अतिक्रमण, पुलिस विभाग, बिजली विभाग से संबंधित समस्याएं प्राप्त हुईं। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से विभिन्न प्रशासनिक एवं शासकीय विभागों से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त हो रहा है। इनमें प्रमुख रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड, स्थानीय निकायों से नो ड्यूज प्रमाण पत्र, नगरपालिका द्वारा नक्शा अनुमोदन, बिजली, सिंचाई, सार्वजनिक स्वास्थ्य, आपराधिक शिकायतें आदि विषय शामिल हैं।

**पार्षदों के साथ निगमायुक्त ने की बैठक**

## लंबित विकास कार्य मंजूरी के तुरंत बाद प्राथमिकता से शुरू कराए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने आज बड़खल विधानसभा के पार्षदों के साथ निगम मुख्यालय में बैठक की और उनके साथ हर वार्ड के विषय में विस्तार से चर्चा की। निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने बड़खल विधानसभा के पार्षदों के साथ बैठक में उनकी समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि आप सभी की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे निगम प्रशासन के अधिकारी ओर कर्मचारी जनप्रतिनिधियों के साथ सहयोग करते हुए कार्य करेंगे ताकि आमजन को किसी भी कार्य में परेशानी ना आए।

समस्याओं को सुनने के बाद उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी वार्डों में आने वाली समस्याओं को वह प्राथमिकता के साथ दूर करने का कार्य करेंगे। इस बैठक में गुरुवार को वार्ड 12, वार्ड 13, वार्ड 16, वार्ड 17, वार्ड 18, वार्ड 19, वार्ड 20, वार्ड 21, वार्ड 22 और वार्ड 23 के पार्षदों के साथ वार्डों के विकास को लेकर चर्चा की गई। निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने पार्षदों से उनके द्वारा दिए गए विकास कार्यों की फाईलों का स्टेटस जानते हुए अन्य विकास कार्यों के बारे में जानकारी और उनसे लिखित में कार्यों की सूची मांगी है ताकि उनकी मांगों को सरकार से मंजूरी के लिए भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि कुछ कार्य ऐसे हैं जिन्हें निगम के सदन में पास होने के बाद कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पार्षदों की डिमांडों को हरियाणा सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा उसके बाद जो कार्य मंजूर होगें उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा। बैठक में बबीता संदीप भड़ाना, जसवंत सिंह, मनोज, शोभा रानी, कर्मवीर सिंह, जगत सिंह, लिखी राम, वीरेंद्र भड़ाना, हरेंद्र भड़ाना आदि मौजूद रहे।

# महिला के ससुर व दो देवर ने ही की थी हत्या, सभी पुलिस की गिरफ्त में

### बेहटा नहर के पास एक हरे रंग के सूटकेस में मिली थी लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

लोनी बॉर्डर पुलिस ने नहर के पास एक हरे रंग के सूटकेस में मिली महिला लाश का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने दिल्ली निवासी इस महिला के ससुर व दो देवरों को गिरफ्तार किया है। बुधवार की सुबह को थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में बेहटा नहर के पास एक हरे रंग के सूटकेस में अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू की थी। अज्ञात शव की शिनाख्त के लिए दिल्ली के सीमावर्ती थानों एवं आस-पास के थानों में गश्ती तलाश जारी कर शिनाख्त का प्रयास किया गया एवं डीसीआरबी एवं सोशल मीडिया के माध्यम से



शिनाख्त हेतु प्रयास किए गए । गठित टीमों द्वारा स्थानीय सीसीटीवी कैमरों, मैनुअल इनपुट व अन्य संभावित सोर्सो की मदद ली गई महिला की शिनाख्त कविता पत्नी सागर निवासी शिव विहार अंबिका विहार थाना करावल नगर दिल्ली के रूप में हुई। उसकी उम्र करीब 25 वर्ष थी। पुलिस ने इस मामले में महिला के ससुर हरवीर सिंह देवर व सुमित गुड्डू को गिरफ्तार किया गया । आरोपी सुमित ने पूछताछ के दौरान बताया कि अपने पिता हरवीर सिंह, माँ विमलेश देवी, भाई सागर, गुड्डू व बहन शिवानी तथा भाभी कविता व भतीजी आइसनी उम्र के ससुर रीब डेढ वर्ष के साथ किराए पर अम्बिका विहार थाना करावल नगर दिल्ली में रहता हूँ । 7 तारीख की रात को मेरी बहन शिवानी और भाभी कविता का घरेलू बातों को लेकर घर में झगड़ा हुआ था। 9 तारीख की शाम करीब 04.00 बजे भतीजी आइसनी को कविता भाभी पीट रही थी, तब मैने भाभी कविता की गर्दन पकड़ कर बैड पर पटक दिया था तब मैने दोनों हाथों से उसकी गर्दन चुन्नी से दबा दी थी और जिस बैडशीट से सूटकेस बांधा था उसी बैडशीट को मृतका के मुंह पर रखकर दम घोंट दिया था और पापा ने आकर भाभी के पैर पकड़ कर दबा लिए थे, जब भाभी हिलना बंद हो गई तब मैने उनकी गर्दन छोड़ी थी भाभी कविता मर गई थी, फिर मैने अपने छोटे भाई गुड्डु को घर बुलाया फिर हमने भाभी कविता के शव को घर में रखे ट्रॉली (सूटकेस) हरे रंग के बैग में रखा तथा बैग की चैन लगाई तो बैग की आधी चैन लगी थी।

## रुपयों का विवाद सुलझाने के लिए बुलाई गई पंचायत में चली गोली, महिला घायल

**गाजियाबाद।** रुपयों का विवाद सुलझाने के लिए बुलाई गई पंचायत में दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया। जिसमें गोली चल गई। गोली पंचायत में मौजूद महिला को लगी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया बाकी डायल 112 के माध्यम से पुलिस एक सूचना प्राप्त हुई कि ईदगाह रोड़ थाना क्षेत्र लोनी में एक फायरिंग की घटना हुई है । इसमें एक महिला को गोली लगी है। इस सूचना के आधार पर तत्काल थाना लोनी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। जजाँच में पता चला कि प्रथम पक्ष नसीम निवासी मुस्तफाबाद दिल्ली एवं दूसरा पक्ष शाहबाज एवं सलीम निवासी मुस्तफाबाद दिल्ली के माध्य मोटरसाइकिल के पैसे के लेन-देन को लेकर पूर्व से विवाद था। इसका हिसाब किताब करने के लिए तीनों ईदगाह रोड़ पर इकट्ठा हुए थे।

# पीएम मोदी की अगुवाई में देश मजबूत अर्थव्यवस्था को मिली नई ऊंचाई

### महासचिव डॉ. अर्चना ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में वीरवार को लघु सचिवालय परिसर के भूतल पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से एक प्रदर्शनी आयोजित की गई। भाजपा प्रदेश महासचिव डॉ. अर्चना गुप्ता ने इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 मई, 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उसके बाद से लगातार तीसरी बार केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी दलों की सरकार बनी है। जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। अपनी जनसेवा की भावना की बदौलत नरेंद्र मोदी देश ही नहीं अपितु आज पूरी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। अपने 11 साल के सफल शासनकाल



में प्रधानमंत्री ने ना केवल देश का ढांचागत विकास करवाया है, बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयां प्रदान की है। भारत आने वाले दिनों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने जा रहा है। भाजपा प्रदेश महासचिव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से यह साबित हो गया है कि हमारा देश आज सुरक्षित हाथों में है और कोई भी इसकी ओर आँख उठाकर देखने की हिमाकत करेगा तो उसे माकूल जवाब दिया जाएगा। देश में शिक्षा के लिए नए उच्च स्तरीय संस्थान स्थापित किए गए हैं। सड़कों रेलवे व हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण किया गया है।

## सड़क हादसों में दंपती सहित तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

जिला में अलग-अलग जगह हुए सड़क हादसों में दोपहिया वाहनों पर सवार दंपती सहित तीन घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पतालों में पहुंचाया और संबंधित थानों में केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर-5 थाना क्षेत्र में एक गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार राजेश मल्होत्रा के पैर में चोट लगी, जबकि उनकी पत्नी सुषमा भी घायल हो गई। दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद सेक्टर-9 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में रेफर कर दिया। राजेश मल्होत्रा ने सेक्टर-5 थाने में गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं, बिजनौर (यूपी) के हरपुर गांव निवासी विनोद कुमार ने सेक्टर-10 थाना में बताया कि उसका बेटा अभिषेक गुरुग्राम स्थित एक्सिस मेक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी करता है। वह सेक्टर-7 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहता है। आठ जून की रात बसई चौक फ्लाईओवर एक गाड़ी ने उसके बेटे अभिषेक की बाइक को टक्कर मार दी।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 219 दिनांक 11.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सांपला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - प्रीती
पिता/पति- पत्नी राम शरण
पता - निवासी गांव राजपुर इशरौली जिला सीतपापुर उतरप्रदेश हाल किरायेदार वार्ड न0-4 सांपला जिला रोहतक
उम्र-31 वर्ष
कद- 5 फुट 2 ईंच ।
हुलिया - रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 11.06.25 को प्रीती पत्नी राम शरण निवासी गांव राजपुर इशरौली जिला सीतपापुर उतरप्रदेश हाल किरायेदार वार्ड न0-4 सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9466458250

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 218 दिनांक 10.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सांपला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे -**



नाम - कुन्ती उर्फ कल्पना
पिता/पति- पत्नी दिनेश
पता- निवासी नजदीक शिवा हाई स्कूल सांपला जिला रोहतक
उम्र- 50 वर्ष
कद- 5 फुट 5 इंच ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, मोटा शरीर।
पहनावा - गेंहू रंग का सूट सलवार पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 10.06.25 को कुन्ती उर्फ कल्पना पत्नी दिनेश निवासी नजदीक शिवा हाई स्कूल सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9996180200

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 217 दिनांक 10.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सांपला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - जयवीर
पिता/पति- पुत्र राजेन्द्र
पता - निवासी गांव भापडौदा हाल म.न. 474 सैक्टर 2 बहादुरगढ जिला झज्जर
उम्र- 39 वर्ष
कद - 5 फुट 7 ईंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, मजबूत शरीर।
पहनावा नीले रंग का पजामा, व सफेद रंग की कमीज पहने हुए।

दिनांक 10.06.25 को जयवीर पुत्र राजेन्द्र निवासी गांव भापडौदा हाल म.न. 474 सैक्टर 2 बहादुरगढ जिला झज्जर ने सांपला में नितिन गारमेन्टस के नाम से दुकान कर रखी है। उसके दुकान से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9996180200

पीआरडीएच-1084/11/3513/2026/35590/88/7 दि. 12.06.2025



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **मंजू, पत्नीः श्री राम कुमार, निवासीः 30/1, एमसीडी कॉलोनी, मॉडल टाउन – III, दिल्ली – 110009** ने **FIR No. CC NI Act/387/2021, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मंजू** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मंजू** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** की अभियुक्ता **मंजू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 31.07.2025.** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री हिमांशी त्यागी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)
डिजिटल कोर्ट – 05, उत्तर जिला,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7507/NW/2025



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**FIR NO. 216 Dt.11.06.2025 U/S 194 B.N.S.S थाना सदर सोनीपत।**

**पुरुष मृतक की पहचान**



**नाम**– नाम पता नामालुम ।
**पिता/पति का नाम**–नाम पता नानालुम
**उम्र**–करीब 50 वर्ष।
**कद**– 5 फुट 6 इन्च
**हुलियाः** काले व सफेद बाल, पतला व लम्बुतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर।
**पहनावाः** मिटटी के लाल व सफेद व बैंगनी रंग की टी शर्ट पहने हुये हैं।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता हैं कि दिनाक 11/06/2025 को नामपता नामालुम व्यक्ति की नाश श्री राम कलोनी बन्देपुर सोनीपत पर मिली है। जो देखने में गर्मी के कारण मौत होनी ब्यान हुई है। दिनांक 11/06/2025 को नामपता नामालुम की नाश को शिनाख्त हेतु डेड हाउस सोनीपत रखवाया गया हैं। अगर मृतक के बारे में कोई सुचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना मो. न. 7419410534**
**अनुसंधानकर्ता मो. नः– 9812674787**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपतः– 0130-2222903,**

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/3507/2026/35578/88/7 दि. 12.06.2025

## खबर संक्षेप

### प्लेन क्रैश की घटना पर योगी ने जताया दुःख



**लखनऊ।** सीएम योगी ने अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171 की दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हृदयविदारक हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। कहा कि विमान दुर्घटना की दुखद खबर अत्यंत पीड़ादायक है। कई यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि सभी सुरक्षित रहें ।

### 27 पीसीएस अफसर बनेंगे आईएएस




**लखनऊ।** प्रदेश के 27 पीसीएस अफसर जल्द आईएएस बनेंगे। बुधवार को पीसीएस से आईएएस पद पर पदोन्नति को लेकर विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक नई दिल्ली स्थित संघ लोक सेवा आयोग में हुई। बैठक में 27 रिक्त पदों के लिए वर्ष 2008 व 2010 बैच के 31 पीसीएस अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया। इस हफ्ते पदोन्नति के आदेश जारी होने की उम्मीद है।

### झांसी में डिवाइडर से टकराई कार, 4 की मौत



**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में बड़ा हादसा हुआ है। सिद्धार्थ नगर से महाराष्ट्र के मोबरा जा रहे लोगों की कार हादसा का शिकार हो गई। दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री योगी 17 जून को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करेंगे

*लिंक एक्सप्रेसवे चालू होने की तारीख आ गई*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ/गोरखपुर

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले पूर्वांचल को एक बड़ी सौगात देने जा रही है। सीएम योगी 17 जून को बहुप्रतीक्षित गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। 91.35 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे न सिर्फ पूर्वांचल को राजधानी लखनऊ से जोड़ेगा। बल्कि प्रदेश की आधारभूत संरचना में भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। वहीं गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के चालू होने से यूपी देश का पहला ऐसा राज्य होगा, जहां 8 चालू एक्सप्रेस-वे होंगे। नया एक्सप्रेस-वे गोरखपुर और लखनऊ के बीच यात्रा के समय को घटाकर सिर्फ 3 से 3.5 घंटे कर देगा। जिससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी और पूर्वी यूपी में विकास को बढ़ावा मिलेगा।

**91.35 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे, 7000 करोड़ से अधिक की लागत**

**खास बातें**

- पूर्वांचल को लखनऊ से जोड़ेगा
- कनेक्टिविटी बढ़ेगी, पूर्वी यूपी में विकास को बढ़ावा




गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे कुल 91.35 किलोमीटर लंबा है, जिसे 7000 करोड़ रुपए से अधिक लागत से तैयार किया गया है। यह फोर लेन द्रुतगामी मार्ग गोरखपुर के जैतपुर गांव से शुरू होकर आजमगढ़ जिले के सलारपुर गांव (पूर्वांचल एक्सप्रेसवे) से जुड़ता है। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के तहत किया गया है।

### चार जिलों को जोड़ेगा एक्सप्रेसवे

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर, अंबेडकरनगर, संतकबीरनगर और आजमगढ़ जिलों को जोड़ेगा। इससे इन क्षेत्रों में न सिर्फ तेज आवागमन संभव होगा, बल्कि औद्योगिक, कृषि और पर्यटन विकास को भी गति मिलेगी। इससे क्षेत्रीय संतुलन के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### लखनऊ तक सफर अब सिर्फ 3 से 3.5 घंटे

इस एक्सप्रेसवे के माध्यम से गोरखपुर से लखनऊ तक की दूरी अब सिर्फ 3 से 3.5 घंटे में तय की जा सकेगी। भले ही यह मार्ग लखनऊ की पारंपरिक अयोध्या रूट की तुलना में लगभग 30-40 किलोमीटर लंबा हो, लेकिन बिना किसी अवरोध के होने के कारण यात्रा समय काफी घट जाएगा। यह लोगों को एक बेहतर और सुगम यात्रा अनुभव देगा।

## राष्ट्र की संपत्ति को नष्ट करने वाला कानून का मुजरिम

# दंगाइयों व बलवाइयों पर सख्त योगी सरकार वीडियो वायरल कीजिए, वसूली सरकार कर लेगी

**सीएम योगी ने कहा कि संपत्ति बनाने में मेहनत लगती है। सार्वजनिक संपत्ति तो राष्ट्र की है। राष्ट्र की संपत्ति को नष्ट करने वाला कानून का मुजरिम है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएंगे। ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि आगे से वो कानून को हाथ में लेने से पहले सौ बार सोचेंगे।**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने दंगाइयों और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों को सख्त संदेश दिया। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति हमारी जवाबदेही होनी चाहिए। कोई भी संपत्ति राज्य की नहीं, समाज की होती है।

जो व्यक्ति समाज की संपत्ति नष्ट करता है तो उसको टोकिए। अगर ज्यादा होता है तो आप मोबाइल से उसको वायरल कर सकते हैं। बाकी उसके पोस्टर लगाकर उससे वसूली का काम सरकार करेगी। सीएम योगी ने कहा कि संपत्ति बनाने में मेहनत लगती है। सार्वजनिक संपत्ति तो राष्ट्र की है। राष्ट्र की संपत्ति को नष्ट करने वाला कानून का मुजरिम है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएंगे। ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि आगे से वो कानून को हाथ में लेने से पहले सौ बार सोचेंगे।

> 170 मेधावियों को सम्मानित कर कहा परिश्रम का कोई विकल्प नहीं

> स्कूल ड्रेस के लिए 88 लाख अभिभावकों के खातों में भेजे 1,056 करोड़



**100 करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास**

उल्लेखनीय है कि 12 जून को सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनका उत्साह बढ़ाया। सीएम ने मेधावियों को एक लाख रुपए का चेक, एक टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर उन्हें सम्मानित किया। इसके पहले उन्होंने यूपी माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ एवं माध्यमिक संस्कृत शिक्षा निदेशालय, नवीन भवन सहित 100 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास किया।

### *44 जिलों के किसानों को मिलेगा ग्रीन हाउस व पॉली हाउस*

उत्तर प्रदेश के किसानों को योगी सरकार 'ग्रीन हाउस' और 'पॉली हाउस' जैसी खेती की सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास में जुटी हुई है। इससे किसान सीजन नहीं होने के बावजूद पौष्टिक सब्जियां और अनाज उगा सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक लखनऊ, बहराइच, सुल्तानपुर, बाराबंकी, सीतापुर और अमेठी समेत 44 जिलों में यह सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। बयान में कहा गया है कि इनमें से 24 जिलों में ग्रीन हाउस बनकर तैयार हो चुके हैं जबकि 20 जिलों में तेजी से इनका निर्माण किया जा रहा है।

**किसानों की आय को दोगुना करने का संकल्प**

बयान के अनुसार ये सभी विकास कार्य कृषि अवसंरचना निधि योजना के तहत कराए जा रहे हैं और इसके साथ ही एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत सब्सिडी भी दी जा रही है। बयान में कहा गया है कि प्रदेश में कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और किसानों की आय को दोगुना करने के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने फसल उत्पादन प्रौद्योगिकी में समय के साथ बदलाव करके किसानों को आधुनिक खेती के लिए तैयार किया है। बयान के अनुसार अब ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी तकनीकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे किसान सीजन न होने पर भी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की फसलें उगा सकें। बयान में कहा गया है कि लखनऊ, बहराइच, सुल्तानपुर, बाराबंकी, सीतापुर, अमेठी समेत 44 जिलों के किसान अब इस तरह का बदलाव लाने जा रहे हैं।

## चुनाव को लेकर महागठबंधन की बैठक

# तेजस्वी यादव ने सभी दलों से सीटों का ब्योरा मांगा




एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक हलचल काफी तेज है। इसी कड़ी में राजधानी पटना में महागठबंधन में शामिल दलों के प्रमुख नेताओं की अहम बैठक हुई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस बैठक में सभी दलों से सीटों का ब्योरा मांगा है।

महागठबंधन की इस बैठक में घटक दल राजद, कांग्रेस, वामदल और वीआईपी के नेता शामिल हुए। इस बैठक में को-ऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों के साथ ही सभी उपसमितियों के सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक नेता प्रतिपक्ष के सरकारी आवास एक पोलो रोड पर हुई।

**संयुक्त रूप से आंदोलन का ऐलान**

बैठक में सीट शेयरिंग को लेकर सभी घटक दलों को अगली मीटिंग से पहले चुनाव लड़ने वाली सीटों का ब्यौरा देने को कहा गया है। बैठक में यह तय हुआ कि कानून व्यवस्था को लेकर संयुक्त रूप से आंदोलन किया जाए। इस बात की जानकारी सीपीएम विधायक अजय कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान दी।
बिहार चुनाव को लेकर हुई महागठबंधन की बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और तीनों वाम दलों के वरीय नेता मौजूद रहे।

**रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कांग्रेस का प्रदर्शन**

महागठबंधन की बैठक से पहले कांग्रेस ने नियोजन भवन के सामने प्रदर्शन किया। नौकरी दो सत्ता छोड़ो की तख्ती लिए हुए कांग्रेसियों ने पांच लाख रिक्त पदों पर भर्ती, पलायन रोकने, संविदा कर्मियों के स्थायीकरण की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने किया। विधायक दल नेता शकील अहमद खान, प्रेमचंद्र मिश्रा, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयशंकर चिब, सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित सैकड़ों कांग्रेसी प्रदर्शन में शामिल हुए।

### हाईवे पर चालक को आई झपकी: कार को चीर युवक के पेट में ग्रिल घुसने से मौत

**लखनऊ।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12:40 बजे तेज रफ्तार कार चालक को झपकी आने से हाईवे किनारे लोहे की सेफ्टी ग्रिल में घुस गई। ग्रिल में पिलर न लगा होने से करीब पांच फीट लंबी ग्रिल कार के बाएं तरफ से घुसी और आगे की सीट पर बैठे युवक के पेट में घुस गई। एयरबैग भी खुला, लेकिन ग्रिल ने उसे भी चीर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। वहीं, एयरबैग ने कार चालक की जान बचा ली। पुलिस के मुताबिक, कार की रफ्तार करीब 120 किमी प्रति घंटा रही होगी। हादसे के बाद हाईवे पर करीब एक घंटे तक यातायात रेंगता रहा। सिद्धार्थनगर जिले के थाना बांसी के कदमहवा गांव निवासी आकाश राजभर (24) पुत्र साधुशरण बलरामपुर जिले के थाना और कस्बा तुलसीपुर निवासी साथी रघुवर (22) पुत्र संतोष बरनवाल के साथ फर्रुखाबाद जा रहे थे। दोनों बृहस्पतिवार सुबह सात बजे सिद्धार्थनगर से निकले थे। दोपहर 12:40 बजे लखनऊ-कानपुर हाईवे पर चमरौली गांव के पास पहुंचे थे, तभी कार चला रहे रघुबर को झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित हो गई।

## यातायात सुधार पर रहेगा जोर

# मथुरा-वृंदावन और कानपुर में 67 हजार करोड़ से परवान चढ़ेंगी विकास योजनाएं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को मथुरा-वृंदावन के लिए 30,080 करोड़ और कानपुर के लिए 37 हजार करोड़ की लागत वाली 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने मथुरा और कानपुर में जिला एवं मंडलस्तरीय सभी सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने और इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स बनाने का निर्देश दिया। जहां अधिवक्ता चैंबर, पार्किंग व्यवस्था, भोजनालय (फूड कोर्ट) और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे प्रशासनिक कार्य सुगमता से होने के साथ आमजन को अनेक कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। सीएम ने कहा कि मथुरा-वृंदावन क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक गरिमा को ध्यान में रखते हुए विकास और रोजगार के नए अवसर भी सृजित करें। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि मथुरा-वृंदावन के लिए 30,080 करोड़ की लागत से 195 परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जिनमें से 23 का कार्य शुरू हो चुका है।

**दावन परिक्रमा मार्ग पर फसाड के समग्र विकास के निर्देश**

धार्मिक स्थलों तक पहुंचने के मार्गों, जल, शौचालय और विश्राम की सुविधाओं को व्यवस्थित किया जाए। वृंदावन में डिजिटल म्यूजियम, कन्वेंशन सेंटर और पर्यावरणीय पथ का निर्माण किया जाए। स्वामी हरिदास प्रेक्षागृह में स्वामी हरिदास की प्रतिमा स्थापित करने, जवाहर बाग परिसर में कृष्ण लोक पार्क का निर्माण और वृंदावन परिक्रमा मार्ग पर फसाड के समग्र विकास के निर्देश भी दिए। सीएम ने शेष भूमि को सिटी फॉरेस्ट के रूप में विकसित करने और राधारानी की अष्टसखियों के मंदिरों तक पहुंचने वाली एप्रोच रोड और परिसर का विकास प्राथमिकता पर पूरा करने को कहा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और संबंधित अधिकारी तथा मथुरा और कानपुर प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**कानपुर का भी होगा कायाकल्प**

बैठक में बताया गया कि कानपुर में 'विजन 2030' के अंतर्गत करीब 37 हजार करोड़ की लागत वाली 61 परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। बैठक में शहर में सार्वजनिक परिवहन, औद्योगिक विस्तार, आधुनिक टाउनशिप, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संस्थानों की स्थापना, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन विकास का खाका प्रस्तुत किया गया है। बताया गया कि न्यू कानपुर सिटी, नॉलेज सिटी, मेडीसिटी, अटल नगर (लैंड पूलिंग मॉडल), ईवी पार्क, एयरोसिटी और मेगा एमएसएमई क्लस्टर जैसी योजनाएं विशेष रूप से नगर की सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को गति देने हेतु तैयार की गई हैं।

# सीएम का तोहफा, 250 दुकानदारों को रजिस्ट्री सौंपी, बने दुकानों के मालिक




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को तोहफा देते हुए प्रदेश के सभी जिलों के 250 पात्र लाभार्थियों को उनकी दुकानों की रजिस्ट्रियां सौंपी। इससे पहले भी इस योजना के तहत प्रदेश में लगभग 6 हजार पात्र लाभार्थियों को यह लाभ दिया जा चुका है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला के सेक्टर-1 स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री

- **दुकानों की रजिस्ट्री केवल कागज का टुकड़ा नहीं बल्कि सपनों का भंडार : मुख्यमंत्री**

वितरण समारोह में प्रदेशभर से आए लाभार्थियों को दुकानों की रजिस्ट्री सौंपकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने विश्राम गृह परिसर में सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा सरकार के 11 साल की उपलब्धियों पर लगाई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग भी उपस्थित रहे।

## अहमदाबाद एयरक्राफ्ट क्रैश मामला

# अखिलेश की मांग, तत्काल स्पष्टीकरण दे सरकार





एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हादसे को लेकर एक्स पर लिखा कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश की दुर्घटना का तुरंत स्पष्टीकरण आए जिससे आशंकाओं का उन्मूलन हो सके। यात्रियों और क्रू के सदस्यों, सभी के लिए प्रार्थनाएं। सर्वोच्च स्तरीय बचाव, राहत और उपचार उपलब्ध कराया जाए। बहुत दुख की बात है कि एयर इंडिया का एयरक्राफ्ट क्रैश हुआ है। अखिलेश ने कहा कि एयरक्राफ्ट क्रैश होता है तो बहुत बड़ी घटना होती है। इस समय पर जितनी जानकारी मिली है हमारी अपील होगी कि सभी यात्रियों को बचाए और उनका इलाज हो। वहीं बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने हादसे को लेकर एक्स पर लिखा कि अहमदाबाद विमान हादसे में काफी लोगों की हुई मौत की घटना अत्यन्त दुःखद एवं अति पीड़ादायी। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाए। कुदरत उन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति दे।

### गोरखपुर में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

**गोरखपुर/आगरा।** गोरखपुर के नौकायन मार्ग पर जेएसआर की पांच दुकानों में गुरुवार की दोपहर बाद आग लग गई। दमकल की तीन गाड़ियों ने घंटे भर के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि इस दौरान सभी दुकान जलकर खाक हो गया। आग की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है हालांकि अग्निशमन विभाग की जांच जारी है। आग लगने की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने भीड़ को दूर कर रास्ता डायवर्ट कराया। जानकारी के मुताबिक जेएसआर की एक दुकान में सबसे पहले आग लगी और जब तक इस पर काबू पाया जाता आग ने विकाराल रूप ले लिया।

## पेज एक का शेष

### गृह मंत्री शाह-विमान...

अधिकारियों के साथ बैठक की और पूरे हादसे व राहत-बचाव कार्य की जानकारी भी ली। मीडिया को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इस घटना से पूरा देश स्तब्ध है... पूरा देश परिवारों के साथ खड़ा है। सबसे पहले मैं भारत सरकार, गुजरात सरकार, प्रधानमंत्री की ओर से हताहत हुए लोगों को प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। 10 मिनट में ही भारत सरकार के पास सूचना पहुंच गई। तुरंत ही मैंने सभी से संपर्क किया। प्रधानमंत्री का भी फोन आया। भारत सरकार और गुजरात सरकार के सभी विभाग एक साथ होकर राहत और बचाव कार्य में लगे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस विमान में कुल मिलाकर देश और विदेश के 230 यात्री और 12 क्रू मेंबर सवार थे। इसमें से एक यात्री के बचने का अच्छा समाचार मिला है। मैं उनको मिलकर आया हूं। मृत्यु का आंकड़ा डीएनए परीक्षण और यात्रियों की पहचान के बाद ही अधिकृत रूप से जारी होगा। शाह ने बताया कि घटना के दौरान विमान में सवा लाख लीटर ईंधन था। जिससे तापमान इतना ऊंचा हो गया कि किसी को बचाने का मौका ही नहीं मिला। सभी यात्रियों के शव को निकालने का काम लगभग पूरा हो चुका है। जितने यात्रियों के परिजन पहुंच गए हैं उनका डीएनए लेने का काम भी 2-3 घंटे में पूरा हो जाएगा। जिनके परिजन विदेश में हैं उनको सूचित कर दिया गया है।

### दिल दहलाने वाले...

परिवारों के साथ हैं। वहीं, बकिंघम पैलेस ने कहा कि हादसे के बारे में किंग चार्ल्स तृतीय को लगातार सूचित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुए सभी प्रभावितों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। यहां बता दें कि विमान में सवार कुल 242 लोगों में से 53 ब्रिटेन के नागरिक थे। इसके अलावा 169 भारतीय, 1 कनाडा का और 7 पुर्तगाल के रहने वाले लोग थे। विमान अहमदाबाद हवाईअड्डे से उड़ान भरने के महज पांच मिनट के अंदर क्रैश हो गया था। इसे लंदन के गेटविक हवाईअड्डे पर स्थानीय समयानुसार करीब 6 बजकर 25 मिनट पर लैंड करना था।

**स्थानीय प्रशासन को सहयोग करता ब्रिटेन:** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने एक्स पोस्ट में विमान हादसे की इस खबर को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं। जो इस घटना से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन भारत में स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर तत्काल आधार पर हादसे से जुड़े हुए तथ्यों का पता लगाने और सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। ब्रिटेन ने लंदन और दिल्ली में संकटकालीन टीमों का गठन भी किया है। उधर, ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय (एफसीडीओ) ने एक बयान में कहा कि वह भारत में स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर विमान हादसे से जुड़े हुए तथ्यों का पता लगाने और जरूरी सहयोग प्रदान कर रहा है। ब्रिटिश उच्चायोग भी मामले पर पैनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने यात्रा संबंधी परामर्श भी जारी किया है।

**जारी किया हेल्पलाइन नंबर:** ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने दुर्घटना से जुड़े हुए लोगों को उनके परिजनों और मित्रों के बारे में जानकारी देने और किसी प्रकार का कोई और सहयोग करने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर-02070085000 जारी कर कहा है कि जो भी इस मुश्किल समय में मंत्रालय से सहायता चाहते हैं। उन्हें इस हेल्पलाइन नंबर के साथ तमाम जरूरी काउंसलर सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही भारत संबंधी यात्रा को लेकर एक परामर्श भी जारी किया गया है। ब्रिटेन की विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी सांसद कैमी बेडनॉच ने इस हादसे को बेहद दर्दनाक बताया और कहा कि जो भी लोग इससे प्रभावित हुए हैं। मेरी संवेदनाएं उनके और उनके परिजनों के साथ हैं। आपातकालीन टीमें अपना काम कर रही हैं।

# झारखंड लोहरदगा में पकड़ा गया एक हार्डकोर नक्सली

## अपहरण, लूट सहित कई मामलों का है दोषी



एजेंसी ▶▶ रांची

लोहरदगा में एक हार्डकोर नक्सली पकड़ा गया है। गुरुवार को एसडीपीओ किस्को वेदान्त शंकर (भा.पु.स.) के साथ जी कंपनी सशस्त्र सीमा बल किस्को के कंपनी कमांडर इन्स्पेक्टर मनीष कुमार चौबे व किस्को थाना प्रभारी उप.नि. सुमन मींज के नेतृत्व में लोहरदगा मार्केट व उसके आसपास के क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया था। इसके बाद नक्सली संदीप भगत को अरेस्ट कर लिया गया है। पीएलएफआई से जुड़ा नक्सली संदीप किस्को थाना क्षेत्र के सेमरडीह का रहने वाला है। उसके ऊपर अपहरण , लूटपाट, धमकी देने, हथियार रखने सहित कई में मामला दर्ज है। 17 सी एल ए एक्ट का आरोपी है जो पिछले कई वर्षों से फरार चल रहा था। पीएलएफआई से जुड़ा नक्सली संदीप किस्को थाना क्षेत्र के सेमरडीह का रहने वाला है। गिरफ्तार नक्सली के ऊपर अपहरण , लूटपाट, धमकी देने, हथियार रखने सहित कई मामलों में मामला दर्ज है।

**HARYANA STAFF SELECTION COMMISSION**
**BAYS NO. 67-70, SECTOR-2, PANCHKULA - 134151**
**Phone No. 0172-2586501, Website www.hssc.gov.in**

**Public Notice for date extension**
**(CET Advt No. 1/2025)**

Reference CET (Common Eligibility Test) Group C Advt No. 1/2025 published on 26.05.2025 through online registration portal i.e. https://onetimeregn.haryana.gov.in

This is for the information of the candidates the closing date for online application portal is extended from 11:59 PM on 12.06.2025 by 48 hours till 11:59 PM on 14.06.2025. The closing date for submission of fee will be 16.06.2025 till 6.00 PM.

**Note: It may be noted that no further extension shall be given under any circumstances.**

**-Sd- Under Secretary,**
**for Secretary, Haryana Staff Selection Commission,**
Place: Panchkula **Panchkula**
Dated: 12th June, 2025

SAMVAD:- 1159/13/692/2026/35601/88/7 dt. 12/06/2025



चाइल्ड आर्टिस्ट्स

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है। बच्चों के लिए उसके पापा किसी सुपर हीरो से कम नहीं होते। फादर्स-डे के मौके पर कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि किन खूबियों की वजह से वे अपने पापा को दुनिया का बेस्ट पापा मानते हैं। साथ ही ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं कि इस बार फादर्स-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे।

# माय पापा इज द बेस्ट

## पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूडः आर्यन प्रजापति





**आर्यन प्रजापति** एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक का रोल प्ले कर रहा है, जो दर्शकों को खूब भा रहा है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, हंसते हुए बताता है, 'मैं एक कार्ड बना रहा हूं, जिसमें मैं पापा के लिए अपनी फीलिंग्स लिखूंगा। साथ ही मैं उनका फेवरेट केक भी लाऊंगा। हम सब मिलकर घर पर छोटा सा सेलिब्रेशन करेंगे। पापा को क्रिकेट बहुत पसंद है, तो मैंने सोचा है कि हम दोनों मिलकर पास के मैदान में क्रिकेट खेल कर थोड़ा टाइम स्पेंड करेंगे। इस फादर्स-डे मैं अपने पापा को यह जताना चाहता हूं कि वो मेरे लिए बहुत स्पेशल हैं।' पापा की वो बात जो आर्यन के लिए जिंदगी भर के लिए सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा अक्सर कहते हैं कि जब हम अपना काम पूरी मेहनत, ईमानदारी से करते हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है।' आर्यन के लिए उसके पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूड। चाहे कितनी भी बड़ी टेंशन हो, वो हमेशा शांत रहते हैं। बहुत ही सुलझे तरीके से सिचुएशन को हैंडल करते हैं। वो ना सिर्फ एक अच्छे पापा हैं, मेरे बेस्ट फ्रेंड और मेंटर भी हैं। मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा बहुत हार्डवर्किंग हैं आरिया सकारिया



**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में लछमा का रोल कर रही आरिया सकारिया फादर्स-डे को लेकर काफी उत्साहित है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, आरिया बताती है, 'इस दिन मैं अपने पापा को लेकर बाहर घूमने जाऊंगी। हम बाहर ही ब्रेकफास्ट करेंगे, शॉपिंग करेंगे और मूवी देखेंगे।' पापा की कोई ऐसी बात, जो आरिया के लिए जिंदगी भर का एक सबक बन गई हो, यह पूछने पर वह बताती है, 'मेरे डैड ने मुझे सिखाया है कि लाइफ में कोई भी प्रॉब्लम आ जाए, कभी हार मत मानना, क्योंकि कोई भी ऐसी प्रॉब्लम नहीं है, जिसका सॉल्यूशन न हो। पापा की यह बात मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा सबक है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी।' आरिया की नजर में उसके पापा की वह क्वालिटी, जो उन्हें बेस्ट पापा बनाती है, वह बताती है, 'मेरे डैड की सबसे अच्छी क्वालिटी यह है कि वो मेरी मॉम की बहुत रेस्पेक्ट करते हैं। वह हर काम में मां की हेल्प करते हैं। मेरे पापा बहुत हार्ड वर्किंग हैं। चाहे जितना भी थक गए हों, वो हमारे साथ जरूर टाइम स्पेंड करते हैं! इन्हीं वजहों से मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा ने दी है सीख कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए : अहनाफ खत्री



**जी टीवी** के शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन की भूमिका निभा रहा अहनाफ खत्री के लिए उसके पापा उसकी लाइफ में सबसे इंपॉर्टेंट हैं। वह कहता है, 'मुझे अपने पापा से बहुत प्यार है, वो मेरे लिए खुद से भी ज्यादा इंपॉर्टेंट हैं।' अहनाफ ने इस बार फादर्स-डे पर क्या कुछ खास प्लान कर रखा है, वह बताता है,'अबकी मैं फादर्स-डे बहुत स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट करूंगा। मैं अपने पापा के साथ घूमने जाऊंगा। हमारे साथ कोई और नहीं होगा, सिर्फ मैं और मेरे पापा होंगे। मेरे पापा को नाइनटीज के गाने बहुत पसंद हैं। इसलिए मैंने पापा के लिए एक स्पीकर मंगवा लिया है। यह फादर्स-डे पर मेरी तरफ से पापा के लिए सरप्राइज गिफ्ट होगा।' अहनाफ से यह पूछने पर कि वह अपने पापा की कोई ऐसी क्वालिटी बताए, जो उन्हें वर्ल्ड का बेस्ट पापा बनाती है, वह तुरंत जवाब देता है, 'कोई एक क्वालिटी नहीं, पापा की सारी क्वालिटीज उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं।' अहनाफ के लिए पापा की बताई कौन-सी बात उसके लिए बहुत बड़ा सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा मुझसे हमेशा कहते हैं- 'ट्राय ट्राय टिल यू सक्सीड और कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए। मुझे उनकी ये बात हमेशा याद रहेगी।' *



## वह मेरे आइडियल, मेरे बेस्ट फ्रेंड हैं: उर्वा सावलिया



**उर्वा सावलिया** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के पीरियड ड्रामा 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में पृथ्वीराज चौहान के बचपन का रोल निभा रहा है। उर्वा की इस बार फादर्स डे पर क्या प्लानिंग है, इस सवाल पर वह जवाब देता है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैने अपनी मम्मी के साथ मिलकर अपने पापा के लिए एक खास सरप्राइज प्लान किया है, लेकिन इसे अभी बताऊंगा नहीं, बता दिया तो सरप्राइज कैसा।' उर्वा अपने पापा की वो क्वालिटीज बताता है, जो उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा हमेशा से मेरे लिए हीरो रहे हैं। उनके मार्गदर्शन ने मुझे हर मुश्किल घड़ी में रास्ता दिखाया और एक ताकत दी है। मेरे पापा ना सिर्फ मेरे आइडियल हैं, बल्कि मेरे बेस्ट फ्रेंड भी हैं। मुझे उनकी सादगी सबसे ज्यादा पसंद है। उसी सादगी और संयम को मैं भी अपनाना चाहता हूं। मेरे पापा मेरे लिए एक पावर हाउस की तरह हैं।' *



प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

फीलिंग्स / मोनिका शर्मा

# पापा को दो प्यार भरा सरप्राइज

बच्चो, हर साल की तरह इस बार भी तुमने जरूर फादर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग की होगी। इस प्लानिंग के साथ तुम कुछ अलग तरीके से फादर्स-डे सेलिब्रेट कर अपने लविंग पापा को सरप्राइज कर सकते हो। कैसे, जानो।





बच्चो, तुम्हारे हर स्पेशल दिन पर सरप्राइज देने वाले पापा को फादर्स-डे पर तुम भी सरप्राइज दे सकते हो। पापा के दिल को छू जाने वाला कुछ करके, तुमको भी बहुत खुशी मिलेगी। पापा के लिए तो यह सदा के लिए एक यादगार दिन बन जाएगा। इस बार फादर्स-डे पर पापा को हैप्पी और डिलाइटफुल, आश्चर्य में डालने वाले प्यारे काम करना ना भूलना।

**प्यारा वीडियो मैसेजः** पापा तुमको सुपरहीरो लगते हैं या लविंग-केयरिंग डैडी। साथ मस्ती करने वाले दोस्त जैसे लगते हैं या सलाह देने वाले गाइड। रोल मॉडल हैं या सहज प्यारे से पर्सन। वीडियो में खुलकर हंसते-मुस्कुराते हुए अपने पापा के लिए सब कुछ कह डालो। फादर्स-डे के खास दिन पर विश करते हुए अपने मन की बातें कहने वाला वीडियो पापा को सचमुच स्पेशल फील करवाएगा। अपनी सी बातों को समेटते हुए यूनीक सा वीडियो मैसेज बनाने का आइडिया कमाल कर जाएगा। फादर्स-डे को अलग अंदाज में सेलिब्रेट करने का अंदाज पापा को खूब खुशी देगा।



**लिखो दिल छूने वाला पत्रः** पेंसिल पकड़ने से लेकर अच्छे से पढ़ने-लिखने तक, तुम्हारी सीखने-समझने की जर्नी का हर दिन पापा के लिए भी बहुत खास होता है। इसीलिए तुम्हारी अपनी हैंडराइटिंग में लिखे लेटर का हर अक्षर पापा के लिए अनमोल होगा। साथ ही तुम्हारी लिखी बातें सदा के लिए एक सहेजने वाला गिफ्ट बन जाएंगी। इस बार डैडी के लिए प्यार, रेस्पेक्ट और प्यारी-प्यारी मेमोरीज को पत्र में लिख डालो। अपने लिखे पत्र में इमोशंस को प्रेजेंट करने के लिए इमोजी भी बनाओ। चुपचाप पापा की अलमारी या तकिए के नीचे अपना पत्र रख दो। इस तरह लिखी गई बातों को पढ़ कर पापा के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।

**आर्टिस्टिक एक्सप्रेशनः** तुम्हारे रंग-बिरंगे चित्र और आड़ी-तिरछी रेखाएं पापा को खूब भाती हैं। इस बार अपने हाथ से सुंदर सा फादर्स-डे कार्ड, पेंटिंग या एक आर्टिस्टिक पीस बनाकर पापा को देना मत भूलना। अपने बनाए आर्ट पीस को सुंदर स्टिकर से सजाकर प्यारा सा मैसेज भी दे सकते हो। कार्ड पर अपने हाथ से बनाई सिंपल पेंटिंग भी बना सकते हो। कोई भी आर्टवर्क डैडी के लिए एक परफेक्ट होममेड गिफ्ट होगा, अफेक्शन से भरा अट्रैक्टिव उपहार। बच्चो, पापा ऐसी बातों को खुलकर बताते नहीं हैं पर तुम्हारा बनाया आर्ट-क्राफ्ट पापा के लिए प्यार जताने का सबसे सुंदर तरीका है। इसे जब भी पापा देखेंगे, उनके चेहरे पर स्माइल आ जाएगी। *

## जीके क्विज-157

1. हाल ही में चर्चा में रहे डी. गुकेश का संबंध किस खेल से है?
2. 51वां जी 7 शिखर सम्मेलन किस देश में आयोजित किया जाएगा?
3. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र का अध्यक्ष किसे चुना गया है?
4. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
5. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
6. सर्वप्रथम किस विदेशी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?
7. कनाडा की राजधानी कहां है?
8. रतौंधी रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
9. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
10. मानव शरीर का कौन-सा अंग खून साफ करने का काम करता है?



बच्चो, जीके क्विज-157 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-156 का उत्तरः** 1.ओपल सुचाता चुआंगसरी, 2.रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 3.शुभमन गिल, 4.वी. एस. रामादेवी, 5. 21 जून, 6.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.गोवा, 8.जापान, 9.वेलिंगटन, 10.क्लोरोफ्लोरोकार्बन

**जीके क्विज-156 का सही उत्तर देने वालेः** निलेश-जांजगीर, मुकेश-बिलासपुर, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, आशीष-भोपाल

## हंसगुल्ले

**पापाः** लड़के को अंग्रेजी में 'ही' कहते हैं, तो कई लड़कों को अंग्रेजी में क्या कहेंगे?
**सोनू (कुछ देर सोचने के बाद):** पापा, जितने लड़के होंगे, उतने 'ही ही ही' कहेंगे।
**-गोपी, बिलासपुर**

**एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े रिंकू से पूछाः** यह कौन-सा स्टेशन है?
**रिंकूः** अंकल, यह रेलवे स्टेशन है।
**राशि, रायपुर**



**चुन्नू बर्फ का टुकड़ा उठा कर उसे घूरे जा रहा था...**
**पापा ने पूछाः** क्या देख रहे हो?
**चुन्नूः** देख रहा हूं कि यह लीक कहां से हो रहा है?
**-कोकिला, रोहतक**




कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

# कितने अच्छे पापा!

विपुल को यही लग रहा था कि सोसाइटी में होने वाले शतरंज का फाइनल मैच हार जाएगा, जबकि वह कई बार फाइनल मैच जीत कर शतरंज बालश्री का पुरस्कार पा चुका था। इधर दो बार से वह फाइनल मैच में हार जा रहा था। लेकिन पापा ने उसकी जीत के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश की। क्या इसके बाद विपुल फाइनल मैच में विजयी हुआ?



शनिवार की सुबह थी। विपुल बहुत बेचैन था। उसकी बेचैनी का कारण जून महीने की गर्मी नहीं थी। वह इसलिए बेचैन था, क्योंकि अगले दिन इतवार को उसका शतरंज का फाइनल मैच था। उसे डर लग रहा था कि कहीं पिछली दो बार की तरह इस बार भी वह फाइनल मैच में हार न जाए।

विपुल जिस हाउसिंग सोसाइटी में रहता है, उसमें बहुत सारे फ्लैट हैं। उस सोसाइटी में हर वर्ष जून और दिसंबर की स्कूल की छुट्टियों में बच्चों के लिए खेल-कूद की अनेक प्रतियोगिताएं होती हैं। विपुल शतरंज की प्रतियोगिता में भाग लेता है। वह फाइनल में जीतकर शतरंज बालश्री का पुरस्कार कई बार पा चुका है। लेकिन पिछले साल जून और दिसंबर में हुई शतरंज प्रतियोगिता में जीतते-जीतते वह फाइनल तक तो पहुंच गया था, पर फाइनल मैच में हार गया था। इसलिए उसे डर सता रहा था कि वह कहीं इस बार भी हार न जाए। वह इसी सोच में गुमसुम-सा बैठा था। तभी विपुल के पापा उसके पास आए और बोले,'बेटा, आज तो मेरे ऑफिस की छुट्टी है। चलो, शतरंज खेलते हैं।'

विपुल के पापा शतरंज के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने शतरंज की कई बड़ी प्रतियोगिताओं में बहुत से पुरस्कार जीते हैं। विपुल आज तक पापा से शतरंज में जीत नहीं पाया है। पापा के साथ खेलते हुए उसे लग रहा था कि वह आज भी हार जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कुछ देर बाद वह जीत गया और पापा हार गए।

विपुल की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था, क्योंकि वह पहली बार पापा से जीता था। तभी पापा बोले, 'आओ, एक बाजी और खेलते हैं।' इस बार तो विपुल को पूरी उम्मीद थी कि वह हार जाएगा, लेकिन इस बार भी वह जीत गया। उस दिन शाम तक विपुल ने पापा के साथ शतरंज की आठ बाजियां खेलीं और सभी में वह जीत गया। यह देख पापा विपुल से बोले, 'बेटा, अगर तुम मुझे हरा सकते हो तो फिर कल के मैच में एक बच्चे को क्यों नहीं हरा सकते?'

विपुल को अब अपने आप पर विश्वास हुआ कि वह कल का मैच जीत सकता है।

अगले दिन जब शतरंज का फाइनल मैच शुरू हुआ तो विपुल के पापा भी मैच देखने गए। पापा को अपने आस-पास पाकर विपुल पूरे आत्मविश्वास से खेलने लगा और दूसरे बच्चे को हराकर जीत भी गया। दोपहर बाद प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित हुए और विपुल को शतरंज बालश्री पुरस्कार प्रदान किया गया। घर आते हुए खुशी के मारे उसके पांव जमीन पर नहीं पड़ रहे थे।

शाम को पापा को बस से भोपाल के लिए निकलना था। लगभग बारह घंटे की बस यात्रा थी। अगले दिन सुबह से वहां उनकी एक हफ्ते की सरकारी ट्रेनिंग थी। खाना खाते हुए विपुल ने पूछा, 'पापा, आप वापस कब आएंगे?'

'इतवार सुबह की राजधानी ट्रेन से आऊंगा। इस ट्रेन में तो सात घंटे ही लगेंगे। दोपहर बाद तक घर पहुंच जाऊंगा।' पापा ने जवाब दिया। यह सुनकर विपुल बोला,'पापा, आप राजधानी से वापस आएंगे तो फिर राजधानी से ही क्यों नहीं गए? बस से तो टाइम भी ज्यादा लगेगा और बस में गर्मी और भीड़-भाड़ भी होगी। आप ठीक तरह से सो भी नहीं पाएंगे। कल सुबह भोपाल पहुंचेंगे तो बिना आराम किए आपको ट्रेनिंग के लिए जाना होगा।'

'हां, यह तो है।' पापा बहुत आहिस्ता से बोले।

'पापा, आप आज दिन में राजधानी से जाते तो आराम से एसी ट्रेन का सफर करते और रात को ठीक तरह से सो भी पाते।' विपुल की इस बात का पापा ने कोई जवाब नहीं दिया और चुपचाप खाना खाते रहे।

तभी मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम्हारे पापा आज सुबह इसलिए ट्रेन से नहीं गए ताकि वे मैच जीतने के लिए तुम्हारा हौसला बढ़ा सकें।'

यह सुनकर विपुल बहुत भावुक हो उठा, बोला, 'पापा, आप मेरे लिए इतना कष्ट सहकर जाएंगे भोपाल, जबकि आप बड़े आराम से ट्रेन से जा सकते थे।' मम्मी फिर बोलीं, 'और यह जो कल तुमने अपने पापा को आठ बार हराया है न, यह भी कोई अपने-आप नहीं हो गया। तुम्हारे पापा शतरंज के इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि बड़े-बड़े खिलाड़ी इनसे नहीं जीत पाते, लेकिन तुम इनसे कैसे जीत गए, वह भी एक ही दिन में लगातार आठ बार! सोचा क्या तुमने?'

मम्मी की बात सुनकर विपुल सोच में पड़ गया। मम्मी आगे बोलीं, 'बेटा, यह भी तुम्हारे पापा की ही सोची-समझी तरकीब थी। ये जानबूझकर तुम से आठ बार हारे थे ताकि तुम्हारा आत्मविश्वास लौट आए और तुम आज का फाइनल मैच जीत सको।'

मम्मी की बात सुनकर विपुल उठा और पापा के गले लगकर बोला, 'पापा, आप कितने अच्छे हैं..!'

पापा भी प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरने लगे। *



कविता / देवी प्रसाद गौड़

## मेरे फौजी पापा

सदा फूल से खिलते पापा,
हंसते-हंसते घर में आते।
कहां छुपी है परी हमारी,
सबसे पहले मुझे बुलाते।।
जब भी पापा घर में आते,
तरह-तरह की टॉफी लाते।
मधुर मंद मुस्काते जाते,
एक-एक कर मुझे दिखाते।।
टॉफी देख पंख लग जाते,
मैं घर में उड़ने लग जाती।
पापा के कंधे पर बैठी,
भैया से लड़ने लग जाती।।
सर चढ़ी लाड़ली पापा की,
मां, मुझको आंख दिखाती है।
कभी प्यार से कभी झगड़ कर,
भैया का हिस्सा खाती है।।
पापा कहते सब बच्चों में,
बिटिया लगती मुझको प्यारी।
बहुत गर्व है मुझको इस पर,
इसकी बातें सबसे न्यारी।।
रोज सबेरे मुझसे कहती,
पापा मेरी गुल्लक खुलवाओ।
उसमें पैसे और मिलाकर
अच्छी सी बंदूक मंगाओ।।
सुबह-शाम टीवी पर सुनती,
सिंदूरी मान बढ़ाऊंगी।
फौजी पापा की बेटी हूं,
सीमा पर लड़ने जाऊंगी।।
बहुत खुशी है मुझको बिटिया,
सपना साकार कराऊंगा।
अभी बड़ी हो जाओ लाड़ो,
तुमको कप्तान बनाऊंगा।।

## रंग भरो-177

**रंग भरो-177** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





श्याम, धमतरी



वसनि, रायपुर



सानवी, अंबिकापुर



रितेश, मटियारी



मिष्ठी, महासमुंद



डिंपल, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आतिया-बहादुरगढ़, अंकित-धमतरी, अथर्व-बिलासपुर, डॉली-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, रुपाली-दिल्ली, ट्विंकल-महेंद्रगढ़, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा

## रंग भरो 178



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में भाई-बहन फादर्स डे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस प्यारे से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



तुम्हारे लिए किताब / सुधा श्रीवास्तव

# जीवन पथ-प्रदर्शित करती कहानियां





फादर्स-डे के आस-पास पापा से जुड़ी कोई कहानी मिल जाए तो तुम झटपट पढ़ डालोगे। असल में हर बच्चा अपने पापा से भावनात्मक रूप से बहुत जुड़ा होता है। पापा की सीखें, जीवन में पथ-प्रदर्शक का काम करती हैं, बाधाओं को दूर करती हैं, खुशियों से भरती हैं। इंदिरा त्रिवेदी का कहानी संग्रह 'पापा ने सही कहा था' की शीर्षक कहानी पढ़ते समय यही महसूस होता है। कहानी में मिनी परीक्षा नहीं देना चाहती है, क्योंकि उसने सही ढंग से तैयारी नहीं की है। लेकिन उसके पापा प्यार से समझाते हैं, 'तो क्या हुआ बेटा, क्लास में तुमने जो कुछ भी सुना-समझा हो, जो भी जानकारी हो, परीक्षा में आए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में लिख देना।' पापा को विश्वास है, मिनी होशियार है, प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखेगी और अच्छे अंक लाएगी। होता भी यही है। मिनी को समझ में आ जाता है कि बड़े लोग अपने जीवन अनुभव के आधार पर जो कहते हैं, सही कहते हैं। यह भी सही है कि कोशिश करने वाले असफल नहीं होते। इस संग्रह में कुल बारह कहानियां हैं। इन कहानियों में पैरेंट्स, बच्चों को जीवन की जरूरी सीख ही नहीं देते, उन्हें संस्कारवान भी बनाते हैं। संग्रह की कहानियां पढ़ते समय बच्चो, तुम्हें लगेगा, ये तुम्हारे आस-पास की अपनी कहानियां हैं। *

***किताब :*** *पापा ने सही कहा था,* ***लेखिका :*** *इंदिरा त्रिवेदी,* ***मूल्यः*** *200 रुपए,* ***प्रकाशक :*** *भव्या पब्लिकेशन, भोपाल*

अहमदाबाद से लंदन गैटविक एयर इंडिया का विमान एआई171 हादसे का शिकार हो गया। विमान में दो पायलट और केबिन क्रू के 10 सदस्यों समेत 242 यात्री सवार थे। विमान को कैप्टन सुमीत सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे। डीजीसीए के मुताबिक विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट ने एटीसी को मेडे की कॉल की थी, लेकिन जब एटीसी ने एयरक्राफ्ट से संपर्क साधने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला। विमान उड़ान भरते ही एयरपोर्ट परिसर के बाहर गिर गया, जिसके बाद धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दिया। विमान हादसे के बाद बचाव और राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ की कई टीमें मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। सवाल ये है कि आखिर हादसा हुए कैसे इसकी सटीक वजह जांच के बाद ही सामने आएगी। पहले हुए विमान हादसे और जानकारों के मतानुसार हरिभूमि अपने पाठकों को बताने की कोशिश कर रहा है कि ये विमान आखिर कैसे 'मौत का विमान' बन गया।

# आखिरी 'उड़ान'





## इन वजहों से होते हैं हादसे

### इंजन में गड़बड़ी

- टेकऑफ के दौरान इंजन अधिकतम तनाव में होते हैं। ऐसे में अगर इससे पक्षी टकराता है या फिर ईंधन में दबाव आता है तो तकनीकी खराबी आ जाती है जिससे दुर्घटना हो जाती है।

### पायलट की गलती

- टेकऑफ के दौरान हादसे का कारण स्पीड का सही अनुमान न लगा पाना भी होता है। स्पीड वजह से रोटेशन पॉइंट का गलत तरीके से आकलन करना भी घातक परिणाम की वजह साबित हो सकता है। ऐसे में अगर पायलट इसे तुरंत नहीं बता पाते हैं तो विमान हादसे का शिकार हो जाता है। अनुमान है कि 65% टेकऑफ क्रैश में पायलट की गलती होती है।

### तकनीकी सिस्टम

- टेकऑफ के दौरान लैंडिंग गियर, हाइड्रोलिक्स, ऑटोथ्रॉटल या एयरस्पीड इंडिकेटर्स में अगर कोई पहले से खराबी रहती है अगर इसे सुधार करने में देरी की जाती है तो इसकी वजह से भी हादसा हो सकता है।

### खराब मौसम

- खराब मौसम की वजह से बहुत से हादसे हुए हैं। आंधी या माइक्रोबर्स्ट विमान को खतरा पहुंचा सकता है। उड़ाने भरने वाले विमान को ये नीचे भी गिरा सकता है।

### अचानक कोई अवरोध

- रनवे पर विमान जब स्पीड में रहता हो तो अचानक, पक्षी, वाहन या फिर और आता है तो विमान स्पीड की वजह से अनकंट्रोल हो सकता है और इसकी वजह से हादसा हो जाता है।
- 65% घटनाएं मानवीय भूल से होती
- 20% तकनीकी खराबी के कारण होती हैं
- 10% मौसम के कारण होती हैं
- 5% रनवे पर किसी अन्य कारण


विचलित करतीं तस्वीरें

## दुनिया में 35% विमान टेकऑफ के दौरान होते हैं क्रैश

लंबे समय से टेकऑफ और लैंडिंग विमान के लिए सबसे खतरनाक समय माना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय विमानन सुरक्षा आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में सभी विमान दुर्घटनाओं में से लगभग 35% टेकऑफ़ के दौरान या उसके तुरंत बाद होती हैं। विमान पूरी गति से चलने वाले इंजनों के साथ स्थिर अवस्था से तेजी से गति करता है। ऐसे में अगर रनवे की सतह से लेकर एयरस्पीड सेंसर तक विमान में कोई खामी आती है तो हादसा हो सकता है। विमानन सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि टेकऑफ़ का क्षण काफी ज्यादा कमजोरी भरा होता है। ऐसे में पायलट को आखिरी मिनट की आपात स्थिति के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। टेकऑफ के दौरान छोटी सी छोटी समस्या भी हादसे की वजह साबित हो सकती है। ऐसे में एयरस्पीड और बाहरी स्थितियों पर नज़र रखना होती है। विशेषज्ञों के मुताबिक उड़ान भरने से पहले पायलट को मौसम की स्थिति, रनवे की लंबाई, विमान के वजन और ईंधन के बारे में जानकारी हासिल करना चाहिए। इसके अलावा वी1 के बाद सिस्टम में कोई खराबी, पक्षी का टकराना या इंजन में कोई समस्या आती है, तो पायलट को उसे टेकऑफ करना है या फिर स्टाप लेना है।

## क्रैश होते ही आग का गोला बनने का ये है कारण



हादसे का शिकार हुए एयर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान था, जिसे लंदन जाना था। इस विमान की अधिकतम ईंधन क्षमता 1 लाख किलोग्राम से ज्यादा है। टेकऑफ (उड़ान भरने) के समय किसी भी विमान में ईंधन पूरी तरह भरा होता है। ऐसे में संभावना है कि इस विमान ने भी लंबी दूरी की जरूरत के अनुसार ईंधन भरा होगा। इसीलिए जब यह विमान टेकऑफ करते ही दुर्घटनाग्रस्त हुआ, तो भीषण आग का एक गोला और धुआं निकला। दुर्घटनाग्रस्त विमान 11 साल पुराना था। यह एक वाइड-बॉडी, मिड-साइज और लॉन्ज रेंज विमान है, जो 210-250 सीटों की क्षमता के साथ 8,500 समुद्री मील (9,800 मील) तक की दूरी तय कर सकता है। इसे 20 फीसदी कम फ्यूल कंजम्प्शन के साथ


विमान का मलबा

# सर्वाधिक अमेरिका में होते हैं विमान हादसे,10वें नंबर पर आता है भारत


रेस्क्यू में जुटी

विमान हादसों की बात करें तो सबसे ज्यादा विमान हादसे अमेरिका में होते हैं। इस बारे में स्टेटिस्टा ने पिछले साल एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें 1945 से लेकर 2022 तक के आंकड़े शामिल किए गए थे। इस रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में बीते 77 साल में कुल 864 विमान हादसे हुए हैं, यानी हर साल तकरीबन 11-12 हादसे होते हैं, जबकि 539 हादसों के साथ रूस दूसरे नंबर पर है। 191 हादसे कनाडा में, 190 विमान हादसे ब्राजील में हुए हैं। इस मामले में पांचवें नंबर पर कोलंबिया है जिसमें 184 विमान हादसे हुए, जबकि यूके में 110 हादसे हुए हैं। इंडोनेशिया में 106, फ्रांस में 105, मैक्सिकों में 102 विमान हादसे पिछले 77 साल में हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक विमान हादसों के मामलों में भारत 10 वें नंबर पर है, यहां 77 साल में महज 95 विमान हादसे हुए हैं, जबकि भारत के ठीक बाद चीन का नंबर है, चीन में 76 प्लेन क्रैश हुए हैं। इसके बाद 68 विमान हादसों के साथ इटली है. 1945 से 2022 तक की इस रिपोर्ट में सबसे कम हादसे अर्जेंटीना में बताए गए हैं, जहां 77 साल में महज 43 प्लेन क्रैश हुए हैं।

## आखिरी सफर के आखिरी फोटो


राजस्थान के बांसवाड़ा के इस प्यारे से परिवार को देखिए। सबकी विमान हादसे में मौत हो गई। डॉ. कोनी व्यास पेसिफिक हॉस्पिटल से इस्तीफा देकर अपने पति प्रदीप जोशी के साथ लंदन में शिफ्ट होने वाली थी। गुरुवार को बच्चों के साथ जा रही थी, दुखद हादसे का शिकार हो गई।

### पिता के साथ खुशबू

राजस्थान बालोतरा के मदनसिंह राजपुरोहित की सुपुत्री खुशबू की शादी कुछ माह पूर्व ही हुई थी और वे अपने पति से मिलने लंदन जा रही थीं



### मणिपुर की दो बेटियां

क्रू मेंबर में शामिल मणिपुर की रहने वाली दो लड़कियों की मौत हुई है।



## दूसरी मंजिल से कूद गया मेरा बेटा



एयर इंडिया विमान दुर्घटना की खबर के बाद गुजरात के अहमदाबाद के सिविल अस्पताल पहुंची रमीला ने बताया। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा लंच ब्रेक के दौरान हॉस्टल गया था और विमान वहीं दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मेरा बेटा सुरक्षित है और मैंने उससे बात की है। वह दूसरी मंजिल से कूद गया था, इसलिए उसे कुछ चोटें आईं।

## मात्र 11 साल पुराना था बोइंग विमान

बोइंग 787 ड्रीमलाइनर की डिज़ाइन की गई जीवन अवधि 44,000 उड़ान चक्र है। यानी जो 30 से 50 वर्षों की संभावित लाइफ बताती है। जबकि अधिकांश वाणिज्यिक जेट इतने लंबे समय तक सेवा में नहीं रहते हैं। 787 की मजबूती बेड़े और सेवानिवृत्ति योजना में अधिक लचीलापन प्रदान करती है। अहमदाबाद में गिरा प्लेन सिर्फ साढे 11 साल पुराना था।

- ईंधन क्षमता 1,26,206 लीटर
- अधिकतम गति 954 किमी/घंटा
- अधिकतम रेंज 13,620 किलोमीटर
- बैठने की क्षमता 254 यात्रियों तक
- निर्माता बोइंग (यूएसए)

अनुमानित लागत 2.18 हजार करोड़ रुपए

### कौन थे विमान उड़ाने वाले पायलट

फ्लाइट में जो दो पायलट थे, उनका नाम कैप्टन सुमीत सभरवाल और क्लाइव सुंदर था। विमान की कमान विमान की कमान कैप्टन सुमीत सभरवाल के पास थी, उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव सुंदर थे। कैप्टन सुमीत सभरवाल के पास 8200 घंटों का अनुभव है। सुंदर के पास 1100 घंटे का फ्लाइट एक्सपीरियंस था. ये फ्लाइट में फर्स्ट ऑफिसर थे। बता दें कि जब भी कोई फ्लाइट उड़ती है तो उसमें आमतौर पर दो पायलट होते हैं, जिनमें एक कैप्टन प्लेन उड़ाते हैं। वहीं, इनके साथ एक पायलट फर्स्ट ऑफिसर होते हैं, जो आम तौर पर जूनियर पायलट होते हैं। पांच साल के अनुभव के बाद किसी फर्स्ट ऑफिसर को कैप्टन की पोस्ट पर प्रमोट कर दिया जाता है।

### हादसे वाले प्लेन में थी कई खामियां

जिस प्लेन का हुआ हादसा, उसमें थी कई खामियां,युवक ने सोशल मीडिया पर शेयर भी की थी, बता दें कि शख्स हादसे वाली फ्लाइट से 2 घंटे पहले दिल्ली से अहमदाबाद आया था।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की संवेदनाएं



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस हादसे को हृदय विदारक आपदा करार देते हुए, सभी प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए राष्ट्रपति ने लिखा यह एक अत्यंत दुखद विमान दुर्घटना है। इस हृदय विदारक आपदा में जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना है। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।

चिंतन

# यात्री विमान हादसा दुखद सभी बिंदुओं की हो जांच

अहमदाबाद में एयर इंडिया का प्लेन क्रैश अत्यंत दुखद हादसा है। इस हृदय विदारक हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का भी निधन हो गया। भारत के एविएशन इतिहास में भारतीय विमानन संचालन प्रक्रिया काफी सुरक्षित है और विमान सुरक्षा के सभी मानदंडों का कड़ाई से पालन होता है, इसके बावजूद एयर इंडिया की इंटरनेशनल उड़ान का दुर्घटनाग्रस्त हो जाना तकनीकी स्तर पर चिंता पैदा करता है। आधुनिक समय में विमान इंजीनियरिंग से लेकर सॉफ्टवेयर तक सभी आधुनिक और अपडेटेड हैं, टेक ऑफ से पहले सभी सुरक्षा जांच होती है, इसके बाद भी ऐसे हादसे सिस्टम की चूक के बिना संभव नहीं हैं। विमान हादसे में तीन प्रमुख कारण होते हैं, मानवीय चूक, तकनीकी खराबी और अप्रत्याशित बाहरी कारण। एयर इंडिया का यह लंदन जा रहा विमान जिस तरह से उड़ान भरने के तीन मिनट के भीतर आग के गोले में तब्दील होकर क्रैश हो गया, उससे तकनीकी खराबी की आशंका अधिक है। ब्लैक बॉक्स मिलने व जांच के बाद असली वजह का पता चलेगा। इस हादसे की वजह से एयर इंडिया व विमान निर्माता कंपनी बोइंग दोनों की साख पर आंच आई है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के अनुसार, एआई-171 ने दोपहर 1 बजकर 39 मिनट पर अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से उड़ान भरी थी। करीब 15 किमी उड़ने के बाद विमान क्रैश कर गया। यह विमान क्रैश होने के बाद जिस अस्पताल के हॉस्टल पर गिरा, उसके लिए भी जानलेवा बन गया। अमेरिकी विमानन कंपनी बोइंग का ड्रीमलाइनर विमान काफी अपडेटेड व सुरक्षित माना जाता है, इसके बाद भी इसका क्रैश होना कंपनी की तकनीकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। बोइंग के कई विमान इससे पहले भी क्रैश हुए हैं, हालांकि कंपनी का कहना है कि बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान पहली बार क्रैश हुआ है। वर्ष 2018, 2019 और इस विमान को अपडेट करने के बाद 2024 में भी यह विमान क्रैश हुआ था, जिसमें 500 लोगों से अधिक की जान चली गई थी। भारत में इससे पहले वर्ष 2020 में 7 अगस्त को कोझिकोड (कालीकट) में दुबई से आ रहा विमान कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2010 में 22 मई को विमान मैंगलोर में रनवे से फिसल गया, जिसमें 158 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2000 में 17 जुलाई को एलायंस एयर की उड़ान पटना में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें 60 से अधिक लोग मारे गए थे। वर्ष 1996 में 12 नवंबर को हरियाणा के चरखी दादरी में सऊदी अरब एयरलाइंस बोइंग 747 और कजाकिस्तान एयरलाइंस इल्यूशिन आईएल-76 विमान दिल्ली के पास टकरा गए, जिससे दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोग मारे गए थे। वर्ष 1993 में 26 अप्रैल को औरंगाबाद में विमान हादसे में 55 लोग मारे गए थे। वर्ष 1991 में 16 अगस्त को इंफाल में हवाई दुर्घटना हुई, सभी 69 लोग मारे गए। वर्ष 1990 में 14 फरवरी को बेंगलुरु हवाई दुर्घटना में 92 लोग मारे गए थे। वर्ष 1988 में 19 अक्टूबर को अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना में 133 लोग मारे गए थे। मुंबई में वर्ष 1982 में 21 जून को प्लेन क्रैश में 17 लोग और वर्ष 1978 की 1 जनवरी को 213 लोग मारे गए थे। नागर विमानन विभाग को गहराई से इस हादसे की जांच करनी चाहिए। विमानन कंपनी बोइंग के अंदर भी विमान निर्माण के दौरान कई खामियों को पूर्व में कंपनी के कई पूर्व कर्मचारियों व व्हिसिल ब्लोअरों ने उजागर किया है, इसलिए जांच में इस पक्ष को भी शामिल किया जाना चाहिए।

आत्मनिर्भर राष्ट्र

भूपेन्द्र भारतीय



# सुनिश्चित होता दिख रहा विकसित भारत का स्वप्न

पिछले 11 वर्षों में आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में भारत को विकसित होते देखना उत्साहवर्धक है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल प्रशासन और उनके दृढ़ संकल्पों से ही संभव हो पाया है। कहते हैं कि परिवर्तन एक क्रमिक नियम है और अगर हम इस परिवर्तन के पथ पर बढ़ेंगे तो अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का यह मानना है कि देश के युवा अगर अपनी क्षमताओं और कर्तव्यों का निर्वहन करना आरम्भ करें तो देश एक विकसित राष्ट्र के रूप में तीव्र गति से उभर सकता है। सबसे बड़ी बात यह कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने भारत की 140 करोड़ जनसंख्या में यह विश्वास पैदा करने में सफलता पाई कि समाज को भी देश के प्रति कुछ त्याग करना आवश्यक है तथा देश को आगे बढ़ने के लिए हमें कुछ कड़वे तथा कठोर नियम कानूनों को मानना पड़ेगा। तब कहीं कोई भी सरकार सामाजिक, आर्थिक न्याय पूर्णतः कर सकती है। मोदी सरकार ने डिजिटल पहलों, तकनीकी प्रगति, सामाजिक कल्याण योजनाओं, वित्तीय समावेशन, स्वच्छ ईंधन, स्वच्छ वातावरण, रक्षा क्षमता और सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं के प्रोत्साहन पर महत्व दिया है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत जैसी कई योजनाएं सामाजिक असमानताओं को कम करने और गरीबी रेखा से ऊपर उठने के लक्ष्य के साथ आरंभ की गई हैं। मनमोहन सिंह सरकार ने भी 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' और 'सर्व शिक्षा अभियान' जैसी योजनाओं के माध्यम से सामाजिक विकास को बढ़ावा दिया था। इन तथ्यों से निष्कर्ष यही निकलता है कि कुछ पैमानों पर मोदी सरकार तो कुछ पर मनमोहन सरकार बेहतर दिखाई पड़ती हैं। लेकिन फ़िर भी अंतिम वाक्य के रूप में यह कहा जा सकता है कि मोदी सरकार यूपीए की तुलना में अधिक बेहतर नज़र आती है। इसने दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत को धरातल पर वास्तव में उतारा। विकास को राष्ट्र के अंतिम व्यक्ति के लिए सुनिश्चित किया। भ्रष्टाचार पर बड़े स्तर पर अंकुश लगाकर विकसित भारत की नींव रख दी है। विगत दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से देश के युवाओं का आह्वान किया कि करीब एक हजार युवा गैर राजनीतिक परिवारों से राजनीति में आयें और देश की राजनीतिक व्यवस्था में भागीदार बनें। इसलिए पिछले दिनों प्रधान सेवक ने देश को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए देश में एक 'विकसित भारत 2047' के माध्यम से योजनाओं एवं उसके क्रियान्वयन के लिए युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की पहल की है। इसका उद्देश्य युवाओं को एक मंच प्रदान करना है जहां युवा अपनी क्षमताओं और कौशल के माध्यम से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें। विकसित भारत, एक दूरदर्शी अवधारणा का प्रतिनिधित्व करता है जो विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र के व्यापक परिवर्तन की कल्पना करता है। इस दृष्टिकोण में आर्थिक समृद्धि, सामाजिक समावेशिता, तकनीकी उन्नति, पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक समानता-न्याय और वैश्विक नेतृत्व शामिल हैं। 33 करोड़ जनधन बैंक खाते खोल कर सरकारी योजनाओं में होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने का काम किया है "लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में" क्या इसमें दलित, वांचित, अनुसूचित जाति जनजाति नहीं है ? प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लगभग 3 करोड़ ग़रीबों को पक्के घर बना कर दे दिए गए हैं। गांवों में बैंक खाते ना होने के कारण नरेगा में कितना भ्रष्टाचार होता था क्या किसी से छुपा है। वास्तव में यही सच्चा सामाजिक व आर्थिक न्याय है जो विकसित भारत की सुदृढ नींव रखता है। नरेन्द्र मोदी सरकार के सामाजिक, आर्थिक न्याय से सुनिश्चित होता विकसित भारत का स्वप्न निरंतर साकार हो रहा है और विश्व के अनेक शक्तिशाली देश इसकी सराहना कर रहे हैं। भारतीय नागरिकों को सामाजिक के साथ आर्थिक न्याय प्रदान करना मोदी सरकार का ऐतिहासिक कार्य है। इस कारण ही देश की जनता ने 2024 में तीसरी बार पुनः मोदी सरकार को ही चुना व विकसित राष्ट्र के लिए देश का नेतृत्व पुनः नरेंद्र मोदी के हाथों में दिया। यह सरकार विकसित भारत 2047 के कार्य में भी जोर-शोर से लग गई है। विकसित भारत का स्वप्न कोरी कल्पना नहीं है, मोदी सरकार के निर्णयों में इस स्वप्न को धरातल पर उतारने के सारे लक्षण दिख रहे हैं। आज भारत रक्षा, अंतरिक्ष, वित्तीय, सामरिक मामलों, राष्ट्र सुरक्षा, दुश्मनों को उनके घर में घुसकर जवाब देना, शिक्षा, स्वरोजगार आदि मामलों में किसी पर निर्भर नहीं है। यही से नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा विकसित भारत के लिए किये जा रहे कार्यों व निर्णयों को आसानी से देखा जा सकता है।

(लेखक अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



सियासत

राज कुमार सिंह

# जाति जनगणना पर टिकी राजनीति

भारत जैसे विशाल देश में जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने और अंतिम आंकड़े आने में लंबा समय लग सकता है। ऐसे में इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव ही नहीं, अगले साल होने वाले असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनाव भी जाति जनगणना के शोर और उसके श्रेय के दावों-प्रतिदावों के बीच ही निपट जायेंगे। अगर जनगणना के बीच भी सूत्रों के हवाले से आंकड़े बताकर चुनाव को प्रभावित करने की आशंका है, तो समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि अंतिम आंकड़े, उनके आधार पर परिसीमन तथा उसके बाद महिला आरक्षण तो चुनावी राजनीति की तस्वीर ही बदल सकता है।

नरेंद्र मोदी सरकार ने जाति जनगणना प्रक्रिया की औपचारिक घोषणा कर दी है। घोषित कार्यक्रम से स्पष्ट है कि प्रक्रिया लंबी चलेगी और भावी राजनीति पर दूरगामी असर डालेगी। घोषणा के मुताबिक अप्रैल से सितंबर, 2026 तक घरों को सूचीबद्ध किया जाएगा। उसके बाद लोगों की गिनती होगी। दरअसल जाति जनगणना दो चरणों में होगी। एक अक्तूबर, 2026 से पहले चरण में पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड में जनगणना होगी। दूसरे चरण में एक मार्च, 2027 से शेष सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना होगी। जाहिर है, भारत जैसे विशाल देश में जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने और अंतिम आंकड़े आने में लंबा समय लग सकता है। ऐसे में इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव ही नहीं, अगले साल होने वाले असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल एवं पुडुचेरी तथा 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर, गुजरात और गोवा विधानसभा चुनाव भी जाति जनगणना के शोर और उसके श्रेय के दावों-प्रतिदावों के बीच ही निपट जायेंगे। बेशक इससे बचने का कोई विकल्प नहीं है। हमारे राजनीतिक दल तो वैसे भी हर मुद्दे को चुनाव में भुनाने में माहिर हैं। नियमानुसार यह जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना आ गया।

कोरोना के बीच ही सावधानियों के साथ कई राज्यों में चुनाव तो कराये गये, लेकिन जनगणना नहीं। पांच साल विलंब से लंबित जनगणना में अब जातियों की गणना भी की जाएगी। हमारे देश में जाति जनगणना भले ही आजादी के बाद पहली बार हो रही हो, पर उस पर राजनीति पुरानी है। कांग्रेस और भाजपा, दोनों की छवि अतीत में जाति जनगणना विरोधी की रही है, लेकिन अब वे ही उसका श्रेय लेना चाहती हैं। सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जाति जनगणना को देश और समाज की विकास योजनाओं के लिए उपयोगिता से जोड़ कर पेश कर रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी कह रहे हैं कि यह तो पहला कदम है, हमें आगे जाकर पता करना है कि उच्च पदों में किसकी कितनी हिस्सेदारी है। सामाजिक न्याय के नाम पर राजनीति करने वाले लालू यादव, नीतीश कुमार और अखिलेश यादव में भी श्रेय की होड़ शुरू हो गयी है। समझ पाना मुश्किल नहीं कि सारा खेल सत्ता-राजनीति का है। जनगणना केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का विषय होते हुए भी बिहार, कर्नाटक और तेलंगाना राज्य सरकारों ने जाति सर्वे का दांव चला। इसीलिए जाति जनगणना कराने के मोदी सरकार के फैसले में भी राजनीतिक दबाव की भूमिका मानी जा रही है। अंग्रेजों के शासनकाल में 1881 में पहली बार भारत में जाति जनगणना हुई थी और 1931 तक हर दस साल बाद होती रही। जाति जनगणना कराई तो 1941 में भी गई, पर उसके आंकड़े जारी नहीं किये गये। आजादी के बाद भारत सरकार ने सामाजिक विभाजन बढ़ने की आशंका के मद्देनजर जाति जनगणना न कराने का फैसला किया। हां, जनगणना में एससी-एसटी वर्ग के आंकड़े दर्ज किये जाते रहे। कांग्रेसनीत संप्रग शासनकाल में 2011 की जनगणना में सामाजिक-आर्थिक स्थिति और जाति के आंकड़े तो जुटाये गये, लेकिन जारी नहीं किये गये। जनगणना के इंतजार में चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन भी रुका हुआ है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के



लिए आरक्षण भी परिसीमन के बाद ही लागू होगा। इसलिए जाति जनगणना और उसके आधार पर होने वाला चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन तथा महिलाओं के लिए आरक्षण भारत की चुनावी राजनीति पर दूरगामी असर डालने जा रहा है, जिसका अभी आकलन कर पाना भी बेहद मुश्किल है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए यह आदर्श स्थिति तो हरगिज नहीं है, पर इस सच से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि धर्म और जाति महत्वपूर्ण चुनावी कारक बन गये हैं। शायद इसलिए भी, जाति जनगणना के विरोधी समझे जाते रहे राजनीतिक दलों में भी अब उसकी होड़ नजर आती है।

जाति जनगणना की घोषणा के बाद उसकी पहली चुनावी परीक्षा इसी साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में होगी। सबसे पहले जाति सर्वे वाला बिहार ही बताएगा कि यह मोदी सरकार का 'मास्टर स्ट्रोक' साबित होता है या विपक्ष के दबाव में लिया गया फैसला। 1990 में भारतीय राजनीति के मंडल-कमंडल के बीच ध्रुवीकरण के बाद भाजपा की हिंदुत्ववादी राजनीति का जादू सिर चढ़ कर बोला है, लेकिन उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में ओबीसी नेताओं से उसे कड़ी चुनौती मिली है। ये सभी डॉ. राममनोहर लोहिया और चौधरी चरण सिंह की समाजवादी-लोकदली राजनीति से निकले हैं। लोहिया ने ही सबसे पहले नारा दिया था 'संसोपा ने बांधी गांठ, पिछड़े पावें सौ में साठ'। बाद में बसपा संस्थापक कांशीराम ने भी नारा दिया 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी'। मंडल आयोग का गठन 1979 में गैर कांग्रेसी यानि जनता पार्टी सरकार ने किया था, तो 52 प्रतिशत ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की उसकी सिफारिशों को लागू करने का फैसला भी 1990 में गैर कांग्रेसी यानि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने ही किया। वीपी सिंह सरकार द्वारा आनन-फानन में मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करते समय कांग्रेस और भाजपा विरोध में थीं, लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से भाजपा का राजनीतिक चरित्र तेजी से बदलता गया। उच्च वर्गों की पार्टी कही जाने वाली भाजपा को पिछले तीन लोकसभा चुनावों, और ज्यादातर विधानसभा चुनावों में भी, अन्य दलों से ज्यादा ओबीसी वोट मिले तो दलित वर्ग में भी उसकी पैठ बढ़ी। भाजपा में इन वर्गों का प्रतिनिधित्व भी बढ़ा है। मंडल-कमंडल ध्रुवीकरण से पहले ये वर्ग कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक थे। कांग्रेस भी समझ गयी है कि पिछड़े और दलित वर्गों का समर्थन वापस पाये बिना सत्ता में वापसी संभव नहीं। जब बिहार में जाति सर्वे कराया गया, तब नीतीश राजद- जदयू-कांग्रेस महागठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री थे, पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का सूत्रधार होने के बावजूद संयोजक तक न बनाये जाने पर खफा होकर वापस भाजपा के पाले में चले गये। इसलिए वहां जाति जनगणना का श्रेय महागठबंधन और राजग, दोनों लेना चाहेंगे। बेशक, बिहार समेत अन्य राज्यों में भी अंतिम फैसला मतदाता ही करेंगे। अगर जनगणना के बीच भी सूत्रों के हवाले से आंकड़े बताकर चुनाव को प्रभावित करने की आशंका है, तो समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि अंतिम आंकड़े, उनके आधार पर परिसीमन तथा उसके बाद महिला आरक्षण तो चुनावी राजनीति की तस्वीर ही बदल सकता है। अभी तक जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या तय होती रही है। इसीलिए दक्षिण भारतीय राज्यों को आशंका है कि जनसंख्या नियंत्रण बेहतर ढंग से लागू करने का अब उन्हें राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है, क्योंकि अधिक जनसंख्या वृद्धि वाले उत्तर भारतीय राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। इसी आशंका से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन दक्षिण भारतीय राजनीतिक गोलबंदी में भी जुट गये हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

## हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित

दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

## मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित

प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### रिश्तों की लाशों पर खड़ा आधुनिक प्रेम

इंदौर के राजा और सोनम के हनीमून पर हुई हत्या की घटना न केवल व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि सामाजिक, नैतिक और मानसिक स्तर पर गहरी चिंता पैदा करती है। यह अपराध आधुनिक प्रेम और विवाह संबंधों में फैलते अविश्वास और स्वार्थ की भयावह तस्वीर पेश करता है। साथ ही, मेघालय जैसे पर्यटन स्थलों की छवि भी प्रभावित होती है। ऐसी घटनाएं भावनात्मक शिक्षा, रिश्तों में पारदर्शिता और समाज के नैतिक मूल्यों की पुनर्समीक्षा की मांग करती हैं। भारत के सामाजिक परिदृश्य में प्रेम, विवाह और रिश्तों को पवित्र बंधन माना जाता रहा है, लेकिन जब हनीमून ही हत्या का मंच बन जाए, तो यह सिर्फ एक अपराध नहीं होता, यह पूरे समाज की अंतरात्मा पर चोट करता है। *– संजय यादव, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### रूस में नवलनी के सहयोगी को 18 साल जेल की सजा



रूस में असहमति रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई के बीच अदालतों ने एक विपक्षी नेता को उसकी अनुपस्थिति में दोषी ठहराया जबकि एक अन्य नेता को नजरबंद करने का आदेश दिया है। रूस के विपक्षी नेता दिवंगत एलेक्सी नवलनी के करीबी सहयोगी लियोनिद वोल्कोव को बुधवार को आपराधिक आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद 18 साल जेल की सजा सुनाई गई। रूसी समाचार एजेंसियों के अनुसार, मॉस्को की एक अदालत ने वोल्कोव को 40 मामलों में दोषी ठहराया, जिनमें आतंकवाद को उचित ठहराना, एक चरमपंथी समूह को संगठित करना और उसकी वित्तीय मदद करना, नाजीवाद का समर्थन और नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक गैर-सरकारी संगठन बनाना शामिल है। वोल्कोव पर 20 लाख रूबल (लगभग 25,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया तथा 10 वर्ष के लिए इंटरनेट के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया। नवलनी के क्षेत्रीय कार्यालयों और चुनाव अभियानों के प्रभारी रहे वोल्कोव अधिकारियों के दबाव के कारण कई साल पहले रूस छोड़कर चले गए थे। उन्होंने 2021 से 2023 के बीच नवलनी के भ्रष्टाचार विरोधी फाउंडेशन का नेतृत्व किया।

## ऑफ बीट

### कैंसर के जोखिम का कारण वह नहीं जो आप सोचते हैं



अगर आप लोगों से पूछें कि कैंसर किस वजह से होता है, तो शायद अधिकतर अपने जवाब में धूम्रपान, शराब पीने, सूरज की किरणों और बालों को रंगने वाली डाई जैसी चीजों को गिनाएंगे। लेकिन कैंसर के लिए सबसे प्रमुख जोखिम वाला कारक कुछ और है और वह है उम्र बढ़ना या बुढ़ापा आना (एजिंग)। यह बात सही है, कैंसर से जुड़ा सबसे बड़ा कारक अपरिहार्य है और यह एक ऐसी स्थिति है जिसका हम सभी अनुभव करेंगे। यह क्यों महत्वपूर्ण है? कनाडा और दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती आबादी वृद्ध लोगों की है। 2068 तक, लगभग 29 प्रतिशत कनाडाई 65 वर्ष से अधिक आयु के होंगे। वृद्ध लोगों में कैंसर सबसे आम बीमारियों और कनाडा में सबसे आम बीमारियों में से एक है, इसका मतलब है कि हमें वृद्ध लोगों के लिए सबसे अच्छी कैंसर देखभाल प्रदान करने के बारे में सोचना होगा। जनसांख्यिकीय बदलाव : तो अब तक हम किस तरह काम कर रहे हैं? जवाब है : बहुत अच्छा नहीं। यह आश्चर्यजनक हो सकता है, लेकिन हमारे पास कैंसर देखभाल में इस जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए कुछ नया करने और तैयारी करने का एक शानदार अवसर भी है।

## ट्रेंड

### डिजिटल अर्थव्यवस्था



मोदी सरकार ने प्रौद्योगिकी के उपयोग को लोकतांत्रिक बनाया और व्यापार क्षेत्र के लिए इसकी शक्ति का दोहन किया, जिससे भारत पिछले 11 सालों में दुनिया में एक अग्रणी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### हमला दुर्भाग्यपूर्ण



बांग्लादेश में स्थित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास पर हुआ हमला अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। यह हमला भारत और बांग्लादेश दोनों देशों के राष्ट्रगान रचने वाले, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ जी के विचारों को कुचलने का प्रयास है।
-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### इस्तीफा देने की मांग



1950 के दशक में जब रेल पटरी से उतर गई थी, तब लाल बहादुर शास्त्री ने इस्तीफा दे दिया था। उसी नैतिकता के आधार पर मैं प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू से इस्तीफा देने की मांग करता हूं ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच हो सके।
-सुब्रमण्यम स्वामी, पूर्व केंद्रीय मंत्री

### जांच में रखें ध्यान



खालिस्तानी गुरूपतवंत सिंह पन्नू ने एयर इंडिया विमान में विस्फोट की धमकी दी थी, ये वही पन्नू है जिसे अमेरिका ने अपने यहाँ संरक्षण दे रखा है। जांच को इसे ध्यान में रखकर किया जाए।
-आईपी सिंह, पूर्व राज्य मंत्री, उप्र

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

डिजिटल इंडिया के 11 साल

# गरीबों को सशक्त बनाने के लिए तकनीक बनी एक महत्वपूर्ण सहारा

## गरीबों, वंचितों और हाशिए पर पड़े वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गईं विस्तृत योजनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प के अलावा, 'डिजिटल इंडिया' का लक्ष्य और दृष्टिकोण अब साकार होने लगा है क्योंकि यह वर्तमान सरकार के शासन का मूल बन गया है। 11 साल पहले देश में शुरू हुई डिजिटल क्रांति, लगभग हर नीति-निर्माण और जन कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन में शामिल हो गई है, जिसमें गरीबों, वंचितों और हाशिए पर पड़े वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई गई हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि "प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ उठाने से लोगों को अनगिनत लाभ हुए हैं। उन्होंने कहा कि सेवा वितरण और पारदर्शिता को काफी बढ़ावा मिला है। तकनीक सबसे गरीब लोगों के जीवन को सशक्त बनाने का एक साधन बन गई है।

पीएम ने कहा कि सेवा वितरण और पारदर्शिता को काफी बढ़ावा मिला





### शासन व्यवस्था पारदर्शी और सुलभ बनी

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने पहले कार्यकाल में शुरू की गई डिजिटल इंडिया पहल ने पिछले दशक में देश के विकास और प्रगति के तरीके को नया आकार दिया है। शासन व्यवस्था पारदर्शी और हर नागरिक के लिए सुलभ हो गई है, आम नागरिक के लिए बड़े पैमाने पर अवसर भी खोले हैं। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर मोदी सरकार की सबसे बड़ी पहचान है क्योंकि इसने करोड़ों गरीब परिवारों तक जन कल्याण निधि और योजनाओं की निर्बाध और रिसाव-मुक्त डिलीवरी सुनिश्चित की है। आज, गांवों में इंटरनेट सेवाओं की पहुंच बढ़ी है।

### 44 लाख करोड़ से अधिक हस्तांतरित किए गए

आज डीबीटी के तहत 56 मंत्रालयों में 322 से अधिक योजनाएं शामिल हैं। लाभार्थियों के खातों में सीधे 44 लाख करोड़ से अधिक हस्तांतरित किए जा चुके हैं, जबकि रिसाव को कम करके और बिचौलियों को रोककर 3.48 लाख करोड़ बचाए गए हैं। वहीं पिछले दस वर्षों में, डीबीटी हस्तांतरण में 90 गुना वृद्धि हुई है, जो गति और पारदर्शिता से युक्त जन कल्याण वितरण के एक नए युग को चिह्नित करता है।

### आधार: दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल आईडी प्रणाली

आधार प्रत्येक नागरिक की एक विशिष्ट पहचान देश की डिजिटल पहचान क्रांति को शक्ति प्रदान कर रही है। आज, 140 करोड़ की आबादी के प्रत्येक नागरिक के पास एक विशिष्ट 12-अंकीय आधार संख्या है।

### डिजिलॉकर ने दी बड़ी सुविधा

डिजिलॉकर एक ऐसा एप्लिकेशन जो दस्तावेजों को ऑनलाइन संग्रहीत करने की सुविधा देता है, ने कागज रहित शासन को मजबूत प्रोत्साहन दिया है। आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, देश में 52 करोड़ से अधिक पंजीकृत डिजिलॉकर उपयोगकर्ता हैं, जिनके पास 852 करोड़ से अधिक दस्तावेज जारी किए गए हैं।


**उमंग: सभी सेवाओं के लिए एक प्लेटफॉर्म**

उमंग एप सभी सरकारी सेवाओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह विभिन्न सरकारी विभागों में 2,000 से ज्यादा सेवाओं तक पहुंचने के लिए एक एकल डिजिटल गेटवे बन गया है। इसके 8.21 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं, जिनमें 597 करोड़ से ज्यादा लेन-देन हुए हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान एक और अहम योजना है।

---


## खबर संक्षेप

### सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर की हत्या



**बठिंडा।** यहां बुधवार देर शाम को चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल की पार्किंग में खड़ी गाड़ी से सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर कमल कौर उर्फ कंचन कुमारी का शव बरामद हुआ। कमल कौर लक्ष्मण बस्ती, लुधियाना की रहने वाली थी। कौर 9 जून को मां को कहकर निकली थी कि वह बठिंडा में प्रमोशनल इवेंट के लिए जा रही है। 10 जून को हत्या हो गई।

### बहन के प्रेमी की काटी थी गर्दन, उम्रकैद



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में 11 साल पूर्व हुई नृशंस हत्या के मामले में अपर एवं सत्र न्यायधीश ने अभियुक्त श्रीराम यादव को दोषी पाया है। कोर्ट ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका है। थाना खुखुंदू क्षेत्र के ग्राम जुआफर के श्रीराम यादव की बहन माना देवी की शादी ग्राम पिपरा शुक्ल में हुई थी। उससे वह नाराज था।

### गौरव बने आर्थिक सलाहकार के सदस्य



**नई दिल्ली।** प्रख्यात अर्थशास्त्री प्रोफेसर गौरव वल्लभ को प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। गौरव वल्लभ को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। वे इस उच्च स्तरीय निकाय में एक अर्थशास्त्री के रूप में शामिल हुए हैं, जो प्रधानमंत्री के मुख्य आर्थिक विचार-मंच में एक अहम विस्तार माना जा रहा है।

### पुलिस के खिलाफ टिप्पणी, रेवंत बरी



**हैदराबाद।** तेलंगाना की एक अदालत ने पुलिस पर टिप्पणी करने के मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को गुरुवार को बरी कर दिया। पुलिस के खिलाफ कथित तौर पर टिप्पणी करने के लिए 2023 में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था। सांसद-विधायक अदालत ने कहा कि आरोपी को दर्ज मामले में दोषी नहीं पाया गया।

### विवि के प्रोफेसर रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार



**शिलांग।** सीबीआई नेबताया कि प्रयोगशाला उपकरणों की आपूर्ति में भ्रष्टाचार के आरोप में मेघालय के शिलांग स्थित पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर को गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय विविव में जैविक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर और डीन एन साहा और विक्रेता प्रांजल शर्मा को 3.43 लाख रुपए की रिश्वत के लेनदेन के दौरान गिरफ्तार किया गया।

---

## ओडिशा के भद्रक में मवेशी तस्करी को लेकर झड़प

# बवाल में एक की मौत के बाद इलाके में तनाव, कई हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद


### संवेदनशील इलाकों में 700 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर/भद्रक

मवेशी तस्करी को लेकर हुई झड़प में एक व्यक्ति की मौत के बाद उत्पन्न तनाव के मद्देनजर ओडिशा के भद्रक जिले के कई हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भद्रक के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनोज राउत ने बताया कि कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए सुबह 6 बजे से 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने भद्रक के संवेदनशील इलाकों में 700 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए हैं। पूर्वी रेंज (बालासोर) के उप महानिरीक्षक ने कहा कि तिहिडी घटना के सिलसिले में 12 आरोपियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 27 प्लाटून तैनात की गई हैं, जो सामुदायिक संवाद में लगी हुई हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

*सुबह 6 बजे से 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी*

*शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 27 प्लाटून तैनात रहेंगे*





### लोगों से शांति की अपील

लोगों से शांति और सहयोग की अपील की गई है। एसपी ने बताया कि पांच क्षेत्रों भद्रक नगर पालिका, भद्रक ब्लॉक, धामनगर एनएसी, धामनगर ब्लॉक और तिहिडी ब्लॉक में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। मृतक की पहचान कासती गांव के संतोष परिदा (45) के रूप में हुई है। एसपी राउत ने कहा कि भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार रात परिदा की मौत हो गई।

### सीएम ने 10 लाख मुआवजा और नौकरी देने की घोषणा की

परिवार के सदस्यों द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि मवेशी तस्करी का विरोध करने पर परिदा पर एक प्रतिद्वंद्वी समूह के सदस्यों ने कथित तौर पर हमला किया था। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मृतक के परिवार के एक सदस्य को 10 लाख मुआवजा और नौकरी देने की घोषणा की है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि हम शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं और शांति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

## उधर, बंगाल में उपद्रवियों ने मचाया तांडव

### पुलिस पर किया पथराव और वाहनों को किया आग के हवाले, 12 गिरफ्तार

24 परगना। पश्चिम बंगाल के महेशतला इलाके में बुधवार को रवींद्रनगर-अकराइलाके से हिंसक झड़पों की खबर सामने आई है। यहां भीड़ और पुलिस के बीच टकराव इतना बढ़ गया कि पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें डीसी (पोर्ट) हरीकृष्ण पाईभी शामिल हैं। भीड़ ने दो सरकारी गाड़ियों में तोड़फोड़ की, एक बाइक को आग के हवाले कर दिया गया। स्थिति को काबू में लाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का सहारा लिया। इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किए जाने की खबर है और 4 केस दर्ज किए गए हैं।





### भीड़ ने पुलिस को बनाया निशाना

हिंसा की शुरुआत रवींद्रनगर थाना क्षेत्र में तब हुई जब भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने अचानक पुलिस पर पथराव कर दिया। शुरुआत में पुलिस बल कम था, इसलिए पुलिस को पीछे हटना पड़ा। बाद में जब रैपिड ऐक्शन फोर्स और सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे तो उन्होंने मोर्चा संभाला। भीड़ को तितर-बितर किया गया, लेकिन कुछ ही दूरी पर संतोषपुर में भीड़ फिर इकट्ठा हो गई और दोबारा पुलिस से भिड़ गई। इस दौरान पुलिसकर्मी फिर घायल हुए।

### हिंसा की वजह-जमीन का मालिकाना हक

स्थानीय लोगों के अनुसार विवाद की जड़ जमीन का मालिकाना हक था। बताया गया कि जिस जगह पर एक अल्पसंख्यक व्यापारी की दुकान थी, वहां ईद के दौरान उनकी गैरमौजूदगी में कुछ लोगों ने 'तुलसी मंच' बना दिया। दूसरी ओर से आरोप लगे कि वह दुकान मंदिर की जमीन पर बनी थी। इस

**हिंदुओं पर हो रहे हमले**

भाजपा नेता और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने हिंसा की निंदा की और कहा कि इसमें हिंदू परिवारों को निशाना बनाया गया है। अर्धसैनिक बलों की तैनाती की मांग की।

---

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का आरोप

## अयोध्या को 'मदिरामय नगरी' बनाकर भाजपा सरकार ने श्रद्धा का किया अपमान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने अयोध्या में शराब की बिक्री और महाकुंभ में हुई मौतों के सही आंकड़े छिपाने को लेकर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या की पवित्रता को भंग कर उसे मदिरामय बना दिया है।

नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में हुई पत्रकार वार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने एक वीडियो दिखाते हुए कहा कि 01 मई को अयोध्या नगर निगम की कार्य समिति ने 13 किलोमीटर के मार्ग पर शराब और मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया था। इसके बावजूद श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में साहबगंज, अंगूरी बाग, विकासगंज के अलावा अयोध्या कैंट के बस स्टेशन के पास शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं। सरकार शराब से पैसे कमा रही है और उसने अयोध्या को मदिरामय बना कर श्रद्धा का अपमान किया है। राय ने इसे हिंदुत्व की बात करने वाली सरकार द्वारा अयोध्यावासियों के माथे पर लगाया गया एक कलंक बताया। दूसरा वीडियो दिखाते हुए अजय राय ने महाकुंभ में हुई भगदड़ में मौतों के सरकारी आंकड़ों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार के मुताबिक 29 जनवरी को हुई घटना में 37 लोगों की मौत हुई थी, जबकि एक प्रमुख समाचार समूह की रिपोर्ट के अनुसार, वहां 82 लोगों की मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने 36 लोगों को 25-25 लाख और 26 लोगों को पांच-पांच लाख रुपए दिए, लेकिन ये भुगतान राजस्व अधिकारियों के बजाय पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए, जो कि गलत है। राय ने सवाल किया कि पुलिस कैसे गई, पुलिस किसके कहने से गई थी और किस तरीके से जाकर पुलिस ने लोगों को पैसे दिए और उनसे अंगूठे लगवाए, दस्तखत करवाए। ये एक बड़ा प्रश्न है कि सरकार ने किस तरीके से पुलिस को वहां पर भेजा? उन्होंने यह भी बताया कि अधिकारी गांवों में पहुंचे और परिवारों से झूठे पत्रों पर हस्ताक्षर कराए गए कि उनके परिजनों की मौत अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण हुई थी।

अजय राय ने आगे कहा कि महाकुंभ भगदड़ में हुई 19 मौतों को सरकार ने पूरी तरह से नकार दिया है; न उनका कोई रिकॉर्ड है, न उन्हें कोई मुआवज़ा दिया गया और न ही कहीं उनका ज़िक्र किया गया, मानो वे सरकार की नजरों में कभी अस्तित्व में थे ही नहीं। इसके अलावा भाजपा के पूर्व महासचिव गोविंदाचार्य के छोटे भाई के.एन. वासुदेवाचार्य को बिना किसी क़ानूनी वारिस वाला घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि वासुदेवाचार्य का दाह संस्कार बनारस के हरिश्चंद्र घाट पर लावारिस की तरह किया गया। उन्होंने गाजीपुर के एक दरोगा अंजनी राय का भी जिक्र किया, जिनकी मौत का कारण सरकार ने हार्ट अटैक बता दिया था, जबकि उन्होंने भीड़ को बचाने की कोशिश में अपनी जान गंवाई थी। अजय राय ने कहा कि योगी सरकार पर जनता झूठ बोलने और रहे हैं और केवल ठगने का आरोप लगाया।

---

## एआईसीसी एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का पद संभालते ही राजेंद्र पाल गौतम ने उठाई दलित, ओबीसी, आदिवासी और वंचित वर्ग के युवाओं की बात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस एससी विभाग के नवनियुक्त चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम ने आज पदभार ग्रहण किया। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता करते हुए राजेंद्र पाल गौतम ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय और संविधान संरक्षण की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

गौतम ने कांग्रेस के योगदान को याद करते हुए कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर को संविधान ड्राफ्टिंग कमेटी का चेयरमैन बनाया और उन्होंने देश को संविधान देकर सभी नागरिकों को समान अधिकार दिए। उन्होंने कांग्रेस सरकार द्वारा ट्राइबल सब-प्लान के तहत जमीन और आवासीय प्लॉटों के पट्टों के वितरण और इंदिरा गांधी के कार्यकाल में बैंकों के राष्ट्रीयकरण व सार्वजनिक उपक्रमों की स्थापना से लाखों नौकरियों के सृजन का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा खोले गए शिक्षा और आरक्षण के रास्तों ने ही बहुजन समाज को आगे बढ़ने का अवसर दिया। दलित, ओबीसी, आदिवासी और अन्य वंचित वर्गों के छात्रों के साथ हो रहे अन्याय को लेकर भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए गौतम ने कहा कि मोदी सरकार में डॉ. अंबेडकर द्वारा दिए गए 70 प्रतिशत अधिकार छीन लिए गए हैं और शेष 30 प्रतिशत भी धीरे-धीरे छीने जा रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने शिक्षा के निजीकरण और उसकी बढ़ती लागत पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने शिक्षा को काफी महंगा बना दिया है। तमाम पाठ्यक्रमों की फीस लाखों रुपए में है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने छात्रों की स्कॉलरशिप में भी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं, जिससे वंचित वर्गों के बच्चे पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय पर स्कॉलरशिप न मिलने के कारण बच्चों पर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है और वे आत्महत्या जैसे गंभीर कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं।

गौतम ने एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक बच्चों के लिए बने छात्रावासों और आवासीय स्कूलों की बदहाली पर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि इनमें लाइब्रेरी, किताबों, साफ-सफाई, इंटरनेट और पौष्टिक भोजन जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। कांग्रेस नेता ने हाल ही में गुजरात पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा किए गए पक्षपात का हवाला दिया, जहां एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा में सामान्य वर्ग के बच्चों से ज्यादा अंक प्राप्त किए, लेकिन इंटरव्यू में उन्हें 100 में से केवल 20 से 35 अंकों के बीच नंबर दिए गए, जबकि सामान्य वर्ग के परीक्षार्थियों को 80-90 नंबर मिले।

उन्होंने सफदरजंग मेडिकल कॉलेज के उस मामले को भी याद दिलाया, जिसमें 25 एससी छात्रों को जानबूझकर फेल किया गया था, बाद में कोर्ट के आदेश पर उनकी उत्तर पुस्तिकाओं की दूसरी यूनिवर्सिटी से जांच करवाई गई और वे सभी पास हो गए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें उन वर्गों की आवाज उठाने की जिम्मेदारी दी है, जिनके साथ अन्याय हो रहा है और वे इस लड़ाई को पूरी ईमानदारी से लड़ेंगे।

## अल्पसंख्यक संस्थानों में 11वीं के दाखिले में कोटा तय नहीं होगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी जिसमें अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी)और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए 11वीं की सीट आरक्षित करने के लिए कहा गया है। न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक और न्यायमूर्ति एन आर बोरकर की पीठ ने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों में संवैधानिक/सामाजिक आरक्षण लागू करने के लिए सरकार के स्कूली शिक्षा और खेल विभाग द्वारा छह मई को जारी किए गए प्रस्ताव को चुनौती देने वाली कुछ अल्पसंख्यक संस्थानों द्वारा दायर याचिकाओं पर यह आदेश दिया।

◆ *बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार के आदेश पर रोक*

### अगली सुनवाई 6 अगस्त को होगी

उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की दलीलों में दम नजर आया और इसलिए आरक्षण का आदेश लागू नहीं होगा। पीठ ने सरकार को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई 6 अगस्त को होगी।

---

## चुनाव में गड़बड़ियों का झूठा दावा अब क्यों, राहुल के आरोपों पर सामने आए महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव आधिकारी

# चुनाव के वक्त कांग्रेस के 28 हजार 421 बीएलए क्या कर रहे थे?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा 'महाराष्ट्र चुनाव में हुई कथित चुनावी धांधली' को लेकर अखबारों में लिखे गए लेखों के बाद पहली बार महाराष्ट्र मुख्य चुनाव अधिकारी ने पूरी तरह बेबुनियाद और सरासर झूठी और भ्रामक खबर बताई। इससे पहले देश के मुख्य चुनाव आयुक्त कार्यालय इस बात का इंतजार करता रहा कि कांग्रेस पार्टी की तरफ से राहुल गांधी के लिखे लेख के संदर्भ में कुछ जानकारी मांगने समय लिया जाएगा लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। लिहाजा मामला चूंकि महाराष्ट्र चुनाव से संबंधित था तो इस बार मोर्चा संभाला महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव अधिकारी ने। राहुल गांधी द्वारा उठाये गये सवालों पर बारी बारी से जवाब देते हुए उन्होंने कहा, निर्वाचक नामावलियों में निर्वाचकों के नाम जोड़ने या हटाने के बारे में चौंकाने वाले दावे किए गए हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि भारतीय चुनावी कानून निर्वाचकों के किसी भी केंद्रीकृत रूप से नाम जोड़ने या हटाने का प्रावधान नहीं करते हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के प्रावधानों के अनुसार, लगभग एक लाख बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा क्षेत्र सत्यापन और कांग्रेस सहित राजनीतिक दलों के साथ सूचनाओं को सक्रिय रूप से साझा करने के बाद, राज्य भर में फैले 288 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा मतदान केंद्रवार निर्वाचक नामावलियां तैयार की गई थी, जिनमें आपत्तियां और अपील दर्ज करने के पर्याप्त अवसर थे। निर्वाचक नामावलियों में कोई भी नाम जोड़ना/हटाना/संशोधन करना पात्र व्यक्तियों द्वारा भरे गए व्यक्तिगत वैधानिक प्रपत्रों के माध्यम से होता है।

अगस्त 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ठीक पहले, निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण किया गया था और लगभग एक लाख मतदान केंद्रों के लिए मसौदा और अंतिम मतदाता सूचियों की एक प्रति (सॉफ्ट और हार्ड कॉपी में) सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों को दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए सौंप दी गई थी, जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) भी शामिल थी।

- महाराष्ट्र के बारे में लेख में दिए गए आंकड़े को भ्रामक बताते हुए वास्तविक रूपरेखा मीडिया से साझा की गई।
- विधानसभा चुनाव 2019 से लेकर लोकसभा चुनाव 2004 तक 1.39 करोड़ नए निर्वाचकों की वृद्धि और 1.07 करोड़ नए निर्वाचकों के नाम हटाए जाने के कारण निर्वाचकों की संख्या में 32.25 लाख की विशुद्ध वृद्धि हुई।
- लोकसभा चुनाव 2024 से लेकर विधानसभा चुनाव 2024 के बीच कुल 48.82 लाख निर्वाचक जुड़े थे और 8 लाख निर्वाचक हटाए गए थे। इस प्रकार, लोकसभा चुनाव 2024 के बाद निर्वाचकों की विशुद्ध वृद्धि 40.81 लाख थी। जोड़े गए 26 लाख से अधिक मतदाता 18 से 29 वर्ष की आयु के युवा निर्वाचक हैं।
- इस प्रकार, विधानसभा चुनाव 2019 से लोकसभा चुनाव 2024 तक निर्वाचकों की कुल जोड़ी गई संख्या 1.39 करोड़ थी और लोकसभा 2024 से लेकर विधानसभा 2024 तक निर्वाचकों की जोड़ी गई कुल संख्या 48.82 लाख थी।

जहां तक, अनुमानित वयस्क जनसंख्या से निर्वाचकों की संख्या अधिक होने के मुद्दे का संबंध है, अधिकारी ने बताया कि किसी सांख्यिकीय साधन के माध्यम से कोई भी जनसंख्या अनुमान निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने या हटाने से रोकने या अनुमति देने का आधार नहीं हो सकता है, क्योंकि निर्वाचकों का पंजीकरण जनता से प्राप्त वास्तविक व्यक्तिगत फॉर्म, फील्ड सत्यापन और ईआरओ द्वारा प्रत्येक फॉर्म पर लिए गए निर्णय के आधार पर किया जाता है, जिसमें निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया के अनुसार हर कदम पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ जानकारी साझा की जाती है। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के दौरान, प्रत्येक मान्यताप्राप्त राजनीतिक दल के बूथ लेवल एजेंट प्रतिदिन प्रक्रिया में शामिल होते हैं। कांग्रेस ने महाराष्ट्र में 28 हजार 421 बीएलए नियुक्त किए थे।

### मतदाता सूचियां साझा करना

निर्वाचक नामावलियों का भागीदारीपूर्ण कार्यकलाप के माध्यम से प्रतिवर्ष पुनरीक्षण किया जाता है। इस वार्षिक कार्यकलाप के दौरान, निर्वाचक नामावलियों को पहली बार मसौदा चरण में और दूसरी बार इसके अंतिम रूप दिए जाने के बाद, कांग्रेस सहित मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के साथ निःशुल्क साझा किया जाता है। इसी तरह का कार्यकलाप वर्ष 2009, 2014, 2019 और 2024 में किया गया था और ऐसी निर्वाचक नामावलियों की प्रतियाँ कांग्रेस के साथ-साथ अन्य राजनीतिक दलों के साथ साझा की गई थीं। विधानसभा चुनाव 2024 के संचालन के लिए उपयोग की जाने वाली निर्वाचक नामावली की एक पूरी प्रति भी जनता के लिए निःशुल्क डाउनलोड करने के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर 2.82 फीसदी पर

# फल, सब्जियों के दाम घटने से मई में खुदरा महंगाई 75 माह के निचले स्तर पर आई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फलों एवं सब्जियों की कीमतों में नरमी से मई में खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई। यह लगातार चौथा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से कम रही है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 3.16 प्रतिशत और मई, 2024 में 4.8 प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति का पिछला निचला स्तर फरवरी, 2019 में रहा था जब यह 2.57 प्रतिशत थी।

■ आरबीआई के चार फीसदी के औसत लक्ष्य से कम रही

■ सीपीआई पर मई 2024 में 4.8 प्रतिशत पर रही

■ मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 प्रतिशत पर रही



### अक्टूबर 2021 के बाद सबसे कम

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी महीने में 8.69 प्रतिशत थी। मई, 2025 की खाद्य मुद्रास्फीति का यह आंकड़ा अक्टूबर, 2021 के बाद सबसे कम है।

### खाद्य व पेय उत्पादों की अहम भूमिका रही

सरकार ने आरबीआई को यह दायित्व दिया हुआ है कि खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर सीमित रखा जाए। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने इन आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछले महीने खुदरा मुद्रास्फीति और भी कम होकर 75 महीने के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गई जिसमें खाद्य एवं पेय उत्पादों की अहम भूमिका रही।

### चीनी एवं मिठाई और अंडे की कीमतों में नरमी

एनएसओ ने एक बयान में कहा, ''मई, 2025 के महीने में मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से दालों एवं उत्पादों, सब्जियों, फलों, अनाज एवं उत्पादों, घरेलू सामान एवं सेवाओं, चीनी एवं मिठाई और अंडे की कीमतों में नरमी और अनुकूल आधार प्रभाव के कारण है।''

### देश भर में सबसे कम महंगाई तेलंगाना में

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, मई के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति 2.59 प्रतिशत थी, जबकि शहरी भारत में यह 3.07 प्रतिशत रही। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सबसे अधिक मुद्रास्फीति केरल में 6.46 प्रतिशत दर्ज की गई। इसके बाद पंजाब (5.21 प्रतिशत), जम्मू-कश्मीर (4.55 प्रतिशत), हरियाणा (3.67 प्रतिशत) और उत्तराखंड (3.47 प्रतिशत) का स्थान रहा। वहीं देशभर में सबसे कम खुदरा महंगाई दर तेलंगाना में 0.55 प्रतिशत रही।

### रेपो दर में कुल एक फीसदी की कटौती हुई

नायर ने कहा कि यह आंकड़ा रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के नीतिगत दरों में कटौती के निर्णय को मान्यता देता है। एमपीसी ने फरवरी से लेकर जून की समीक्षा तक रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती की है।

### अगस्त में ब्याज दरें अपरिवर्तित रहेगी

नायर ने कहा, ''फिलहाल हमें उम्मीद है कि अगस्त, 2025 की नीतिगत समीक्षा में ब्याज दरें अपरिवर्तित रहेंगी। फिर भी हम अक्टूबर, 2025 में 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं।'' एनएसओ सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को समाहित करने वाले 1,114 शहरी बाजारों और 1,181 गांवों से आंकड़े जुटाता है।

## सोना 850 रुपए उछला चांदी में गिरावट

*नई दिल्ली। विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 850 रुपये उछलकर 99,340 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। हालांकि, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 100 रुपये घटकर 1,07,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक श्रीराम अय्यर ने कहा, ''अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने सुरक्षित निवेश की मांग को फिर से बढ़ा दिया। इसके साथ अमेरिका में उम्मीद से कमजोर मुद्रास्फीति के आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना को बढ़ा दिया है।*

### रुपया सात पैसे टूटकर 85.60 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट और कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी के बीच बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 85.60 (अस्थायी) पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले कमजोर डॉलर ने नुकसान को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 85.43 पर खुला। यह 85.43 और 85.65 के दायरे में कारोबार करने के बाद अंक में 85.60 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद से सात पैसे की गिरावट है। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, 'कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचने के बाद तेल कंपनियों द्वारा डॉलर खरीदने से भारतीय रुपया 85.43 प्रति डॉलर पर पहुंचने के बाद आज (बृहस्पतिवार) गिर गया।'

### स्कोडा बिक्री दोगुना करने पुराने कार कारोबार का विस्तार करेगी

**नई दिल्ली।** चेक गणराज्य की कार विनिर्माता कंपनी स्कोडा अपने पुरानी कारों के कारोबार को बढ़ाने, सीएनजी खंड में उतरने और बिक्री नेटवर्क का विस्तार करने पर विचार कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी का लक्ष्य इस साल भारतीय बाजार में बिक्री को दोगुना करना है। पिछले साल देश में करीब 36,000 कारें बेचने वाली कंपनी को उम्मीद है कि उसके एसयूवी खंड (अब एक कॉम्पैक्ट एसयूवी भी शामिल) से देश में उसकी बिक्री और बाजार हिस्सेदारी बढ़ेगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने बातचीत में कहा, ''हम इस साल अपनी बिक्री को दोगुना से अधिक करने की योजना बना रहे हैं।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 05/2025–26 दिनांक 17.04.2025**

**ii) निविदा संख्या 15245006A, 14.07.2025 को देय है।**

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 13.06.2025 से बढ़ाकर 14.07.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1755/25

**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

**सं. 128-W/280/e Tender Notice/ NIT-28 & 29-25-26-W-II** **दिनांक: 11.06.2025**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT -30 | **कार्य का नामः-** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के कार्यक्षेत्र व सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अनुभाग में 1. गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर सामुदायिक हॉल का निर्माण और 2. SSE/W/M/GZB और SSE/W/E/GZB के अंतर्गत टैंकरों के माध्यम से पीने के पानी की आपूर्ति, (जिसमें रास्ते के स्टेशन और LC शामिल हैं) आदि का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** :– IREPS पर NIT के अनुसार। **बयाना राशि (रुपये)** :– IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 08.07.2025 15:00 hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है।। | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलबध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1754/25


### वन मोबिक्विक की कर्मियों को इसॉप देने की घोषणा

नई दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स ने कंपनी के पात्र कर्मचारियों को 3,27,688 शेयर विकल्प देने (इसॉप) की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, प्रत्येक शेयर विकल्प दो रुपये अंकित मूल्य के एक पूर्ण चुकता शेयर में परिवर्तनीय है। विकल्पो का मूल्य अंकित मूल्य पर ही निर्धारित किया गया है। ये विकल्प 'लॉक-इन' अवधि के अधीन नहीं होंगे और चार वर्ष में दिए जाएंगे होंगे। इसमें कहा गया, कंपनी के निदेशक मंडल की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति ने एक प्रस्ताव के माध्यम से 12 जून, 2025 को कंपनी के पात्र कर्मचारियों को मोबिक्विक कर्मचारी शेयर विकल्प योजना 2014 के अंतर्गत 3,27,688 शेयर विकल्प प्रदान करने को मंजूरी दी है।''


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 823 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 823 अंक लुढ़क गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,000 अंक से नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बाजार नुकसान में रहा और निवेशकों को 5.98 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

■ निफ्टी 25,000 अंक से नीचे फिसला

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 823.16 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,691.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 991.98 अंक तक का गोता लगा गया था। निफ्टी भी 253.20 अंक टूटकर 24,888.20 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ, पिछले छह कारोबारी सत्रों से निफ्टी में जारी तेजी थम गयी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, टाइटन, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा शामिल हैं।रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''इजराइल और ईरान के बीच नए सिरे से तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि... समेत कई कारणों से बिकवाली हुई।



### बोइंग का शेयर नौ प्रतिशत टूटा

*इस बीच, 242 यात्रियों और चालक दल को लेकर लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान बृहस्पतिवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग के शेयर में बृहस्पतिवार को बाजार खुलने से पहले (प्री-मार्केट) के कारोबार में करीब नौ प्रतिशत की गिरावट आई।*

## चीन के दुर्लभ खनिज पर लगाए प्रतिबंध पर बातचीत के संकेत





एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन ने दुर्लभ पृथ्वी खनिजों के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर भारत के साथ बातचीत का बृहस्पतिवार को संकेत देते हुए कहा कि वह औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को स्थिर रखने के लिए संबंधित देशों के साथ बातचीत और सहयोग बढ़ाने को तैयार है।

चीन ने प्रमुख दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर हाल ही में प्रतिबंध लगा दिए हैं। इस वजह से भारत सहित कई देशों में वाहन एवं सेमीकंडक्टर चिप के निर्माण में व्यापक व्यवधान उत्पन्न हुआ है। चीनी विदेश मंत्रालय में प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, ''हम वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थिरता को संयुक्त रूप से बनाए रखने के लिए संबंधित देशों और क्षेत्रों के साथ बातचीत और सहयोग बढ़ाने को तैयार हैं। जियान ने पीटीआई-भाषा के एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। उनसे पूछा गया था कि क्या चीन भारत को दुर्लभ पृथ्वी धातुओं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने को तैयार है, क्योंकि उसने अमेरिका और यूरोपीय संघ को निर्यात लाइसेंस जारी करना शुरू कर दिया है। इस संबंध में विशिष्ट जानकारी के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक, भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने चीनी उप मंत्री सन वेइदोंग से मुलाकात की और द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की। स दौरान रावत ने अन्य बातों के अलावा "साझा चिंताओं" पर भी चर्चा की।

■ औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को स्थिर रखने सहयोग बढ़ाने तैयार


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद इसरार, पुत्र असलम निवासी ई–101, गली नंबर 10, नूर इलाही उत्तरी गोंडा, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 140/2019 भा.द.सं. की धारा 392/411/34 के तहत, थाना शकरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इसरार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इसरार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 140/2019 भा.द.सं. की धारा 392/411/34 के तहत, थाना शकरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इसरार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पी. भार्गव राव**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05, पूर्वी जिला, कोर्ट नं.03**
**दूसरी मंजिल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7054/ED/2025**

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका रतिया फतेहाबाद | प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन। | बंद होने की तिथि 23.06.2025 | 9.75 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9996678131 secratia@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35599/I/88/7 दि. 12.06.25

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | एचटीईटी 2024 और अन्य परीक्षाओं हेतु सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम के लिए। | 12.06.2025 25.06.2025 | 1 करोड़ | http://www.bseh.org.in | 9991415007 ascc@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35597/I/88/7 दि. 12.06.25

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद हांसी | एम.सी. हांसी में विभिन्न स्थानों पर रोप लाइट की रैपिंग। | 09.06.2025 18.06.2025 | 3.19 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7015778071 eomchansi@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35595/I/88/7 दि. 12.06.25



## राशिफल


**मेष** आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।


**वृष** धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**मिथुन** मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।


**कर्क** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**सिंह** नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।


**कन्या** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।


**तुला** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**वृश्चिक** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।


**धनु** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार–चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।


**मकर** शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**कुंभ** भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।


**मीन** मन में उतार–चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग–दौड़ भी अधिक रहेगी।

## ओला के 'कृत्रिम' ने एआई असिस्टेंट 'कृति' किया पेश

एजेंसी : नई दिल्ली

ओला समूह की कृत्रिम मेधा (एआई) इकाई 'कृत्रिम' ने बृहस्पतिवार को अपना खुद का एआई असिस्टेंट 'कृति' पेश किया। इसे कैब बुकिंग, खानपान का सामान ऑर्डर करने, बिल भुगतान, तस्वीरें बनाने और गहन शोध जैसे कार्यों को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है।कंपनी का दावा है कि 'कृति' भारत का पहला एआई असिस्टेंट है जो चैटबॉट की निष्क्रिय प्रतिक्रियाओं से आगे बढ़कर निर्देशित कार्य को अपने स्तर पर पूरा करने और उन्नत तार्किक क्षमताओं की पेशकश करता है। 'कृत्रिम' ने बयान में कहा कि कृति असिस्टेंट आवाज और लिखित शब्द दोनों पर ही काम करता है। उपयोगकर्ता के पिछले संवाद को याद रख सकता है यह उपयोगकर्ता के पिछले संवाद को याद रख सकता है और उसकी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं देता है। यह एआई असिस्टेंट 13 भारतीय भाषाओं में काम करता है और मोबाइल फोन पर भी इस्तेमाल के लिए इसे अनुकूलित किया गया है। हमने कृति को भारतीयों के जीने के तरीके के हिसाब से काम करने के लिए बनाया है। बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम और सहज। अग्रवाल ने कहा कि यह एआई असिस्टेंट बेहद व्यक्तिगत, अविश्वसनीय रूप से सक्षम और रोजमर्रा की जटिलता को दूर करने के लिए तैयार है।

### कृति पर सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध

कंपनी ने कहा कि कृति असिस्टेंट पर ये सुविधाएं उपयोगकर्ताओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि यह एआई असिस्टेंट विभिन्न ऐप एवं सेवाओं के साथ भी एकीकृत होता है, संदर्भ से जुड़ी मदद देता है और उपयोगकर्ताओं को कई ऐप के बीच आवाजाही की जरूरत को भी कम करता है।

### सामग्री को पढ़कर सुनाने की भी सुविधा

*कृति की बहुआयामी क्षमताएं कृत्रिम के अपने शक्तिशाली एआई मॉडल 'वी2' और कुछ मुक्त-स्रोत एआई मॉडल के दम पर संचालित होती हैं। इसका लक्ष्य भारतीय उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखकर और कम खर्चीला एआई असिस्टेंट मुहैया कराना है। इसके अलावा कृति शोध गतिविधियों, तस्वीरों के निर्माण और सामग्री को पढ़कर सुनाने जैसी सुविधाएं भी प्रदान करता है।*

### शब्द पहेली - 5896




**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5895 का हल**





# अभ्यास मैच : मौजूदा फॉर्म और गेंदबाजी संयोजन पर होगी भारतीय टीम प्रबंधन की नजर



एजेंसी ▶▶| बेकेनहैम

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है। यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी श्रृंखला से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।



### खाली स्टेडियम में अभ्यास

मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था।



### गेंदबाजों का होगा आकलन

इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है। इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों।

### टेस्ट श्रृंखला को बनाएं यादगार

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' से बाहर निकलने और संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला को 'यादगार' बनाने को कहा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी।

### हम भारत की चुनौती के लिए तैयार

**लंदन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं।' मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, 'वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं।'

## खबर संक्षेप



### पहली रग्बी प्रीमियर लीग 15 से मुंबई में

**नई दिल्ली।** पहली रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी।

### चोटिल शुचि की जगह राधा को मिली जगह

**मुंबई।** बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को 28 जून से शुरू होने वाले पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए गुरुवार को चोटिल शुचि उपाध्याय की जगह भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया।



बीसीसीआई ने कहा, 'महिला चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम शुचि उपाध्याय की जगह राधा यादव को शामिल किया है। शुचि को बायीं पिंडली में चोट लगने के कारण दौरे से बाहर होना पड़ा। इस चोट का पता बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में दौरा पूर्व शिविर के दौरान चला।'

### हॉकी: गोल खारिज होने से अर्जेंटीना से हारा भारत

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड)।** भारत का आखिरी मिनटों में पेनल्टी पर किया गया गोल नाटकीय परिस्थितियों में खारिज कर दिया गया और फिर जुगराज सिंह गोल करने में विफल रहे जिससे टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है। ड्रैग फ्लिकर जुगराज ने चौथे मिनट में ही मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन टॉमस डोमेने (नौवें और 49वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिला दी।

### ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट पर 144 रन कुल बढ़त 218 रन हुई

**लंदन।** कप्तान कैट कमिंस के छह विकेट की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 138 रन पर ढेर करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां दूसरी पारी में आठ विकेट पर 144 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 218 रन तक पहुंचाई। कमिंस (28 रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 57.1 ओवर में सिर्फ 138 रन पर सिमट गई जिससे पहली पारी में 212 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली। मिचेल स्टार्क ने भी 41 रन देकर दो विकेट चटकाए।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में किया शानदार प्रदर्शन

# कमिंस ने छठे बार लिए 5+ विकेट, 300 शिकार पूरे करने वाले 8वें ऑस्ट्रेलियाई

एजेंसी ▶▶| लंदन

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। कमिंस ने मैच की पहली पारी में फाइव विकेट हॉल पूरे किए। डब्ल्यूटीसी के मौजूदा चक्र में सबसे ज्यादा बार फाइव विकेट हॉल भी कमिंस के नाम हो गए हैं। उन्होंने छठी बार डब्लूटीसी 2023-25 चक्र में ऐसा किया। इतना ही नहीं, कमिंस मौजूदा डब्लूटीसी चक्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। उनके नाम अब तक 2023-25 चक्र में 79 विकेट हो चुके हैं। उन्होंने दोनों ही मामलों में भारत के जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ दिया है।

कमिंस की शानदार गेंदबाजी की मदद से दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 138 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 212 रन बनाए थे, इस तरह कंगारू टीम को 74 रनों की बढ़त हासिल हुई। ऑस्ट्रेलिया के लिए कमिंस ने छह विकेट लिए, जबकि मिचेल स्टार्क को दो और जोश हेजलवुड को एक सफलता मिली। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि टीम के सिर्फ चार बल्लेबाज ही दहाई अंक तक पहुंच सके। कमिंस का यह प्रदर्शन डब्लूटीसी फाइनल में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कमिंस ने इस मामले में काइल जैमिसन को पीछे छोड़ जिन्होंने 2021 में भारत के खिलाफ 31 रन देकर पांच विकेट लिए थे।




### 300 विकेट पूरे करने वाले आठवें ऑस्ट्रेलियाई

कमिंस ने इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट पूरे कर लिए हैं और वह ऐसा करने वाले आठवें ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हैं। कमिंस ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले छठे गेंदबाज भी बन गए हैं। वह ग्लेन मैक्ग्रा, मिचेल स्टार्क, डेनिस लिले, मिचेल जॉनसन और ब्रेट ली की सूची में शामिल हो गए हैं।

### कप्तान के तौर पर नौवीं बार झटके पांच विकेट

कमिंस ने कप्तान के तौर पर नौवीं बार एक पारी में पांच या इससे अधिक विकेट झटके हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा बार फाइव विकेट हॉल पूरे करने वाले कप्तान इमरान खान हैं जिन्होंने 12 बार ऐसा किया है। कमिंस और रिची बेनॉड नौ-नौ बार ये उपलब्धि हासिल कर इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

### दोनों टीमों का नंबर-एक बल्लेबाज शून्य पर आउट

इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट 1880 से खेला जा रहा है। तब से इस फाइनल से पहले तक इस देश में 561 टेस्ट हुए, लेकिन कभी यह रिकॉर्ड नहीं बना। अब फाइनल में पहली बार ऐसा हुआ है कि इंग्लैंड में किसी टेस्ट में दोनों टीमों का पहले नंबर का बल्लेबाज (पहली गेंद पर स्ट्राइक लेने वाला बल्लेबाज) अपनी-अपनी पहली पारी में खाता नहीं खोल सका हो। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा शून्य पर आउट हुए थे। उन्हें रबाडा ने पवेलियन भेजा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में एडेन मार्करम भी खाता नहीं खोल पाए। यह अनचाहा रिकॉर्ड इंग्लैंड में 145 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार बना। ओवरऑल (सभी देशों को मिलाकर) ऐसा 10वीं बार हुआ है।

### आईएसएसएफ विश्व कप

# सिफत कौर ने 50 मीटर राइफल में जीता कांस्य



एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए।

नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया।

### त्रिकोणीय श्रृंखला खेलने की योजना बना रहा पाक

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड एशिया कप के रद्द या स्थगित होने की स्थिति में यूएई और अफगानिस्तान के साथ अगस्त में त्रिकोणीय श्रृंखला आयोजित करने के लिए बातचीत कर रहा है। एशिया कप को सितंबर में खेला जाना है और इसकी मेजबानी का अधिकार भारत के पास है। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले स्वीकार किए गए हाइब्रिड मॉडल के अनुसार पाकिस्तान इस टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगा। एशिया कप के आयोजन को लेकर अस्पष्टता के बीच पीसीबी ने अफगानिस्तान बोर्ड के साथ बातचीत शुरू कर दी है। अफगानिस्तान को सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए अगस्त में पाकिस्तान का दौरा करना है। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, 'पाकिस्तान और भारत के बीच खराब होते संबंधों के कारण अब एशिया कप की भारत में सितंबर में होने की संभावना नहीं है, इसलिए पीसीबी एक और त्रिकोणीय श्रृंखला के प्रस्ताव पर काम कर रहा है।'

### अद्वितीय उपलब्धि

# लगातार 35 घंटे गोल्फ खेल केलेची ने बनाया 'विश्व रिकॉर्ड'



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकार्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली।

केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। केलेची ने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था। एजीही ने इसके बाद पूरी प्रतिबद्धता दिखाई तथा बारिश, थकान और पैरों में दर्द के बावजूद हार नहीं मानी और आखिर में ब्रिटेन के आइजैक रोलैंड्स को पीछे छोड़ने में सफल रहे। उन्होंने कहा, 'मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि मैं विश्व चैंपियन हूं। यह एक ऐसा अवसर है जो बहुत से लोगों को नहीं मिलता। यह निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं भविष्य में अपने बच्चों और अपने पोते पोतियों को जरूर बताऊंगा।'

### 126 होल खेले

अपने दोस्तों, टॉर्च और अंधेरे में चमकने वाली गोल्फ गेंदों के साथ 27 वर्षीय एजीही ने रविवार को शाम लगभग 6:30 बजे हंटिंगटन क्रीसेंट क्लब में खेलना शुरू किया और मंगलवार सुबह 5:30 बजे के बाद अपना अंतिम पुट लगाया। इस बीच उन्होंने कुल 126 होल खेले।

### हर घंटे पांच मिनट का ब्रेक

गिनीज के नियमों के तहत उन्हें हर घंटे पांच मिनट का ब्रेक दिया गया। यही नहीं उन्होंने नियमों का पालन करते हुए हर राउंड के आखिर में 20 मिनट का ब्रेक भी लिया। लंदन स्थित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रवक्ता काइली गैलोवे ने कहा कि संस्था के विशेषज्ञों को सबूतों की समीक्षा करने और यह घोषित करने में 12 से 15 सप्ताह लगते हैं कि कोई रिकॉर्ड बनाया गया है या नहीं। उन्होंने कहा कि अभी किसी के भी नाम पर सबसे लंबे समय तक लगातार गोल्फ खेलने का रिकॉर्ड दर्ज नहीं है और जो कोई भी आवेदन करता है उसे कम से कम 24 घंटे खेलना चाहिए।

### लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के बाद पोलैंड के कोच ने दिया इस्तीफा

**वारसॉ।** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबॉल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा, 'मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।' प्रोबिएरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में फिनलैंड के खिलाफ विश्व कप



क्वालीफायर की पूर्व संध्या पर बार्सिलोना के स्ट्राइकर लेवांडोव्स्की को टीम के कप्तान के पद से हटा दिया और उनकी जगह इंटर मिलान के मिडफील्डर पिओटर जिलिंस्की को नया कप्तान नियुक्त किया था। लेवांडोव्स्की को यह फैसला नागवार गुजरा और उन्होंने घोषणा की कि जब तक प्रोबिएरज मुख्य कोच बने रहेंगे, तब तक वे राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेलेंगे। पोलैंड को फिनलैंड से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है।

# विंबलडन ने की रिकॉर्ड 6.23 अरब रुपए की पुरस्कार राशि की घोषणा

एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन के मेजबान 'ऑल इंग्लैंड क्लब' के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड (लगभग 6.23 अरब रुपए) कर दी गई है। एकल वर्ग के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड (लगभग 34.93 करोड़ रुपए) की राशि मिलेगी।

यह रकम पिछले साल की तुलना में सात प्रतिशत और 3.5 मिलियन पाउंड अधिक है। यह 10 साल पहले इस 'ग्रास-कोर्ट' ग्रैंड स्लैम में प्रतियोगियों मिलने वाली राशि से दोगुना है। 'ऑल इंग्लैंड क्लब के अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा, 'हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि पिछले 10 वर्षों में हमने पुरस्कार राशि में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की है। हमने इस वर्ष पिछले आयोजन की तुलना में



लगभग सात प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।' इस साल के पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को पिछले साल के पुरस्कारों की तुलना में 11.1% अधिक राशि मिलेगी। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 66,000 पाउंड (लगभग 76 लाख रुपए) मिलेंगे, जो पिछले साल की तुलना में 10% अधिक है। विंबलडन का आगाज 30 जून से होगा जबकि इसका समापन 13 जुलाई को होगा।

### बाबर, रिजवान, अफरीदी टी20 टीम का हिस्सा नहीं



**कराची।** पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला में सीनियर खिलाड़ियों बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी को किसी भी तरह की भूमिका देने की संभावना से इनकार कर दिया है। आकिब जावेद, अलीम डार, अजहर अली और असद शफीक सहित पाकिस्तानी चयनकर्ता अगले सप्ताह वेस्टइंडीज और बांग्लादेश में होने वाली श्रृंखला के लिए टी20 टीम की घोषणा कर सकते हैं। ये दोनों श्रृंखलाएं जुलाई-अगस्त में खेली जाएंगी।

### भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने किया गिल का बचाव

# 'कप्तान 1-2 महीने में नहीं बनते', शुभमन को दें मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद गिल युग की शुरुआत हो रही है। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई है। इस सीरीज की शुरुआत 20 जून से हो रही है। गिल को टेस्ट में कप्तानी का कोई अनुभव नहीं है, ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या गिल इंग्लैंड में कोई कमाल कर पाएंगे।

इस बीच भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने गिल का बचाव किया है। भज्जी ने कहा है कि शुभमन गिल को कप्तान के तौर पर




उभरने के लिए समय लगेगा। टेस्ट सीरीज से पहले हरभजन सिंह ने गिल की तारीफ करते हुए कहा कि उनमें पूर्व कप्तानों की विरासत को आगे बढ़ाने की क्षमता है। युवा खिलाड़ी बल्लेबाज के तौर पर अपनी सफलता को कप्तानी में भी ट्रांसफर कर सकता है। उसे इस अवसर पर उभरने के लिए बस कुछ समय चाहिए। हरभजन ने कहा, हर कप्तान में विरासत को आगे ले जाने की क्षमता होती है। कप्तान 1-2 महीने में नहीं बनते।

आप गिल को कुछ समय दें, वह मौके पर खरे उतरेंगे और आप देखेंगे कि कप्तान के तौर पर वह कितने सक्षम हैं। हम उन्हें बल्लेबाज के तौर पर पहले ही देख चुके हैं कि वह 'गिल साहब दी ग्रेट' हैं। भज्जी ने कहा, हमें उम्मीद है कि भारत एक बार फिर इंग्लैंड की धरती पर अच्छा प्रदर्शन करेगा। शुभमन गिल और टीम इंडिया को शुभकामनाएं। यह एक युवा टीम है, लेकिन 'दम वाली टीम' है।

### 4-1 से जीती थी टी20 सीरीज

2024 में जिम्बाब्वे दौरे पर पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली गई थी। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने इस सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया था। गिल ने दिसंबर 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अपने करियर में अब तक 32 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान 59 पारियों में उन्होंने 35.05 की औसत और 59.92 की स्ट्राइक रेट से 1893 रन बनाए हैं। टेस्ट में गिल 5 शतक के साथ ही 7 अर्धशतक भी लगा चुके हैं।




# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मस्क की माफी को किया 'स्वीकार', तनाव खत्म करने के दिए संकेत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

व्हाइट हाउस ने बताया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की ओर से हाल ही में की गई टिप्पणियों के लिए मांगी गई माफी को स्वीकार कर लिया है। इससे दोनों मशहूर हस्तियों के बीच चल रहा तनाव कम होने का संकेत मिला है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने बुधवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में संवाददाताओं को यह जानकारी दी।

लेविट ने कहा कि मस्क की कंपनियों के साथ सरकारी अनुबंधों की समीक्षा नहीं की जा रही। इससे पहले, मस्क ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मैं पिछले सप्ताह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में अपनी कुछ पोस्ट पर खेद जताता हूं। मस्क का एक समय ट्रंप के साथ करीब का रिश्ता था और जिन्हें तकनीकी जगत में उनका 'पहला दोस्त' कहा जाता था। इन सहयोगियों ने हाल के दिनों में फोन कॉल और टेक्स्ट संदेशों के जरिए मस्क के साथ अपने व्यक्तिगत तालमेल का इस्तेमाल करके तनाव कम करने की कोशिश की है।

## यह माफी शुक्रवार को मस्क, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स के बीच हुई बातचीत के बाद आई, जिसमें कथित तौर पर इस झगड़े पर विस्तार से बात की गई थी

### ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे



*व्हाइट हाउस बोला- लोगों के काम और कारोबार पर ध्यान देंगे*

*मस्क ने ट्रंप के साथ अपनी सभी पोस्टों को भी डिलीट किया*

**मस्क के सरकारी अनुबंधों की समीक्षा नहीं**

*लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ने बुधवार सुबह एलन के बयान को स्वीकार किया है और उसकी सराहना करते हैं। हम अमेरिका के लोगों के काम और कारोबार पर ध्यान देना जारी रखेंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या ट्रंप प्रशासन ने मस्क के सरकारी अनुबंधों की समीक्षा शुरू कर दी है, जिसके बारे में राष्ट्रपति ने पहले विचार करने का संकेत दिया था, तो लेविट ने साफ कहा कि जहां तक मुझे पता है, अभी तक इस दिशा में कोई काम नहीं किया गया है।*

### यौन अपराधी एप्स्टीन से जोड़ा था ट्रंप का रिश्ता

**मस्क ने ट्रंप को खुद फोन किया**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को बताया कि सोशल मीडिया पर माफीनामा पोस्ट करने से पहले मस्क ने ट्रंप को सोमवार को देर रात फोन किया था। इसके बाद उन्होंने बुधवार को एक सार्वजनिक बयान जारी किया। इसमें उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी, जिससे पिछले हफ्ते विवाद हुआ था। यह माफी शुक्रवार को मस्क, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स के बीच हुई बातचीत के बाद आई, जिसमें कथित तौर पर इस झगड़े पर विस्तार से बात की गई थी।

एलन मस्क की एक पोस्ट में ट्रंप का रिश्ता एक यौन अपराधी एप्स्टीन से जोड़ा गया था। इसके अलावा उन्होंने ट्रंप के महाभियोग की भी मांग की थी। ट्रंप ने 7 जून को कहा था कि उनका इलॉन मस्क के साथ रिश्ता खत्म हो गया है। इसके बाद ट्रंप ने मस्क को धमकाया था कि अगर उन्होंने विपक्षी डेमोक्रेट्स का साथ दिया तो गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे।

### 'बिग ब्यूटीफुल बिल' के समर्थन का आग्रह

*प्रमुख रिपब्लिकन सांसद और ट्रंप के करीबी सहयोगी चुपचाप मस्क से राष्ट्रपति के साथ सुलह करने और उनके प्रशासन की प्रमुख कानूनी पहल 'बिग ब्यूटीफुल बिल' का समर्थन करने का आग्रह कर रहे हैं। इस विधेयक को सीनेट में कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। ट्रंप-मस्क में 5 जून को बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर बहस तब शुरू हुई जब ट्रंप ने मीडिया से कहा, इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के कानून में कटौती की बात पर मस्क को दिक्कत होने लगी।*

---

## सैन फ्रांसिस्को में भारत का वाणिज्य दूतावास मामले पर बेहद करीब से रख रहा है निगरानी

# लॉस एंजेलिस में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच जरूरी सुरक्षा उपायों को अपनाएं भारतीयः जायसवाल

## भारत ने जताई उम्मीद, पीएम मोदी की कनाडा यात्रा से पिघलेगी दोनों देशों के संबंधों में जमी हुई बर्फ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर जारी प्रवासियों के हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बीच गुरुवार को भारत की प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें विदेश मंत्रालय में आयोजित की गई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में मामले पर पूछे गए प्रश्नों के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें इस पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी है।



हम अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। लॉस एंजेलिस और कैलिफोर्निया में बड़ी तादाद में भारतीय रहते हैं। इन तमाम तथ्यों के मद्देनजर सैन फ्रांसिस्को में मौजूद भारत का वाणिज्य दूतावास समूचे घटनाक्रम पर बेहद करीब से निगरानी बनाए हुए है। साथ ही उसके द्वारा क्षेत्र में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी गई है कि मौजूदा हालात को देखते हुए वो उचित सुरक्षा उपायों को अपनाएं। इसके अलावा हमारा दूतावास भारतीय समुदाय के लोगों के साथ उनके कल्याण के लिए लगातार निकट संपर्क में बना हुआ है।

### अवैध प्रवासियों को बाहर करने में जुटे ट्रंप

यहां बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अवैध प्रवासियों को तेजी के साथ अपने देश से बाहर करने की कवायद के बीच संचार के विभिन्न माध्यमों पर कैलिफोर्निया के इस सबसे बड़े शहर लॉस एंजेलिस से प्रवासियों के विरोध प्रदर्शनों की हिंसक तस्वीरें सामने आ रही हैं। जिसके बाद स्थिति पर काबू पाने के लिए प्रशासन द्वारा अमेरिकी नेशनल गार्ड के दस्ते और मरीन कमांडो की भी तैनाती की गई है। अमेरिकी प्रशासन की तरफ से बीते समय में कुल करीब 15 लाख लोगों (अवैध रूप से रह रहे) को अमेरिका से बाहर करने का निर्णय लिया गया है। जिनमें 18 हजार भारतीय भी शामिल हैं।

### पीएम की कनाडा यात्रा से सामान्य होंगे संबंध

भारत-कनाडा संबंधों को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 की बैठक में शामिल होने के लिए कनाडा की यात्रा करेंगे। इसके लिए बीते सप्ताह उन्हें कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अपनी एक फोन कॉल के जरिए आमंत्रित किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्नी के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने उम्मीद जताते हुए कहा कि जी-7 की बैठक में भाग लेने के लिए की जाने वाली भारत के प्रधानमंत्री की कनानसकीस (कनाडा) की यात्रा के दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच प्रस्तावित बैठक जहां एक ओर द्विपक्षीय, वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा करने का अवसर प्रदान करेगी। वहीं, दूसरी ओर इससे आपसी सम्मान, साझा हितों और एक-दूसरे की चिंताओं को लेकर संवेदनशीलता के आधार पर पुनः राजनयिक संबंधों को सामान्य बनाने का भी अवसर मिलेगा। दोनों नेताओं की फोन पर हुई ये बातचीत केवल निमंत्रण तक ही सीमित नहीं थी। बल्कि इसका उपयोग दोनों शीर्ष नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने और भविष्य में आपसी सहयोग के रास्ते तलाशने के लिए भी किया। उन्होंने कहा, इन मुद्दों में से कुछ पर हमारे विचार सार्वजनिक रूप से पहले ही साझा किए जा चुके हैं।

### भारत-कनाडा को बताया जीवंत लोकतंत्र

*भारत और कनाडा को जीवंत लोकतंत्र बताते हुए कहा कि दोनों देश साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से आपस में जुड़े हुए हैं। पीएम मोदी की यात्रा को लेकर दोनों देशों के मध्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सहयोग से जुड़े एक प्रश्न को लेकर जायसवाल ने कहा कि दोनों देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सहयोग का एक तंत्र मौजूद है। जिसके जरिए समय-समय पर सुरक्षा चिंताओं से जुड़े हुए मुद्दों पर चर्चा की जाती रही है। उन्होंने आशा जताई की प्रधानमंत्री की इस यात्रा से भविष्य में भी इसका यह जुड़ाव जारी रहेगा।*

### दुर्लभ खनिजः चीन के संपर्क में भारत

*मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मिनरल्स) के निर्यात पर नियंत्रण को लेकर अप्रैल की शुरुआत में चीन द्वारा घोषित किए गए निर्णय को लेकर हम चीनी पक्ष के संपर्क में हैं। यह निर्णय चीन के वाणिज्य मंत्रालय सीमा शुल्क के सामान्य प्रशासन द्वारा लिया गया है। भारत अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के हिसाब से व्यापार के लिए आपूर्ति श्रृंखला में पूर्वानुमान लाने के लिए दिल्ली और बीजिंग में चीनी पक्ष के साथ संपर्क में है।*

## बांग्लादेश में रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर तोड़फोड़ के मामले पर भारत की खरी-खरी

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को सिराजगंज में मौजूद गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में की गई तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से इसमें शामिल चरमपंथियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया है। यहां राजधानी में आयोजित की गई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक अंदाज में कहा कि हम बीते 8 जून को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर की गई तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा करते हैं।

- **बोले रणधीर जायसवाल, चरमपंथियों पर लगाम लगाए बांग्लादेश**

यह नोबेल पुरस्कार विजेता की यादों, समावेशी दर्शन और उनकी शिक्षाओं का अपमान है। जिसका उनके द्वारा बांग्लादेश में समर्थन किया गया था। हम बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से आग्रह करते हैं कि वो चरमपंथियों की लगाम कसे। जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। दुर्भाग्य से यह एक दोहराने वाली स्थिति बन गई है। उन्होंने ये भी कहा कि भारत, बांग्लादेश के साथ सकारात्मक और रचनात्मक संबंध स्थापित करना चाहता है। जायसवाल के मुताबिक, ये हमला बांग्लादेश में चरमपंथियों द्वारा सहिष्णुता के प्रतीकों को मिटाने, वहां की समकालीन संस्कृति व सांस्कृतिक विरासत को समाप्त करने के व्यवस्थित प्रयासों की प्रक्रिया का हिस्सा मात्र है।


### सीमा पार आतंकवाद से जुड़ा पहलगाम हमला

उन्होंने पाकिस्तान को लेकर अमेरिकी जनरल की हालिया आई प्रतिक्रिया पर कहा, पहलगाम हमला सीमा पार आतंकवाद का हालिया सामने आया मामला है। पाकिस्तान क्या है? मुंबई आतंकी हमले का एक साजिशकर्ता अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया है। उन्होंने सभी को याद दिलाते हुए कहा कि हममें से कोई नहीं भूलेगा कि ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान ने ही शरण दी थी। उसे ढूंढने में मदद प्रदान करने वाले डॉ.शकील अफरीदी पाकिस्तानी सेना की कस्टडी में हैं।

---

## तीन नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म, चार गिरफ्तार

**पणजी।** उत्तरी गोवा जिले के एक गेस्ट हाउस में तीन नाबालिग लड़कियों से दो लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।



इस मामले में पुलिस ने गेस्ट हाउस के मालिक और मैनेजर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस मामले में अब तक चार लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, लड़कियों की उम्र 11, 13 और 15 साल है। इनमें दो लड़कियां बहनें हैं। सभी एक ही इमारत में रहती हैं। इनके साथ कलगुंट इलाके में स्थित गेस्ट हाउस में दो लोगों ने दुष्कर्म किया।

## केरल तट से जहाज को दूर ले जाया गया

# सूखे केमिकल से शिप में आग बुझाने के प्रयास जारी

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के तट पर अरब सागर में सिंगापुर का झंडा लगे जहाज एमवी वान हाइ 503 की आग बुझाने के लिए भारतीय तटरक्षक बल, भारतीय नौसेना और अन्य एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।

हालांकि अभी भी पूरी तरह से आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। भारतीय तटरक्षक बल के डाइवर्स और बचाव विशेषज्ञों की एक टीम जहाज पर चढ़ने में सफल हुई है। 40 फीसदी आग पर ही काबू पाया जा सका है। जहाज को धीरे-धीरे इसे केरल तट से दूर ले जाया जा रहा है। यह जहाज श्रीलंका के कोलंबो से मुंबई जा रहा था।



### बचाव विशेषज्ञ हालात पर नजर रख रहे

बचाव विशेषज्ञ टीम के प्रमुख जहाज से हालात पर नजर रखे हुए हैं। तटरक्षक बल के जहाज समुद्र प्रहरी और समर्थ आग बुझाने के काम में जुटे हैं। नौसेना द्वारा एयरक्राफ्ट से जहाज के ऊपर सूखा केमिकल गिराया जा रहा है। ताकि आग को बुझाया जा सके और उसे फैलने से भी रोका जाए।

## एनआईए की जांच में बड़ा खुलासा

# विदेश भागने की फिराक में थे लॉरेंस गैंग के 40 गुर्गे, योजना हुई असफल

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खुलासा किया है कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ में फैले लॉरेंस गैंग के करीब 40 गैंगस्टर विदेश भागने की फिराक में थे। ये सभी लॉरेंस के करीबी उत्तराखंड निवासी राहुल सरकार के संपर्क में थे। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और चंडीगढ़ में बड़ी वारदात को अंजाम दिलवाने के बाद आरोपी राहुल सरकार को मैसेज भेजकर उसके शूटरों या गैंगस्टरों को विदेश भेजने का बंदोबस्त कराता था। एनआईए ने अंदेशा जताया है कि सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड और बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में शामिल शूटरों को भी विदेश भगाने में राहुल ने मदद की।

### 40 में से 22 गैंगस्टर सिर्फ पंजाब के

एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि इन 40 गैंगस्टरों में से 22 सिर्फ पंजाब के हैं, जो आरोपी राहुल सरकार के संपर्क में थे।



2022 में हुए सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपी सचिन थापन को भी विदेश भागने में राहुल सरकार ने मदद की थी। एनआईए ने पंजाब पुलिस के साथ इनपुट साझा किए हैं। अधिकारी ने बताया आरोपी राहुल सरकार अब तक लॉरेंस गैंग के 50 से ज्यादा गैंगस्टरों को फर्जी पासपोर्ट पर विदेश भेज चुका है।




## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा, ईरान में सैन्य ऑपरेशन की तैयारी में इजराइल

# अमेरिका ने अपने अतिरिक्त सैनिकों और उनके परिवारों को वापस बुलाया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है। एक तरफ इजराइल और हमास के बीच लड़ाई जारी है। वहीं ईरान और इजराइल में भी तनातनी बढ़ रही है।



अमेरिका के साथ ईरान की परमाणु समझौते पर भी बातचीत पटरी से उतरती दिख रही है। ऐसे में बिगड़ते हालात के बीच अमेरिका ने एक बड़ा कदम उठाया है और पश्चिम एशिया से अपने गैर जरूरी और अतिरिक्त सैनिकों को वापस बुलाने का फैसला किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि अपनी ताजा समीक्षा के बाद हमने इराक स्थित अपने दूतावास से कर्मचारियों की संख्या घटाने का फैसला किया है। साथ ही बहरीन और कुवैत से भी अतिरिक्त सैनिकों और दूतावास कर्मचारियों के साथ ही उनके परिवार के लोगों को भी बुलाने का फैसला किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी अतिरिक्त कर्मचारियों को पश्चिम एशिया से वापस बुलाने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि हमारे लोगों की सुरक्षा हमारे लिए सबसे अहम है।

- *अमेरिका और ईरान के मध्य परमाणु समझौते पर नहीं बनी कोई बात*
- *ईरान, इराक, बहरीन और कुवैत से दूतावास कर्मचारी वापस बुलाए*

### अमेरिकियों को घर और विदेश में सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध ट्रंप

अमेरिकी विदेश विभाग और सेना ने कहा है कि वो मध्य पूर्व में केवल उन्हीं लोगों को रखेंगे, जिनकी वहां वाकई जरूरत है, क्योंकि परमाणु वार्ता विफल होने के कारण पड़ोसी ईरान के साथ तनाव बढ़ गया है। विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकियों को घर और विदेश दोनों जगह सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने सभी दूतावासों में उचित कर्मियों की स्थिति का लगातार आकलन कर रहे हैं। हमने इराक में अपने मिशन के पदचिह्न को कम करने का फैसला किया है। साथ ही बहरीन और कुवैत में भी अपने दूतावासों से गैर-जरूरी कर्मचारियों और उनके परिवारों को बाहर निकलने की छूट दी है।

### सैनिकों की तैनाती में 11.44 अरब खर्च होंगे

ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में सीरिया और ईराक से भी अधिक सैनिक उतार दिए हैं। इन सैनिकों की तैनाती पर अगले 60 दिन में लगभग 11.44 अरब रुपये खर्च होने का अनुमान है। बता दें ट्रंप की इमिग्रेशन नीति के खिलाफ तेज हो रहे विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए ट्रंप प्रशासन ने लॉस एंजिलिस में कर्फ्यू लागू कर दिया है। कर्फ्यू की पहली रात पुलिस ने 20 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया, अधिकतर पर कर्फ्यू उल्लंघन का आरोप है। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने भीड़ नियंत्रण गोलों का इस्तेमाल भी किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109